# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 11 जून 2025 । वर्ष –69 । अंक –206 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



- महाकुंभ भगदड़ पर नए ..
- मोदी के 11 साल .. 04
- खतरनाक मटेरियल की तस्करी, अमेरिका...
- पाक सांसद के छूटे पसीने, विदेशी एंकर ने ... 09
- पिछले 2 सालों में निवेशकों को सोने-चांदी...
- भारत में एफडीआई में कोई गिरावट नहीं.. 11
- निकोलस पूरन ने ..
- आस्ट्रेलिया ने की.. 10


सार संक्षेप

## कोरोना मामलों की संख्या 7 हजार के करीब पहुंची

- कोरोना से मरने वालों की संख्या 68 हुई
- पिछले 24 घंटों के दौरान तीन की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** देशभर में कोराना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह तक 6815 पहुंच गई और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 68 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार आज सुबह आठ बजे तक 324 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,815 हो गई और इस बीमारी के संक्रमण से 7644 मरीज स्वस्थ हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से तीन और मरीजों की जान जाने से मृतकों की संख्या 68 हो गई है। इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी, केरल और झारखंड से एक–एक मरीज की मौत हुई है।

**केरल में सबसे ज्यादा मामले–** मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश में 30 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। कोरोना संक्रमण के मामले में केरल सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, जहां आज सुबह तक 96 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ इसका आंकड़ा दो हजार पार कर 2053 तक पहुंच गया और दिल्ली में लगभग 37 मामलों के घटने से संक्रमितों की कुल संख्या 691 रह गई। इसके अलावा गुजरात में 1109, पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 613, कर्नाटक में 559, तमिलनाडु में 207, उत्तर प्रदेश में 225, राजस्थान में 124, हरियाणा में 108, आंध्र प्रदेश में 86, पुड्डुचेरी में नौ, सिक्किम में 36, मध्य प्रदेश में 52, छत्तीसगढ में 44, बिहार में 48, ओडिशा में 39, पंजाब में 30, जम्मू–कश्मीर में नौ, झारखंड में छह, असम में तीन, गोवा में पांच, तेलंगाना में 10, उत्तराखंड में छह, हिमाचल प्रदेश तीन, चंड़ीगढ़ में दो और त्रिपुरा में एक सक्रिय मामले हैं।



### अमेरिका में गृहयुद्ध जैसे हालात..

# शहर दर शहर उपद्रव, आगजनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद भी लड़खड़ा रहे हैं और उनकी विवादित नीतियों से देश भी लड़खड़ाने लगा है। ट्रंप काल में अमेरिका अपने सबसे बुरे दौर में है। बीते तीन दिन से लॉस एंजिल्स में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। हॉलीवुड की मशहूर हस्तियों की नगरी में दिन के उजाले में ही दंगे हो रहे हैं। लॉस एंजिल्स के हाईवे पर दंगाईयों का कब्जा हो चुका है। उपद्रवियों ने यहां पर कई सेल्फ ड्राइविंग कारों में आग लगा दी।

दंगे की आग न्यूयॉर्क तक भड़की हुई है। सवाल उठ रहे हैं कि अमेरिका में शहर-शहर उपद्रव क्यों हो रहा है, अमेरिका में किस मुद्दे पर प्रदर्शनकारी बनाम पुलिस हो रहा है, क्या अमेरिका में गृह्युद्ध जैसे हालात क्यों बन गए हैं?

जलते लॉस एंजिल्स में रात के समय प्रदर्शनकारियों पर पुलिस डायरेक्ट फायर कर देती है। यहां भी सड़क पर आगजनी से दहशत का मंजर है। गाड़ियां रात में भी जलाई गई हैं। प्रदर्शनकारियों पर काबू पाने के लिए पुलिस की फायरिंग सरेआम हो रही है। डाउनटाउन से पैरामाउंट और कॉम्पटन तक हिंसा जबरदस्त हो रही है। कई वीडियो में प्रदर्शनकारियों का तांडव भी दिखा है। फेडरल ऑफिस को घेरकर अधिकारियों पर हमला किया गया। एक प्रदर्शनकारी को काबू करने में तीन–तीन पुलिसवाले जुटे हुए थे, लेकिन प्रदर्शनकारी ने तीनों पुलिसवालों की पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गया। कई प्रदर्शनकारियों ने हाथ में मैक्सिको का झंडा लेकर हिंसा की। हालात पर काबू पाने के लिए ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### नेशनल गार्ड्स की तैनाती से बढ़ी नाराजगी

अमेरिका में ट्रंप जब से राष्ट्रपति बने हैं, तब से उन्होंने डिपोर्टेशन पॉलिसी लागू की हुई है। इसका असर ये हुआ कि अमेरिका में जो भी अवैध अप्रवासी मौजूद हैं, उन्हें पकड़–पकड़कर अमेरिका से बाहर उनके देश भेजा जा रहा है। इसी सिलसिले में लॉस एंजिल्स में 6 और 7 जून को एक विशेष अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत जगह जगह छापे मारे गए थे। इसी के बाद से वहां विरोध प्रदर्शन तेज हो गए। अवैध प्रवासियों पर एक्शन के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी झंडे जला दिए। कई गाड़ियां फूंक दीं। पुलिस के साथ जगह–जगह हाथापाई हुई। कई जगह दुकानें लूट ली गईं।

### एलन मस्क ने भी उठा दिए सवाल

लॉस एंजिल्स में भड़के दंगो पर एलन मस्क ने एक पोस्ट मे लिखा कि ये उचित नहीं है कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसॉम ने भी ट्रंप के फैसले को अनुचित और कठोर बताया, लेकिन ट्रंप जिद पर अड़े हैं। ट्रंप सरकार ने अवैध प्रवासियों के पंजीकरण पर भी सख्ती की है। रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का नियम बनाया है। यही वजह है कि अमेरिका में शोले भड़क रहे हैं और लॉस एंजिल्स इसका सेंटर बना है।

### बनास नदी में 11 युवक डूबे

# 8 की मौत, 3 लापता

**टोंक।** राजस्थान के टोंक जिले में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां जयपुर से घूमने आए 11 युवक नदी में डूब गए हैं। इनमें से 8 युवकों की मौत हो गई है और बाकी तीन लापता हैं। इस हादसे की जानकारी मिलने के तुरंत बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। प्रशासन ने नदी के आसपास रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने और बिना किसी जरूरी काम के नदी में ना उतरने की अपील की है।

### एक को बचाने में एक के बाद एक डूबते चले गये

टोंक के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस विकास सांगवान ने प्रेस से कहा, '25 से 30 साल की उम्र के 11 लोगों का एक ग्रुप नहाने के लिए नदी में उतरा था। तभी वे गहरे पानी में चले गए।' उन्होंने कहा, 'उन्हें बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनमें से आठ को मृत घोषित कर दिया।' एसपी ने बताया कि यह अभी साफ नहीं हो पाया कि वह गहरे पानी में कैसे चले गए। उन्होंने बताया कि मृतक जयपुर से पिकनिक मनाने आया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बनास नदी की पुरानी पुलिया के पास में सभी ने पानी में उतरकर नहाना शुरू किया। नहाते समय पहले एक युवक डूबने लगा। उसी को बचाने की कोशिश में एक के बाद सभी डूबते चले गए। इस हादसे की घटना मिलने के बाद सआदत हॉस्पिटल के बाहर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई।

**सीएम भजनलाल शर्मा ने जताया दुख–** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'टोंक जिले में स्थित बनास नदी में युवकों की डूबने से हुई मृत्यु का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। अधिकारियों को त्वरित रूप से रेस्क्यू एवं राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# प्रदेश की 20,600 सुदूर बसाहटों को मुख्य मार्ग से जोड़ने 21 हजार 630 करोड़ खर्च करेगी सकरार



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि–परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई।

मंत्रि–परिषद द्वारा मुख्यमंत्री मजरा–टोला सड़क योजना अंतर्गत प्रदेश के सुदूर बसाहटों मजरा/टोला/धोनी/पुरा इत्यादि को बारहमासी सम्पर्कता प्रदान करने 21 हजार 630 करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार योजना का क्रियान्वयन 2 चरणों में किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक पहले चरण एवं वित्तीय वर्ष 2030–31 से 2034–35 तक दूसरे चरण में कुल अनुमानित 30 हजार 900 कि.मी. मार्ग का निर्माण होगा। योजना का क्रियान्वयन राज्य मद से किया जायेगा। योजना के संबंध में मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की साधिकार समिति को निर्णय लिये जाने के लिए अधिकृत किया गया है।

- मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना अंतर्गत 30 हजार 900 किलोमीटर सड़क का होगा निर्माण
- झाबुआ, सिंगरौली, देवास, नर्मदापुरम में वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण का अनुमोदन
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति के गठन होगा

### प्रदेश के बाहर से आयातित तुअर पर मंडी फीस से पूर्णत: छूट मिलेगी

मंत्रिपरिषद की स्वीकृति अनुसार न्यूनतम 20 आवास और 100 से अधिक जनसंख्या वाले 6 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले ऐसे क्षेत्र, जिसके 50 मीटर की दूरी में पूर्व से बारहमासी सड़क न हो, को बसाहट के अंतर्गत लिया जायेगा।

इसके लिए बसाहट की जनसंख्या के घटते क्रम में विधानसभा क्षेत्रवार प्राथमिकता सूची तैयार की जायेगी। सांसद, क्षेत्रीय विधायक और जिला पंचायत सदस्यों के परामर्श पर ग्रामीणजनों की स्थानीय आवश्यकता जैसे – सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के आधार पर बसाहटों की प्राथमिकता में कलेक्टर द्वारा लिपिबद्ध कारणों से सूची में परिवर्तन किया जा सकेगा। अंतिम प्राथमिकता सूची का राज्य स्तर पर प्रकाशन किया जायेगा।

#### मंत्रि–परिषद के निर्णय

मंत्रि–परिषद द्वारा प्रदेश में तुअर दाल उद्योगों की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश में बाहर से आयातित तुअर पर मंडी शुल्क से पूर्णत: छूट दिए जाने का निर्णय लिया गया। मंत्रि–परिषद द्वारा जिले के विकास योजना के लिए रोडमेप तैयार करने और जिले की दीर्घकालीन विकास योजनाएं बनाने के लिए सभी जिलों में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किये जाने का अनुमोदन दिया गया। जिला विकास सलाहकार समिति में जिले के प्रभारी मंत्री उपाध्यक्ष होंगे। सांसद, जिले के समस्त विधायक, जिला मुख्यालय के महापौर या नगरपालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिले के सभी जनपद अध्यक्ष के साथ उद्योग, व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाज सेवी, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। कलेक्टर समिति के सदस्य सचिव होंगे।

## पीड़ित महिलाओं ने यौन शोषण करने वाले को जिंदा जलाया

***गजपति।*** *ओडिशा के गजपति जिले में यौन उत्पीड़न के आरोपी को जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कथित तौर पर 60 वर्षीय व्यक्ति के यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के एक समूह ने उसकी हत्या कर दी। इस मामले में आठ महिलाओं समेत कुल दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है।*

*जिसके बाद पुलिस ने गांव से करीब दो किलोमीटर दूर एक जंगल के पास पहाड़ी से जली हुई अस्थियां और राख बरामद की हैं। पुलिस ने सोमवार को मृतक की हत्या के बारे में जानकारी दी। इस मामले में मोहना थाना प्रभारी बसंत सेठी का कहना है कि उन्हें पता चला कि उस व्यक्ति की हत्या कर दी गई थी और उसके बाद उसके शव को जला दिया गया था।*

*थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि इस मामले में गांव के एक वार्ड सदस्य सहित दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना तीन जून की रात को हुई जब व्यक्ति ने गांव में 52 वर्षीय विधवा के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। जिसके बाद उसके द्वारा यौन उत्पीड़न का शिकार हुई पीड़ितों सहित कुछ महिलाओं ने एक बैठक में व्यक्ति की हत्या की योजना बनाई थी।*

*पुलिस अधिकारी ने कहा कि महिलाएं 60 वर्षीय व्यक्ति के घर गईं, जहां वह सो रहा था, और 52 वर्षीय विधवा ने अन्य लोगों की मदद से उस व्यक्ति की हत्या कर दी। दो पुरुषों ने भी महिलाओं की सहायता की थी। गिरफ्तार की गई छह महिलाओं ने यह स्वीकार किया है कि वे उस व्यक्ति द्वारा यौन शोषण का शिकार हो चुकी थीं और उन्होंने इस पीड़ा को समाप्त करने के लिए यह कदम उठाया।*

### दिल्ली में अपार्टमेंट के सातवें फ्लोर पर लगी आग

## दो बच्चों व पिता ने छलांग लगाई, तीनों की मौत

**नई दिल्ली, देशबन्धु)।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में मंगलवार को आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न करीब 10–00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है। आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आपकी इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दिल्ली फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।




#### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

#### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-अमेरिका में गृह युद्ध जैसे हालात बन गये है।

**चुहिया- हां प्रिये**-दूसरे देशों के युद्ध बंद कराने का दावा करने वालों को अपने गिरेवान में भी झांक लेना चाहिये।









खुलासा

### चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आयी

# महाकुंभ भगदड़ में 82 लोगों की मौत का दावा

**प्रयागराज, (एजेंसियां)।** महाकुंभ में हुई भगदड़ को लेकर एक चौका देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि महाकुंभ में हुई भगदड़ में मरने वालों की संख्या 37 नहीं, बल्कि 82 है. जिसे सरकार ने छिपाने का काम किया है।

26 परिवार के लोगों से यूपी पुलिस ने तबियत बिगड़ने से मौत होने की बात लिखे हुए फार्म पर साइन कराया और उन्हें बदले में 5–5 लाख रुपए दिए गए। ये सारी बातें रिपोर्ट में कही गई हैं। बीबीसी हिंदी ने एक रिपोर्ट के जरिए दावा किया है कि योगी सरकार ने महाकुंभ में हुई भगदड़ में मौत के आंकड़े को छिपाने का काम किया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि महाकुंभ में कुल 82 लोग मारे गए हैं, जबकि सरकार ने 37 का आंकड़ा ही जारी किया। बात तो ये भी सामने आई कि भगदड़ में मारे गए लोगों से यूपी पुलिस ने जबरदस्ती साइन करवाया है कि उनके परिजन की मौत भगदड़ में नहीं, बल्कि बीमारी की वजह से हुई है। जिसके लिए 5–5 लाख रुपए दिए गए। पैसे देते हुए पुलिस का वीडियो भी मौजूद है।

### उप्र सरकार ने 37 का आंकड़ा ही जारी किया था

**26 परिवार को 5–5 लाख रुपए दिए गए–** रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 26 परिवार को 5–5 लाख रुपए दिए गए हैं। जिनमें से 18 परिवार उत्तरप्रदेश के, 5 बिहार के, 2 पश्चिम बंगाल के और 1 झारखंड का परिवार है। जिन पर दबाव डालकर कागजों मे साइन करवाया गया है। रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि उनके पास 82 लोगों के मौत के और पुलिस द्वारा पैसे देने के पुख्ता सबूत हैं।

**अखिलेश का भाजपा पर हमला–** अखिलेश यादव ने तो बीबीसी रिपोर्ट पर ट्वीट किया है। पूर्व सीएम ने लिखा–सबको देखना, सुनना, समझना और साझा करना चाहिए। सच्चाई की जांच ज़रूरी है, लेकिन उसे फैलाना भी उतना ही आवश्यक है।

उन्होंने बीजेपी पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी, उसके नेता और समर्थक आत्ममंथन करें। उन्होंने कहा– अगर कोई मौत पर भी झूठ बोल सकता है, तो जरा सोचिए, झूठ के साम्राज्य का ताज पहनने के लिए वह कितनी दूर जा सकता है।

# देश-विदेश

## रूस बनाएगा ईरान में आठ न्यूक्लियर प्लांट

**तेहरान, (आईएएनएस)।** ईरान के एटॉमिक चीफ ने घोषणा की है कि रूस दोनों देशों के बीच पहले से हस्ताक्षरित अनुबंध के तहत ईरान में आठ न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाएगा। ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति समिति के सदस्य तेहरान में एईओआई हेडक्वार्टर के दौरे पर पहुंचे, जहां ईरान के एटॉमिक एनर्जी ऑर्गेनाइजेशन (एईओआई) के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लामी ने इस बारे में जानकारी दी। मोहम्मद इस्लामी ने बताया कि आठ न्यूक्लियर रिएक्टर में से चार बुशहर के दक्षिणी प्रांत में बनाए जाएंगे। मोहम्मद इस्लामी ने मौजूदा बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट में यूनिट-2 और यूनिट-3 के चल रहे निर्माण पर सांसदों को जानकारी दी।

## अमेरिका में भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर किया निर्वासित

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के नेवार्क लिबर्टी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर निर्वासित किये जाने का वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में छात्र को जमीन पर लिटा हुआ दिखाया गया है, जबकि कम से कम चार अधिकारी उसे पकड़कर रखे हुए हैं, जिनमें से दो ने अपने घुटने उसकी पीठ पर रखे हुए हैं। उन्होंने छात्र के पैर और हाथ बांध दिए थे। वीडियो में दिख रहा है कि छात्र रो रहा है।

प्रत्यक्षदर्शी और भारतीय-अमेरिकी उद्यमी कुणाल जैन द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो में दिखाया गया है कि पुलिस अधिकारी भारतीय छात्र के साथ अपराधी जैसा व्यवहार कर रहे हैं। जैन ने कहा कि पुलिस अधिकारी कह रहे थे कि उन्हें हिंदी समझ में नहीं आती। वह हरियाणवी भाषा में बोल रहा था। मुझे लगा कि शायद मैं उसकी मदद कर सकता हूं। मैं वहां गया और एक पुलिस अधिकारी से पूछा कि क्या मैं उनकी बात समझने में उनकी मदद कर सकता हूं।



लेकिन उन्होंने मुझे ऐसा करने की अनुमति नहीं दी।

**कुणाल जैन बोले- युवक को विमान में चढ़ने नहीं दिया गया×** भारतीय-अमेरिकी सामाजिक उद्यमी कुणाल जैन द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए वीडियो में एयर पोर्ट अथॉरिटी पुलिस द्वारा भारतीय व्यक्ति को जमीन पर गिराकर हथकड़ी लगाई गई है। कुणाल ने अपने पोस्ट में कहा, इस लड़के के माता-पिता को नहीं पता होगा कि उसके साथ क्या हो रहा है। वह युवक उसी विमान में मेरे साथ सफर करने वाला था, लेकिन वह उसमें सवार नहीं हो सका।

## ऑस्ट्रिया के स्कूल में अंधाधुंध गोलीबारी 10 लोगों की मौत, हमलावर भी मारा गया

ऑस्ट्रिया के दूसरे सबसे बड़े शहर ग्राज में मंगलवार को भयानक गोलीबारी हुई। बीओआरजी ड्राइर्शुट्जेंगासे हाई स्कूल में फायरिंग की चपेट में आने से 10 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, सुबह 10 बजे स्कूल में गोलीबारी की सूचना मिली और तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई। ऑस्ट्रियाई गृह मंत्रालय ने पुष्टि की कि इस घटना में कई लोग मारे गए हैं, लेकिन मृतकों की सटीक संख्या अभी स्पष्ट नहीं की गई है। हालांकि, स्थानीय मीडिया में बताया गया कि 9 लोगों की मौत हुई है, जिनमें छात्र और शिक्षक शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर संभवत: स्कूल का ही एक छात्र था, उसने हमले के बाद आत्महत्या कर ली। ग्राज की मेयर एल्के कहर ने भी इस बात की पुष्टि की कि हमलावर मृतकों में शामिल है। घटना के बाद स्कूल को खाली करा लिया गया और सभी छात्रों व कर्मचारियों को पास के एएसकेओ स्टेडियम में सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी कि स्थिति अब नियंत्रण में है और कोई और खतरा नहीं है।



## भारत पहुंचा दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज, जल सलामी से हुआ भव्य स्वागत



दुनिया का सबसे बड़ा कंटेनर जहाज एमएससी इरिना भारत के विणिंगम बंदरगाह पर पहुंचा। यह जहाज 24,346 टीईयू की क्षमता और 399.9 मीटर लंबाई के साथ दक्षिण एशियाई तट पर पहली बार आया है। पारंपरिक जल सलामी के साथ इसका स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित इस गहरे पानी वाले बंदरगाह के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है।

एमएससी इरिना का आगमन भारत को वैश्विक ट्रांसशिपमेंट और लॉजिस्टिक्स में नई ऊंचाई पर पहुंचाने की दिशा में अहम कदम है। एमएससी इरिना ने सोमवार सुबह सुबह 8 बजे विणिंगम पोर्ट पर दस्तक दी। इसके स्वागत में पारंपरिक जल सलामी दी गई, जो भारत के समुद्री आतिथ्य की संस्कृति का प्रतीक है।

**विणिंगम पोर्ट की क्षमता का पहला बड़ा परीक्षण-** इस जहाज का आगमन विणिंगम गहरे पानी वाले बंदरगाह के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह वही बंदरगाह है, जिसका औपचारिक उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 मई 2025 को किया था। इस विशाल जहाज को हैंडल करना बंदरगाह की उच्च क्षमता और आधुनिक सुविधाओं को दर्शाता है।

**एमएससी इरिना की तकनीकी खासियत और क्षमताएं**

वहन क्षमता- 24,346 टीईयू (ट्वेंटी फुट एक्विवैलेंट यूनिट्स)

लंबाई- लगभग 399.9 मीटर

चौड़ाई- 61.3 मीटर

तुलना में, यह जहाज फीफा के एक मानक फुटबॉल मैदान से चार गुना लंबा है।


## कार्यालय, नगर पालिका परिषद् कोतमा, जिला-अनूपपुर (म. प्र.)

Office: Municipal Council Kotma Dt-Anuupur(M.P.)
Email-cmokotma@mpurban.gov.in Ph.-(07658)233260

क्रमांक-946/न.पा. /लो.नि./ई-टेण्डर/2025 कोतमा, दिनांक -09.06.2025

### ऑनलाईन सार्वजनिक नीलामी सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् कोतमा द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 1 जुलाई 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि ) हेतु बाजार बैठकी शुल्क ठेका की ऑनलाइन नीलामी हेतु सूचना जारी की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/बोलीदारों से सर्वोच्च दरें ऑनलाइन के माध्यम आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाइन टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | शासकीय बोली राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | नीलामी में भाग लेने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_403089_2 10.06.2025 | बाजार बैठकी शुल्क वसूली ठेका कार्य। | 6,61,650.00 | 66,170.00 | 2000.00 | 26/06/2025 |

- उल्लेखित कार्यों के निविदाओं का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।
- ऑनलाइन प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 10.06.2025 समय 10.00 से 26.06.2025 समय 16.00 बजे तक निर्धारित है।
- ई-बोली में किसी भी प्रकार का संशोधन किये जाने पर समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। ई-बोली में किया गया सशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद कोतमा, जिला- अनूपपुर म.प्र.



## कार्यालय नगर पालिका परिषद पाली, जिला-उमरिया (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत सप्लायरों / फर्म से ऑनलाईन निविदायें आँमत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | बिड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | BID NO: GEM/2025/B/6327511 Date 10-06-2025 | Overhead Sign Board (V2) (Q3) | 1- 30 दिवस<br>2- 34.74 लाख | 2- 26055.00 | 10/07/2025 |
| 2 | BID NO: GEM/2025/B/6325477 Date 10-06-2025 | Overhead Sign Board (V2) (Q3) | 1- 30 दिवस<br>2- 34.76 लाख | 2- 38000.00 | 09/07/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://gem.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पाली, जिला - उमरिया (म.प्र.)


## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**शहर-शहर....** अमेरिकी नेशनल गार्ड्स को लॉस एंजिल्स में उतारा गया। दो हजार अमेरिकी नेशनल गार्ड्स ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे, रबर बुलेट फायर की और उन्हें पीछे धकेला। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हिंसा से बहुत क्रोधित हैं और उन्होंने ट्रुथ सोशल पर बैक टू बैक कई पोस्ट लिखे। एक पोस्ट में तो ये भी लिख दिया कि जो भी प्रदर्शनकारी मास्क में दिखे, उसे फौरन अरेस्ट करो। उन्होंने ये भी लिखा कि शहर पर अवैध प्रवासियों का कब्जा है, इसे जल्द आजाद कराया जाएगा।

ट्रंप के आदेशों पर विरोध भी तेज हो गया और सबसे बड़ा विवाद दो हजार नेशनल गार्ड्स की तैनाती पर हो रहा है क्योंकि ये पहली बार है जब किसी राज्य में नेशनल गार्ड्स को बिना गवर्नर की मंजूरी के डिप्लॉय किया गया है इसलिए कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम और लॉस एंजिल्स की मेयर ट्रंप से खासे नाराज हैं। वहीं, विशेषज्ञ भी सवाल पूछ रहे हैं कि क्या ट्रंप के पास किसी राज्य में नेशनल गार्ड्स की तैनाती का संवैधानिक अधिकार है?

असल में नेशनल गार्ड्स राज्य आधारित मिलिट्री फोर्स है। इसमें हजारों की संख्या में ट्रेन्ड सैनिक शामिल होते हैं। ये सोल्जर पार्ट टाइम सेवाएं देते हैं और राज्य के नेशनल गार्ड्स गवर्नर के अनुरोध पर ही राज्य में सक्रिय होने की परंम्परा हैं।

**इन तीन परिस्थियों में तैनात किए जाते हैं नेशनल गार्ड्स**

पहली परिस्थिति- अगर अमेरिका पर कोई दूसरा देश हमला कर दे या उसके हमला करने का खतरा हो। दूसरी परिस्थिति- सरकार के खिलाफ विद्रोह हो रहा हो, या विद्रोह का खतरा हो। तीसरी परिस्थिति- अगर राष्ट्रपति सुरक्षा बलों के साथ अमेरिका के कानून को लागू करने में नाकाम हो जाए, तब राज्य में नेशनल गार्ड्स तैनात किए जाते हैं, लेकिन ये सबकुछ गवर्नर की मंजूरी से होता है। जबकि, ट्रंप ने ये फैसला लागू करने के लिए गवर्नर को ही साइडलाइन कर दिया। ट्रंप के इस कदम ने आग में और ज्यादा घी डालने का काम किया। लॉस एंजिल्स में दंगे से कोहराम मच गया। लॉस एंजिल्स में मेक्सिकन अप्रवासियों की संख्या लाखों में है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020 में दुनिया भर में 11.2 मिलियन मेक्सिकन प्रवासियों में से लगभग 10.9 मिलियन सिर्फ अमेरिका में गए थे। अमेरिका में कुल विदेशी मूल की आबादी का 23 प्रतिशत मेक्सिन मूल के लोग हैं और ये सभी ट्रंप की डिपोर्टेशन पॉलिसी से आक्रोशित हैं।

## पुलिस ने पांच बांग्लादेशी प्रवासियों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ चल रहे एक विशेष अभियान के तहत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके से अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की। इनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं। सभी भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नदी के रास्तों से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और आनंद विहार में छिपकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

Phone & Fax (07160)231007 website- www.npjunnardeo.com
email id- cmojunardev.mpurban.gov.in

क्रमांक/1338/नपा./स्टोर/2025-26 जुन्नारदेव दिनांक 10/06/2025

### GEM निविदा सूचना

समस्त सप्लायर / रजिस्टर्ड फर्म को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा म. प्र. में अग्निशामक फायर वाहन क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड क्रमांक GEM/2025/B/6324667 दिनांक 09/06/2025 जारी की गयी है। जिसका अवलोकन कर दिनांक 24/06/2025 तक जेम पर अपनी निविदा दरें प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा



## इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, सिविल लाइंस, जबलपुर - 482001
Ph: 0761-2624977. Email: zojabalpur@indianbank.co.in
परिशिष्ट - IV-A {( नियम- 9(1)} अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन )नियम, 2002 के नियम 9 ( 1 ) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम , 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।** यह नोटिस आम जनता एवं उधारकर्ता ( ओं )/गारंटीकर्ता ( ओं ) के लिए नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो कि सुरक्षित लेनदार को गिरवी /चार्ज की गई है, जिसका कब्जा इंडियन बैंक शाखा द्वारा ले लिया गया है, सुरक्षित लेनदार द्वारा राशियों और देय ब्याज की वसूली के लिए "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। ई-नीलामी मोड के माध्यम से बिक्री के लिए लाई जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है।

ई-निलामी की तिथि एवं समय 30-06-2025 11.00 AM TO 4.00 PM

| क्र. | शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणि का नाम/ प्रोप./निदेशक/पार्टनर / गारंटर / गिरवी रखने वाला | ई-निलामी हेतु संपत्ति का विस्तृत विवरण | बकाया राशि / सम्पत्ति पर अन्य ऋण भार / कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / ई.एम.डी. राशि / बिड बढ़ाने राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कटंगा शाखा<br>श्री/सुश्री/मेसर्स श्री कृष्णा बेकरी (मालिक श्रीमती पूनम गुप्ता) जी-25, ट्रांसपोर्ट नगर, महाराजपुर, जबलपुर, म.प्र. और श्री लक्ष्मण गुप्ता पुत्र श्री कपूर चंद (गारंटर और बंधककर्ता) निवासी 2727, संतोषी माता मंदिर के पास, शक्ति नगर, जबलपुर म.प्र.<br>Contact Person - Ms Meenakshi Verma, Mob-8878037877 | 790 वर्ग फीट के प्लॉट एरिया वाली वह पूरी जमीन जो निजी प्लॉट नंबर 47, खसरा नंबर 209/2 का हिस्सा मौजा- पूर्वा, एस. नंबर 162, पीसी नंबर 28/33 न्यू-7 महावीर नगर, महाराणा प्रताप वार्ड, तहसील और जिला- जबलपुर, मध्य प्रदेश में श्री लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता के नाम पर स्थित है। संपत्ति की सीमाएं: उत्तर:- श्री प्यासी की जमीन, दक्षिण:- मकान, पूर्व:- साइड रोड, पश्चिम:- खुला प्लॉट नंबर 34<br>Prop. Id. - IDIB30298776738A | Rs. 1419751/- (as on 06.11.2024) + interest and other expenses<br>ज्ञात नहीं<br>भौतिक कब्जा | Rs.11,00,000.00<br>Rs.1,10,000.00<br>Rs 10,000/- |

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (https://baanknet.com) पर जाएं। लिमिटेड ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए। तकनीकी सहायता के लिए कृपया 8291220220 पर कॉल करें। पंजीकरण स्थिति और ईएमडी स्थिति के लिए कृपया support.baanknet@psballiance.com पर ईमेल करें।

संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए कृपया देखें: https://baanknet.com और इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड, संपर्क नंबर 8291220220 से संपर्क करें। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे https://baanknet.com वाली वेबसाइट पर संपत्ति खोजते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

दिनांक : 11/06/2025 प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक


## निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात


## pnb पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
.......भरोसे का प्रतीक ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, दक्षिण दिल्ली, 4वां तल, 7, भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली-110066
ईमेल: cs4168@pnb.co.in

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर्स को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का सांकेतिक/वास्तविक कब्जा(नीचे वर्णित अनुसार), प्रतिभूत लेनदार पंजाब नेशनल बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा। बकाया राशि की वसूली, कर्जदार(रों) और गारंटर(रों), आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि का विवरण नीचे दी गई तालिका के अनुसार

प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री की अनुसूची

| क्र. सं. | शाखा का नाम: / खाते का नाम: / उधारकर्ता/गारंटर/ खाते का नाम और पता: | बंधक रखी गई अचल संपत्ति का विवरण/ मालिक का नाम (संपत्तियों का बंधककर्ता) | (A) सरफासी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना की तिथि (B) मांग सूचना के अनुसार राशि (C) सरफैसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि (D) कब्जा की स्थिति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | (A) आरक्षित मूल्य (B) ईएमडी (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) (C) बोली वृद्धि राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात एन्कम्ब्रेन्स का विवरण | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (पूर्व में ए-ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली)<br>मेसर्स मनेरी आइसक्रीम (उधारकर्ता) ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048<br>मेसर्स मनेरी आइसक्रीम, प्लॉट नंबर-42, औद्योगिक क्षेत्र फूड पार्क, मनेरी जिला मंडला (एमपी)- 481885<br>सुश्री अनामिका मित्तल, (मालिक) एच नंबर- ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048 | साम्यिक बंधक/पंजीकृत बंधक परियोजना भूमि एवं भवन पर, क्षेत्रफल 3300 वर्ग मीटर, प्लॉट सं. 42, फूड पार्क-मंडला, मनेरी, जिला मंडला में स्थित (मेसर्स मनेरी आइसक्रीम के नाम पर एक नामित फूड पार्क जबलपुर, मध्य प्रदेश, उपरोक्त इकाई में प्लांट एवं मशीनरी के साथ | A) 09.05.2022<br>B) Rs. 544.47 लाख + ब्याज + प्रभार इत्यादि<br>C) 14.12.2022<br>D) सांकेतिक | A) रु. 389.90 लाख<br>B) रु. 39.00 लाख (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) 26.06.2025<br>C) रु. 1,00,000/- लाख | 27.06.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे | संपत्ति पर कोई रोक नहीं है | श्रीमती ट्विंकल नैन 9802927574 |
| 2 | (पूर्व में ए-ब्लॉक, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली)<br>मेसर्स पारस मिल्क एंड फूड कॉर्पोरेशन (उधारकर्ता) पंजीकृत कार्यालय: बीबी-17, बेसमेंट, ग्रेटर कैलाश एन्कलेव ।।, नई दिल्ली-110048<br>मेसर्स पारस मिल्क एंड फूड कॉर्पोरेशन फैक्ट्री: प्लाट नंबर-43, इंडस्ट्रियल एरिया फूड पार्क, मनेरी, जिला मंडला, मध्य प्रदेश-481885<br>श्री पवनदीप छाबड़ा (प्रो.) पारस होटल, राईट टाउन, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482001<br>श्री पवनदीप छाबड़ा 1415 (366), मदन महल, गुप्तेश्वर रोड, जबलपुर, मध्य प्रदेश-482003<br>श्री अवदेश मित्तल (गारंटर) मकान नं. ई-94, जीएफ, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली-110048 | साम्यिक बंधक/पंजीकृत बंधक परियोजना भूमि एवं भवन पर, क्षेत्रफल 3300 वर्ग मीटर, प्लॉट सं. 43, फूड पार्क-मंडला, मनेरी, जिला मंडला में स्थित (मेसर्स पारस मिल्क एवं फूड कार्पोरेशन के नाम पर एक नामित फूड पार्क जबलपुर, मध्य प्रदेश, उपरोक्त इकाई में प्लांट एवं मशीनरी के साथ | A) 08.02.2023<br>B) Rs. 295.80 लाख + ब्याज + प्रभार इत्यादि<br>C) 10.08.2023<br>D) सांकेतिक | A) रु. 599.75 लाख<br>B) रु. 60.00 लाख (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि) 26.06.2025<br>C) रु. 1,00,000/- लाख | 27.06.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे | संपत्ति पर कोई रोक नहीं है | श्रीमती ट्विंकल नैन 9802927574 |

ई-नीलामी बिक्री के संक्षिप्त नियम एवं शर्ते : बिक्री, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में वर्णित नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। 1. नीलामी बिक्री "ई-नीलामी" पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन होगी। (2) ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म (https://baanknet.com) ई-नीलामी सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय यूनिट 1, तीसरी मंजिल, VIOS कमर्शियल टॉवर, वडाला ट्रक टर्मिनल के पास, वडाला ईस्ट मुंबई-400037 (हेल्पडेस्क नं. 91 8291220220, ईमेल आईडी: support.ebkray@psballiance.com) द्वारा प्रदान किया जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को ई-नीलामी सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://baanknet.com पर ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना आवश्यक है। यह सेवा प्रदाता पोर्टल पर ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रदर्शन/प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा। (3) बिक्री की सामान्य शर्तों और नियमों से युक्त बिक्री नोटिस निम्नलिखित वेबसाइटों/वेब पेज पोर्टल (1) https://baanknet.com (2) www.pnbindia.in पर उपलब्ध/प्रकाशित है। (4) सफल बोलीदाता द्वारा बैंक को बिक्री प्रतिफल का भुगतान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194-1ए के अंतर्गत टीडीएस के अधीन होगा तथा सफल बोलीदाता द्वारा बोली राशि का शेष 75% जमा करने/बोली राशि की पूर्ण जमा करने के समय ही टीडीएस का भुगतान किया जाना है। (5) संपत्तियों को "जहां है जैसी है" और "जो है जैसी है" तथा "जो भी है जैसी है" के आधार पर बेचा जा रहा है। (6) उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (7) सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के तहत नोटिस, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ क्र. सं. 01 से क्र. सं. 02 तक के सभी मामलों में जारी किया गया है, (8) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com & www.pnbindia.in देखें।

दिनांक : 09.06.2025, स्थान : नई दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक



## कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट

क्रमांक/जि.शि.के./स्था/2025/429 बालाघाट, दिनांक-09/06/2025

// प्रेस विज्ञप्ति //

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत संचालित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास बालाघाट विकासखंड बालाघाट में रिक्त सहायक वार्डन के पद हेतु स्कूल शिक्षा विभाग/ जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक तथा नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास, खुरमुण्डी, विकासखण्ड परसवाडा में रिक्त सहायक वार्डन के पद हेतु जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत सहायक शिक्षक / प्राथमिक शिक्षक से आवेदन दिनांक 16.06.2025 तक आमंत्रित किये जाते है। इस हेतु योग्यता निम्नानुसार है:-1. सहायक वार्डन के पद पर कार्य करने हेतु न्युनतम आयु सीमा 35 वर्ष होगी।

2. सहायक वार्डन के पद पर शैक्षणिक योग्यता एवं डी.एड./ बी.एड. को प्राथमिकता।
3. शैक्षणिक पद पर कार्य करने का 10 वर्ष का अनुभव।
4. आवेदक की कोई विभागीय जांच प्रचलित न हो तथा पूर्व में किसी अनियमितता के कारण दण्डित न हुआ हो।
5. आवेदक बालक/बालिका की देखभाल करने में सक्षम हो एवं उनकी पढाई में भी सहायता कर सकें।
6. आवेदक छात्रावास में पूर्णकालिक रूप से रहने हेतु सहमत/ सेवाभावी एवं सह्दय हो।

टीप:-01. बालक छात्रावास हेतु पुरूष शिक्षक एवं बालिका छात्रावास हेतु महिला शिक्षिकाएं ही आवेदन करें।
02. ईच्छुक आवेदक 11.06.2025 से दिनांक 16.06.2025 तक समय प्रात: 11.00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट की आवक-जावक शाखा से आवेदन प्राप्त कर सकते है।
03.छात्रावास के विद्यालय या निकटतम विद्यालय में कार्यरत सहायक शिक्षक/ प्राथमिक शिक्षक को प्राथमिकता दी जाये।

घनश्याम प्रसाद बर्मन
जिला परियोजना समनवयक
जिला शिक्षा केन्द्र बालाघाट

# देश-प्रदेश

उवाच

## बिहार में कानून व्यवस्था का हो गया अंतिम संस्कार : लालू



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को कानून-व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। इसमें उन्होंने बिहार के अपराध से संबंधित कई आंकड़े पेश कर नीतीश कुमार के शासनकाल में प्रदेश की बिगड़ी कानून व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख किया। लालू प्रसाद यादव ने अपने पोस्ट में कहा, नीतीश बताएं कि शाम पांच बजे से पहले घर में घुसकर ही कितनी हत्याएं हो रही हैं?

# सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में होगा 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश : मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री का सपना और मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प होगा पूरा: मंत्री श्री शुक्ला




- छोटे निवेशक होंगे लाभान्वित, किसान भी बनेंगे निवेशक
- प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में हुई है अभूतपूर्व प्रगति
- पड़ौसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने के लिए शुरू किए जाएंगे सोलर प्रोजेक्ट
- बड़े पैमाने पर सोलर तथा पवन ऊर्जा का हो रहा है उत्पादन
- कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुई सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट

**भोपाल,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सिरमौर बनाने के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा देश में वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट तक सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के स्वप्न को साकार करने में मध्यप्रदेश शत-प्रतिशत योगदान देगा। उन्होंने कहा कि भोपाल में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट में देश एवं प्रदेश के 350 से अधिक निवेशकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। सभी के उत्साह का ही परिणाम है कि योजना में 20 हजार करोड़ से अधिक राशि का निवेश होना संभावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल एक्सपर्ट एवं जेआईजेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री बर्नार्ड क्रूजबर को तकनीकी सहयोग के लिए सम्मानित किया।

प्रदेश में सोलर तथा पवन ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उत्पादन हो रहा है। मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है और कई घरों को बिजली मिल रही है। निकट भविष्य में पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर 6-6 महीने बिजली उपलब्धता के लिए सोलर प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में छोटे-छोटे निवेशकों को भी जोड़ना एक सराहनीय प्रयास है। मध्यप्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। मोहासा बाबई में नवकरणीय ऊर्जा के उपकरण निर्माण के लिए 22 इकाइयों का भूमि-पूजन किया जा चुका है इससे 24 हजार रोजगार सृजित होंगे। वर्ष 2025 तक प्रदेश के सभी शासकीय भवनों पर सोलर रूफटॉप लगाए जाएंगे।

### मध्यप्रदेश के सोलर ऊर्जा उत्पादन से नई दिल्ली में चल रही है मेट्रो ट्रेन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर में बना फ्लोटिंग एनर्जी पार्क अद्भुत है। नीमच और रीवा में बड़े सोलर प्रोजेक्ट संचालित हैं। प्रदेश की नवकरणीय ऊर्जा क्षमता 15 गुना बढ़ चुकी है, जिसमें सौर ऊर्जा में 48 प्रतिशत और पवन ऊर्जा के क्षेत्र में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्तमान में राज्य में 9300 मेगावॉट से अधिक नवकरणीय ऊर्जा की परियोजनाएं संचालित हैं। सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएगी। आगामी तीन वर्ष में 32 लाख सोलर पंप कनेक्शन लगाए जाएंगे।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कहा कि समिट के आयोजन से प्रधानमंत्री श्री मोदी के सौर ऊर्जा में देश को अग्रणी बनाने के स्वप्न को पूरा करने में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश की ओर से किये जाने वाले अभूतपूर्व योगदान के संकल्प को पूरा करने में मदद मिलेगी।

मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में परियोजनाओं को भारत सरकार द्वारा कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) में 7 वर्ष तक 3 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी। यह छूट निवेशकों को राहत देगी। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं के विस्तार और कार्यान्वयन के लिये जर्मन सरकार की संस्था जीआईजेड से तकनीकी सहयोग भी लिया जा रहा है। मंत्री श्री शुक्ला ने कहा कि परियोजनाओं के लिये सुगम एवं व्यवस्थित वित्त पोषण को सुनिश्चित करने के लिये स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक और एयू स्मॉल बैंक इत्यादि से एमओयू हुआ है। निवेशकों को इन बैंकों के मार्फत फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में बिजली की कमी दूर करने के लिए ग्रीन एनर्जी पर जोर दिया जा रहा है।

अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में किसानों को दिन में भी और अधिक सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिये महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना जैसी महत्वाकांक्षी परियोजना को धरातल पर उतारने का महती कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन में आने वाली दिक्कतों का हर संभव समाधान किया जायेगा।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई। ऊर्जा विकास निगम के एमडी अमनबीर सिंह बैंस ने सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना और इसके क्रियान्वयन संबंधी जानकारी निवेशकों को विस्तार से प्रदान की।

उन्होंने निवेशकों के लिये टेंडर डॉक्यूमेंट की प्रक्रियागत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना में पीएम कुसुम-सी में किये गये प्रावधानों से निवेशकों और किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। वृहद स्तर पर लागू की जा रही योजना की एक इकाई की क्षमता औसतन 5 मेगावॉट की है इसमें कुल 20 करो? रूपये के निवेश की आवश्यकता है। प्रत्येक जिले में चुने गये सब-स्टेशन पर स्थानीय उद्योगपति, निवेशक, विकासक और कृषक निवेश क?र राज्य के विकास में सहभागी बन सकेंगे इससे 25 वर्ष के लिये व्यापार और आय के अवसर सृजित होंगे। साथ ही सस्ती बिजली भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की संभावनाओं को देखते हुए निरंतर कार्यशालाओं का आयोजन कराया जायेगा, जिसमें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये जीआईजेड संस्था के साथ मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम ने डे? वर्ष का अनुबंध किया है इससे सोलर परियोजनाओं को नये आयाम मिलेंगे। समय-सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने के लिये भावी निवेशकों और विकासकों को सहजता एवं सुलभतापूर्वक न्यूनतम दस्तावेजीकरण के साथ उपयुक्त अनुमति प्रदाय करने सिंगल विंडो सिस्टम से योजना को क्रियान्वित करने पर कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से उपस्थिति दर्ज कराने वाले अतुल कुमार, नितिन भार्गव, श्री दिव्यांश शर्मा, `वेंद्र सिंह चौहान, सुश्री अनामिका कुमारी को प्रमाण पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवीन ऊर्जा परियोजना में निवेश करने वाले अभिषेक तिवारी नीमच, हरचंद्र महेश्वरी देवास, विनोद पोरवाल, सुरेंद्र सिंह भोपाल, निर्मला बरखा पंजापुरा को लेटर ऑफ अवॉर्ड भी सौंपे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर,मधुबनी के सांसद अशोक यादव, प्रबंध संचालक अविनाश लवानिया, निवेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं दीक्षा शिवहरे पति श्री रितेश शिवहरे म.नं.862, शर्मा का बगीचा, केन्ट थाना के पीछे, सदर केन्ट, जिला जबलपुर यह कि मेरे पुत्र का जन्म दिनांक 08.06.2023 को रानी दुर्गावती चिकित्सालय जबलपुर में हुआ था, मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र (पंजीकरण संख्या बी-2023: 23:90734- 003712) दिनांक 12.06.2023 में पुत्र का नाम RISHAAN SHIVHARE दर्ज है जो कि उसका घरेलू नाम है, मेरे पुत्र का नाम बड़े बुजुर्गों द्वारा VEDANT SHIVHARE रखा गया है अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में सुधार करके RISHAAN SHIVHARE के स्थान पर VEDANT SHIVHARE दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- RISHAAN SHIVHARE**
**नया नाम-VEDANT SHIVHARE**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती भाविका कोडवानी पति श्री संजय कोडवानी निवासी- फ्लैट नं.11 प्रेस्टीज अपार्टमेंट, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर बलपुर यह कि मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 16.02.2008 को हुआ था एवं मेरी पुत्री के आधारकार्ड में उसका नाम कीर्ति कोडवानी (KIRTI KODWANI) दर्ज है जो कि उसका घरेलू नाम है मेरी पुत्री के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उसका नाम काव्या कोडवानी (KAVYA KODWANI) दर्ज है अतः कीर्ति कोडवानी (KIRTI KODWANI) एवं काव्या कोडवानी (KAVYA KODWANI) दोनों नाम मेरी पुत्री के हैं अतः मेरी पुत्री को काव्या कोडवानी (KAVYA KODWANI) के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**पुराना नाम- कीर्ति कोडवानी (KIRTI KODWANI)**
**नया नाम-काव्या कोडवानी (KAVYA KODWANI)**

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं जय लखवानी पिता श्री दीपक लखवानी उम्र 24 वर्ष निवासी- म.नं.106, दीपक विला, रविन्द्र नगर, आधारताल जबलपुर यह कि पूर्व के मेरे कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम देवेन्द्र लखवानी दर्ज हो गया है, किन्तु मेरे आधारकार्ड, पेनकार्ड व अन्य समस्त दस्जावेजों में मेरा नाम जय लखवानी दर्ज है यह कि देवेन्द्र लखवानी एवं जय लखवानी दोनों ही नाम मेरे अर्थात् एक ही व्यक्ति के हैं अतः अब मुझे मेरे समस्त शासकीय, अशासकीय एवं अद्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम जय लखवानी के नाम से जाना व पहचाना व पढ़ा-लिखा जावे।

**पुराना नाम- देवेन्द्र लखवानी**
**नया नाम- जय लखवानी**

## क्या प्रेग्नेंट है सोनम रघुवंशी? मेडिकल रिपोर्ट ने और उलझाई राजा मर्डर केस की गुत्थी

**इंदौर।** क्या प्रेग्नेंट है सोनम रघुवंशी? मेडिकल रिपोर्ट ने और उलझाई राजा मर्डर केस की गुत्थी इंदौर कपल केस में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने यूपी के गाजीपुर से सोमवार को सोनम रघुवंशी को गिरफ्तार किया। इसके बाद पूरे मामले ने यू-टर्न ले लिया। जिसे अब तक विक्टिम माना जा रहा था वो ही सोनम अब मुख्य आरोपी बताई जा रही है। वहीं राजा रघुवंशी के मर्डर में सोनम के बॉयफ्रेंड राज कुशवाह समेत अन्य तीन लोगों का नाम सामने आया है। अब इस केस में एक नया मोड़ सामने आया है- सोनम की प्रेग्नेंसी की खबर। मेडिकल जांच ने इस केस को और रहस्यमयी बना दिया है।

9 जून 2025 को सोनम की मेडिकल जांच तीन महिला डॉक्टरों की टीम ने की। सोनम की शारीरिक और मानसिक स्थिति कमजोर पाई गई। वह डरी हुई थीं, लेकिन उनके शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। प्रेग्नेंसी टेस्ट के नतीजे असंतोषजनक रहे, जिसका मतलब है कि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि सोनम गर्भवती हैं या नहीं। न्यूज18 की रिपोर्ट के मुताबिक, डॉक्टरों ने सुझाव दिया है कि सात दिन बाद अल्ट्रासाउंड किया जाए ताकि स्थिति साफ हो सके। यह असमंजस जांच को और जटिल बना रहा है। अगर सोनम प्रेग्नेंट हैं, तो यह बच्चा राजा का है या किसी और का? यह सवाल नई उलझन बन गया है।

11 मई 2025 को इंदौर में राजा और सोनम की शादी हुई। 20 मई को दोनों हनीमून के लिए मेघालय रवाना हुए। 23 मई को दोनों सोहरा (चेरापूंजी) में लापता हो गए। 2 जून को राजा का शव वेईसॉडॉन्ग फॉल्स के पास एक गहरी खाई में मिला।

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2025/26/एम/42 दिनांक 10.6.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) कृष्ण कांत गुप्ता पिता श्री ओंकार प्रसाद गुप्ता (2) श्रीमती प्रियंका गुप्ता पति श्री कृष्ण कांत गुप्ता मकान नं. 244 का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 80 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13 मुख्यालय,
नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 742

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 13 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2025/26/एम/41 दिनांक 10.6.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बिल्लू सिंह पिता श्री त्रिलोक सिंह दुकान नं. 8 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान बैसमेंट-185 व.फु. भूतल 185 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13 मुख्यालय,
नगर निगम, जबलपुर
र.नं.- 742

### नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 40 2025-2026 दिनांक 09/06/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्री अंकित उरमलिया पिता राघवेन्द्र उरमलिया खसरा क्रंमाक 158/1 ग से 158/4ग तक का भाग संपत्ति कर/ पिन नं.1000365458 विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी- श्रीमती हेमा मिश्रा पति श्री मनोज मिश्रा के भाग पर वार्ड शाहिद अ. हमीद अ.हमीद वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 1154 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7, अधारताल नगर निगम जबलपुर

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/25-26 दि. 10.6.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा दीक्षित पति स्व. बसंत दीक्षित ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई के भवन क्र. 3254 दीक्षित किराना के पास गौरैयाघाट तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000381800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1240 वर्गफुट आरसीसी निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. बसंत कुमार पिता तुलसीदास दीक्षित का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 742


### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/25-26 दि. 10.6.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मीरा दीक्षित पति स्व. बसंत दीक्षित ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई के भवन क्र. 3254 दीक्षित किराना के पास गौरैयाघाट तिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000381800 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1240 वर्गफुट आरसीसी निम्न दस्तावेज शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर निगम में दर्ज स्व. बसंत कुमार पिता तुलसीदास दीक्षित का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 742


## खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# जल्द हो लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव

### विपक्षी दल के सदस्यों को उपाध्यक्ष बनाने की रही है परंपरा

**-अनुच्छेद 93 के तहत उपाध्यक्ष का चुनाव अनिवार्य**
**-पिछले दो लोकसभा सत्रों में यह पद खाली रहा है**

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह संवैधानिक व्यवस्था है इसलिए इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि संविधान में लोकसभा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है, लेकिन मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है इस संवैधानिक व्यवस्था को नकारा जा रहा है। उनका कहना था कि पिछली दो लोकसभाओं में इस पद को खाली रखा गया है और फिर वही प्रयास किया जा रहा है जो गलत है इसलिए सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए।

उन्होंने लिखा, पहली से सोलहवीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष होता रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति करना एक सुस्थापित परंपरा रही है। हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है।

**लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं**

यह भारत की लोकतांत्रिक राजनीति के लिए शुभ संकेत नहीं है और संविधान के सुविचारित प्रावधानों का भी उल्लंघन है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 93 के तहत संसद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति आवश्यक है। सरकार को सदन के लोकतांत्रिक मूल्यों को बरकरार रखने के लिए उपाध्यक्ष की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरु करनी चाहिए।

### अमेरिका में भारतीयों के अपमान पर चुप्पी तोड़ें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित कर अपमानित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खामोश हैं लेकिन अब उन्हें चुप्पी तोड़कर अमेरिका को बताना होगा कि भारतीय नागरिकों के साथ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि अमेरिका भारतवासियों को अपमानित करने से बाज नहीं आ रहा है। ताजा मामला अमेरिका के एयरपोर्ट का है, जहां एक भारतीय छात्र को जमीन पर पटका गया और किसी अपराधी की तरह उसके हाथ-पैर बांध दिए गए। उसके आत्मसम्मान को जूतों के नीचे रौंदने के बाद उसे फिर भारत वापस भेजा गया।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर

Phone- 0761-2977337 E-Mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्रं. 04/2025-26/तक./का.यं./लो.स्वा.यां मैके. खण्ड/ जबलपुर दिनांक 09.06.2025

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत सिवनी जिले के भण्डारगृह में रखी अनुपयोगी (स्क्रेप) सामग्री के अपलेखन हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म "जी" पर अधिकतम दर पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपये (रुपये में) | प्रतिभूति राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक दिनांक | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 1. | 04/2025-26 | 2024_PHED_429163_1 | सिवनी जिले के भण्डारगृह में अनुपयोगी स्क्रेप सामग्री के अपलेखन कार्य | 1076650 | 21533 | 2000/- | 06.06.2025 | 19.06.2025 |

नोट- निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन होता है, तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, समाचार पत्रों में नहीं होगा। निविदा की शर्तें एवं अन्य विवरण का अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

(एस.के. कुरील) कार्यपालन यंत्री,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मैकेनिकल खण्ड जबलपुर

G-14120/25

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

## विधानसभा में ममता ने केंद्र पर साधा निशाना

# पहलगाम हमला केंद्र की लापरवाही का नतीजा



### विधानसभा में सशस्त्र बलों की प्रशंसा करने वाला प्रस्ताव पेश किया गया

**कोलकाता, 10 जून (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में मंगलवार को सशस्त्र बलों की प्रशंसा करने वाला प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान छ्रू ममता ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। ममता ने कहा- पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लापरवाही का नतीजा था। ममता ने पूछा- आतंकी हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे। ममता ने कहा कि भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष करते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं।

**पीओके वापस लेने का अच्छा मौका था**-ममता ने विधानसभा में यह भी कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) को वापस लेने का एक अच्छा मौका था। ममता ने आरोप लगाया कि जब-जब चुनाव नजदीक आते हैं, तब-तब भाजपा पुलवामा जैसी घटनाएं करवाती है। हालांकि इन सबके बावजूद, राष्ट्र की सुरक्षा में सशस्त्र बलों के साहस की सराहना करते हुए प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे बिना किसी विरोध के पारित कर दिया गया। विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायक सदन में खड़े हो गए। सभी नारे लगाने लगे और बनर्जी पर राष्ट्रीय त्रासदी का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। इसके बाद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिसके कारण स्पीकर बिमान बनर्जी को हस्तक्षेप करना पड़ा। टकराव के बावजूद, सदन में व्यवस्था बहाल होने के बाद प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया।

### शपथ पत्र

मैं मुन्नी देवी तिवारी उर्फ चन्द्रकांता आयु 67 वर्ष पत्नि श्री नंदकिशोर तिवारी निवासी ढिलापुर तहसील व जिला-छतरपुर (म.प्र.) की हूँ जो निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि :- आधार कार्ड नम्बर 869655761471

01- यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम मेरे आधार कार्ड में मुन्नी देवी तिवारी एवं मेरे पहचान पत्र में मेरा नाम चन्द्रकांता अंकित है जो कि उक्त दोनों एक ही महिला के है। जो सही व सच है।

02-यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मुन्नी देवी तिवारी उर्फ चन्द्रकांता दोनों नाम एक ही महिला के हैं और उक्त दोनों नामों से मैं शपथकर्ता जानी-पहचानी जाती हूं तथा उक्त दोनों नाम मुझ शपथकर्ता के ही है। जो सही व सच है।

03-यह कि मैं शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि में उक्त शपथ पत्र अपने नाम बदलने के लिये गजट नोटिफिकेशन की आवश्यकता है जिसके पक्ष समर्थन में यह शपथ पत्र करवा रही हूँ। जो सही व सच है।

**शपथकर्ता**
**मुन्नी देवी**
र.नं. 746

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./0269/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जय मोसस आरलैंड विश्वास जेसी आरलैंड दोनों पिता एडविन जोवल आरलेंड निवासी-नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा गोरैयाघाट प.ह.नं. 10 तह. रांझी जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 4/2, 5/1क, 5/1ख, 6/1, 6/2, 9/2, 9/1ख, 9/2ख, 9/1ग. 9/2ग, 9/4, 10/2 का भाग प्लाट नं. 35 रकवा 1500 वर्गफुट पर वसीयत्तकर्ती वनमाला फेयरमेन आधार नं. 4978 0402 011 पति स्व. आर.एल. फेयरमेन निवासी-572/4, नवीन विद्या भवन स्कूल नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा निष्पादित वसीयत के आधार पर नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

ततसंबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/06/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समय अवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

पेशी दिनांक 16/06/2025

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रांझी जबलपुर**
र.नं. 743

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल जबलपुर

रा.प्र.क्र. 02350/अ-6/2024-25
जबलपुर, दिनांक - 5/6/2025

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हनीफ खान पिता हबीब खान रजिया बेगम पति हनीफ खान निवासी 2495 शास्त्री वार्ड आनंद नगर के द्वारा मौजा बैतला नं.ब. 52 प.ह.नं. 01 खसरा नंबर 105/3 रकवा 1000 वर्गफुट भूमि पर म.प्र. शासन जिसे पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के आधार पर वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक ..... तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक : 05/06/25
पेशी दिनांक : 12/06/25

**नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**
र.नं. 739

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर, जिला- जबलपुर

रा.प्र.क्रं/0229/अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक 09/06/2025

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुगवां प.ह.नं. 34/19 तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक श्री गोपाल सक्सेना पिता बेनी प्रसाद सक्सेना जाति... निवासी- सी-19 अजय सत्य प्रकाश होम्स जसूजा सिटी, जबलपुर के द्वारा ग्राम कुगवां बंदोबस्त नंबर 499 प.ह.नं. 34/19 में स्थित भूमि खसरा नंबर 69/1/2 रकवा क्रमशः 1000 वर्गफुट पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक फौती दिनांक.... के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 24.06.2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 09/06/2025
पेशी दिनांक- 24/06/2025

अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
गोरखपुर, जबलपुर
र.नं. 738

### कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./सं. क्र. 11/19-20/25 दि. 4.6.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1) आरती सचदेवा पति श्री जय कुमार सचदेवा (2) जय कुमार सचदेवा पिता तुलसीराम अन्य ने वार्ड क्रमांक- 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द्र बनर्जी के भवन क्र. 12 शीला टाकीज सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 1000400348 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 2000 वर्गफुट प्रथम तल 2000 व.फु. द्वितीय तल 500 व.फु. वर्गफुट निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती दर्शना नारंग पिता/पति स्व. जगदीश नारंग का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
नगर निगम, जबलपुर
र.नं. 736

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

फौती

रा.प्र.क्रं/274/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद आयाज खान/ स्व. मोहम्मद सरफराज खान नि- 1096 मदरसे वाली गली नया मोहल्ला बड़ी ओमती ने नजूल ब्लाक नं. 87 प्लाट नं. 329 निर्मित रकवा/रकवा 2102 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक ..... मृत्यु दिनांक 12/04/1991, 19/09/1992, 28/07/2024, 03/05/2002 खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 87 प्लाट नं. 329 निर्मित रकवा/रकवा 2102 व.फु./ अवि. हिस्सा... व.फु. / हे. ग्राम भरतीपुर रकवा 2102 व.फु. फजुलुल रहमान खां बा. रहमद खां वल्द वारिश युसूफ खां मुसल. निवासी- नया मोहल्ला के नाम दर्ज हैं। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 16/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 30/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 30/05/2025**
**पेशी दिनांक 16/06/2025**

**तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**
र.नं. 745

देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 11 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## महाकुंभ भगदड़ पर नए सवाल

जनता की सहनशक्ति, उसकी कमजोर स्मरणशक्ति या अन्याय के आगे खामोश रहने की आत्मघाती प्रवृत्ति, कारण जो भी हो, लेकिन ऐसी ही किसी वजह से देश में मानवनिर्मित (सरकार निर्मित पढ़ा जाए) आपदाएं थम ही नहीं रही हैं। छह महीने पहले महाकुंभ में भगदड़ मची थी, वह भी ऐसी ही एक आपदा थी। भाजपा सरकार ने इस महाकुंभ का आयोजन कुछ इस अंदाज में किया था मानो देश में मोदीजी सत्ता में हैं तो महाकुंभ का योग बना, अन्यथा नक्षत्र-तारे तो अपनी चाल बदल लेते। 144 साल बाद महाकुंभ का अद्‌भुत संयोग बना है, यही श्रद्धालुओं को बताया गया। देश ही नहीं विदेशों से भी आध्यात्म का सुख लेने लोग आ रहे हैं, इस बात को सगर्व सरकार और मीडिया ने प्रस्तुत किया। यानी कुंभ में डुबकी लगाने वाले तो सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठे, मगर सरकार इसी में खुश होती रही कि कितने विदेशियों ने यहां डुबकी लगाई। पूरे देश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। बहुतों को धर्म का पालन करना था, बहुतों को भेड़ चाल का हिस्सा बनना था कि जब इतने लोग पहुंच रहे हैं तो हम भी पहुंच जाए। सरकार चाहती भी यही थी कि महाकुंभ के लिए रिकार्डतोड़ आगंतुक पहुंचें। रोजाना आंकड़े पेश होते थे, आज इतने लाख लोगों ने डुबकी लगाई, आज इतने लाख लोग और पहुंच गए। बताया गया कि करीब 7 हजार करोड़ रुपए महाकुंभ के आयोजन में खर्च हुए और 66 करोड़ लोग 45 दिन में पहुंचे।

सब कुछ अच्छे से चल रहा था और सरकार चाहती भी यही थी कि इस सफल आयोजन की गूंज पूरी दुनिया में जाए। दुनिया के उन्नत देश ओलंपिक, फुटबॉल वर्ल्ड कप जैसे आयोजनों से जब अपनी धाक जमा सकते हैं, तो भारत महाकुंभ के जरिए अपनी धूम मचाना चाहती थी। लेकिन 29 जनवरी को मची भगदड़ ने महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। पहले तो उप्र सरकार ने यह स्वीकार ही नहीं किया था कि भगदड़ हुई है, जबकि दिल्ली से प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ने मृतकों के लिए श्रद्धांजलि पेश कर दी। इसके बाद सरकार ने माना कि भगदड़ हुई है, लेकिन उसमें कितने हताहत हुए, यह आंकड़े पहले पेश नहीं किए गए। जो पेश हुए, उनकी सच्चाई पर सवाल उठे। क्योंकि जहां एक साथ लाखों लोग मौजूद थे, वहां मौतों का आंकड़ा 37 बताया गया, जबकि कई पत्रकारों ने कहा था कि उन्होंने मुर्दाघरों में कहीं ज्यादा लाशें गिनी हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जब राज्यसभा में कुंभ में हजारों मौतों का हवाला दिया था तो भाजपा सांसदों ने उन्हें टोका था कि वे गलत कह रहे हैं। तब श्री खड़गे ने कहा था कि आप सही आंकड़े बता दीजिए। लेकिन संसद में इस पर मोदी सरकार ने चर्चा होने ही नहीं दी और उप्र विधानसभा में आदित्यनाथ योगी ने 37 मौतों का आंकड़ा दिया, साथ ही बताया कि इन्हें मुआवजा भी दिया गया है।

लेकिन अब मीडिया संस्थान बीबीसी की रिपोर्ट ने महाकुंभ पर नए सवाल खड़े किए हैं। बीबीसी ने महाकुंभ की भगदड़ में प्रभावित लोगों के परिजनों से मुलाकात की, 11 राज्यों में 50 से अधिक जिलों में करीब सौ परिवारों से बीबीसी रिपोर्ट्स ने मुलाकात की, तब पता चला कि कम से कम 82 लोगों की मौत भगदड़ में हुई है। इन 82 मौतों को बीबीसी ने मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा है. पहली श्रेणी उन मृतकों की है, जिनके परिजनों को 25-25 लाख रुपए का मुआवज़ा दिया गया। दूसरी श्रेणी उन मृतकों की है जिनके परिजनों को पांच-पांच लाख रुपए नकद दिए गए। वहीं तीसरी श्रेणी में ऐसे मृतकों को रखा गया है जिनके परिजनों को कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली है। गौरतलब है कि योगी सरकार ने 36 परिवारों को 25 लाख डिजीटल तरीके या चैक से मुआवजे के तौर पर दिए, वहीं 26 परिवारों को नकद में मुआवजा दिया गया है, ऐसा बीबीसी का दावा है। इसके बदले उनसे फर्जी कागजों पर हस्ताक्षर कराए गए, जिनमें मौत का कारण बदल दिया गया है।

यह बेहद गंभीर खुलासा है और इस पर बाकायदा ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की जांच होनी चाहिए क्योंकि सरकारी खजाने से निकली हरेक पाई का हिसाब होता है, ऐसे में अगर नकद से 26 परिवारों को मुआवजा दिया गया है तो नक़दी देने का निर्णय किस नियम के तहत हुआ, नक़दी का वितरण किसके आदेश पर हुआ, नक़दी के वितरण का लिखित आदेश कहां है, नक़दी वितरण में क्या कोई अनियमितता हुई, ये सारे सवाल उठ रहे हैं। यहां नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी और कैशलेस भुगतान के दावे पर भी सवालिया निशान लग गए हैं। क्योंकि जब सरकारें ही नकद से काम करने लगेंगी तो सरकारी हिसाब-किताब कैसे पुख्ता होगा, और फिर क्या गारंटी है कि यहां काले धन का इस्तेमाल नहीं होगा।

इन सारे सवालों के जवाब सरकार के पास ही हैं, लेकिन उसका रवैया पहले भी खामोश रहने का था और अब भी वैसा ही दिख रहा है। बीबीसी की खोजी रिपोर्ट पर अखिलेश यादव, कांग्रेस सभी सवाल उठा रहे हैं, लेकिन इनके जवाब देने की जगह फिलहाल भाजपा का जोर मोदी सरकार के 11 साल के जश्न पर है। बेशक सरकार खुशियां मनाएं, लेकिन लोगों की खुशी भगदड़ का शिकार न हो, इस बारे में सरकार क्या कर रही है, इसका जवाब तो देना ही चाहिए।

## मोदी के 11 साल : राष्ट्रवाद का झंडा और राष्ट्रीय सुरक्षा का शोकगीत



अनिल जैन

> भारतीय सेना अपने मिशन में काफी हद तक कामयाब होने के बाद पाकिस्तानी सेना के हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब दे रही थी, तब अचानक संघर्ष विराम का फैसला हो गया, जिसका ऐलान भारत या पाकिस्तान की ओर से नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से हुआ। यही नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कही।

सोमवार (9 जून) को प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा कर लिया है। वैसे उन्हें प्रधानमंत्री बने 11 साल हो गए हैं। 26 मई, 2014 को प्रधानमंत्री बनने से पहले वे करीब साढ़े बारह साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे थे। उस भूमिका में रहते हुए उन्होंने प्रचार माध्यमों के जरिए अपनी छवि विकास पुरुष की बनाई थी। इसी छवि के सहारे वे प्रधानमंत्री पद की दौड़ में शामिल हुए थे। प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने देश की जनता से 60 महीने मांगते हुए कई वादे किए थे और तरह-तरह के सपने दिखाए थे। उनके वादों और सपनों का लब्बो-लुआब यह था कि वे पांच साल में भारत को विकसित देशों की कतार में ला खड़ा कर देंगे।

देश की जनता ने उनके वादों पर ऐतबार करते हुए उन्हें न सिर्फ पांच साल का एक कार्यकाल सौंपा बल्कि उस कार्यकाल में तमाम मोर्चों पर उनकी नाकामी के बावजूद उन्हें पूर्ण बहुमत के साथ पांच साल का दूसरा कार्यकाल भी दे दिया। यही नहीं, इस दौरान कई राज्यों में भी भाजपा की सरकारें बन गईं- कहीं स्पष्ट जनादेश से तो कहीं विपक्षी विधायकों की खरीद-फरोख्त के जरिए जनादेश का अपहरण करते हुए। इसके बावजूद हर मोर्चे पर उनकी नाकामियों का सिलसिला न सिर्फ जारी रहा बल्कि तेज गति से जारी रहा। यही वजह रही कि मोदी को तीसरा कार्यकाल आसानी से हासिल नहीं हुआ। इसके लिए उन्हें चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का घोर दुरुपयोग, विपक्षी दलों और नेताओं का निर्ममतापूर्वक दमन, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और लालच व दबाव के जरिये मीडिया के बंध्याकरण का सहारा लेना पड़ा। यह सब करने के बावजूद उनकी पार्टी बहुमत से काफी दूर रही और वे सहयोगी दलों की बैसाखियों के सहारे ही सरकार बना सके।

मोदी सरकार के दो कार्यकाल तो देश के आम आदमी के लिए तमाम तरह की दुश्वारियों से भरे हुए रहे ही और तीसरे कार्यकाल का पहला साल भी न सिर्फ बेहद निराशाजनक रहा है बल्कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले भारत की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र की जो छवि थी, वह भी पूरी तरह चौपट होती दिख रही है। बहरहाल 11वें साल की चर्चा करने से पहले मोदी के उस भाषण को भी याद लेना चाहिए, जो उन्होंने 11 साल पहले प्रधानमंत्री के रूप में पहली बार लाल किले से दिया था।

मोदी ने मई 2014 में प्रधानमंत्री बनने बाद जब 15 अगस्त, 2014 को स्वाधीनता दिवस पर लाल किले से पहली बार देश को संबोधित किया था तो उनके भाषण को समूचे देश ने ही नहीं बल्कि दुनिया के दूसरे तमाम देशों ने भी बड़े गौर से सुना था। विकास और राष्ट्रवाद की मिश्रित लहर पर सवार होकर सत्ता में आए मोदी ने अपने उस भाषण में देश की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर बदलने का इरादा जताते हुए देशवासियों और खासकर अपनी पार्टी तथा उसके सहमना संगठनों से अपील की थी कि अगले दस साल तक देश में सांप्रदायिक या जातीय तनाव के हालात पैदा न होने दें।

मोदी ने कहा था- 'जातिवाद, सांप्रदायवाद, क्षेत्रवाद, सामाजिक या आर्थिक आधार पर लोगों में विभेद, ये सब ऐसे जहर हैं, जो हमारे आगे बढ़ने में बाधा डालते हैं। आइए, हम सब एक संकल्प लें कि अगले दस साल तक हम इस तरह की किसी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे। हम आपस में लड़ने के बजाय गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा तथा तमाम सामाजिक बुराइयों से लड़ेंगे और एक ऐसा समाज बनाएंगे जो हर तरह के तनाव से मुक्त होगा। मैं अपील करता हूं कि यह प्रयोग एक बार अवश्य किया जाए।' इतना ही नहीं, मोदी ने अपने उस भाषण में पड़ोसी देश पाकिस्तान की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ाने का संकेत दिया था। उन्होंने गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, आतंकवाद आदि को भारत और पाकिस्तान की समान समस्याएं बताते हुए आह्वान किया था कि दोनों देश आपस में लड़ने के बजाय कंधे से कंधा मिला कर इन समस्याओं से लड़ेंगे तो दोनों देशों की तस्वीर बदल जाएगी।

मोदी का यह भाषण उनकी स्थापित और बहुप्रचारित छवि के बिल्कुल विपरीत, सकारात्मकता और सदिच्छा से भरपूर माना गया था। देश-दुनिया में इस भाषण को व्यापक सराहना मिली थी, जो स्वाभाविक ही थी। उनके इस भाषण के बाद उम्मीद लगाई जा रही थी कि उनकी पार्टी तथा उसके उग्रपंथी सहमना संगठनों के लोग अपने और देश के सर्वोच्च नेता की ओर से हुए आह्वान का सम्मान करते हुए अपनी वाणी और व्यवहार मे संयम बरतेंगे। मगर रत्ती भर भी ऐसा कुछ नहीं हुआ। बहुत जल्दी ही खुद मोदी भी खुल कर सांप्रदायिक एवं विभाजनकारी भाषण देने लगे, जिससे प्रेरित होकर देश भर में कहीं गाय के नाम पर, कहीं धर्म के नाम पर तो कहीं देशभक्ति के नाम पर मुसलमानों और दलितों के उत्पीड़न की घटनाएं होने लगीं। हैरानी और अफसोस की बात यह कि इन सब बातों का सिलसिला कोरोना जैसी भीषण महामारी के दौर में भी थमा नहीं और जिसका चरम पूरे देश ने हाल ही में पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद के घटनाक्रम के दौरान देखा है। पहलगाम हमले का मक़सद कश्मीर के सामान्य होते हालात को बिगाड़ने के साथ ही देश भर में हिंदू-मुस्लिम टकराव पैदा करना था और इस पर भाजपा की ओर से जिस तरह की प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही थी, वह आतंकवादियों के मकसद को पूरा करने का प्रयास ही लग रही थी। मगर देश के मुस्लिम समुदाय के संयम और समझदारी ने उस मकसद को नाकाम कर दिया। भारतीय सेना ने पहलगाम हमले के दोषियों को सबक देने के लिए जब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के अड्डों पर सैन्य कार्रवाई की और उस कार्रवाई के चलते जब पाकिस्तान के साथ युद्ध जैसे हालात बने, तब भी पूरा देश सेना और सरकार के पीछे एकजुट रहा।

भारतीय सेना अपने मिशन में काफी हद तक कामयाब होने के बाद पाकिस्तानी सेना के हमलों का भी मुंहतोड़ जवाब दे रही थी, तब अचानक संघर्ष विराम का फैसला हो गया, जिसका ऐलान भारत या पाकिस्तान की ओर से नहीं बल्कि अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से हुआ। यही नहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कश्मीर मसले पर दोनों देशों के बीच मध्यस्थ बनने की बात भी कही। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस बात को भारत सरकार ने किस मजबूरी के चलते स्वीकार किया, यह अभी भी रहस्य बना हुआ है और इस बारे में सवाल पूछने वालों को सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी की ओर से 'देशद्रोही' करार दिया जा रहा है। पहलगाम हमला स्पष्ट रूप से सुरक्षा चूक यानी सरकार की लापरवाही का नतीजा था लेकिन सरकार इसे भी स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम का सर्वाधिक दुखद और शर्मनाक पहलू यह रहा कि पहलगाम हमले से लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव तक दुनिया का कोई भी देश भारत के समर्थन में सामने नहीं आया। अलबत्ता पाकिस्तान को जरूर चीन तथा कुछ अन्य देशों ने न सिर्फ सामरिक सहयोग दिया बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से उसे भारी-भरकम आर्थिक सहायता भी मिल गई। भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ वैश्विक समर्थन जुटाने के लिए सांसदों, पूर्व सांसदों और राजनयिकों के कई प्रतिनिधिमंडल दुनिया भर के देशों में भेजे, मगर यह कवायद भी न सिर्फ नाकाम रही बल्कि हास्यास्पद भी साबित हुई, क्योंकि भारत की ओर से जिस पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करने की अपील दुनिया भर से की जा रही थी, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आतंकवाद निरोधक कमेटी का उपाध्यक्ष और तालिबान प्रतिबंध समिति का अध्यक्ष भी चुन लिया गया।

रूस जैसा भारत का भरोसेमंद दोस्त भी अब भारत के साथ नहीं है और उसका हाथ पाकिस्तान के कंधे पर है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के ऐसे दयनीय हालात पहले कभी नहीं रहे। यह पूरा सूरत-ए-हाल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से बेहद चिंता का विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी इस सबसे बेफ़िक्र होकर सेना के पीछे छुपते हुए अपनी नाकामी को कामयाबी के तौर पर प्रचारित करते हुए देश भर में रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। उनके सामने अहम मकसद है किसी भी तरह बिहार और उसके बाद बंगाल का चुनाव जीतना। चुनाव ही एकमात्र ऐसा मोर्चा है जिस पर मोदी अपने 11 साल के अब तक के कार्यकाल में चुनाव आयोग और धनबल के सहारे कामयाब रहे हैं।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## भारत में बढ़ते आयात से स्थानीय विनिर्माण को भारी नुकसान

■ नन्तू बनर्जी

भारत के आर्थिक विकास के आंकड़े घरेलू विनिर्माण, औद्योगिक उत्पादन और रोजगार सृजन से तेजी से अलग होते जा रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष के दौरान देश की 6.5 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में विनिर्माण क्षेत्र का अत्यल्प योगदान रहा, जो चार वर्षों में सबसे ऊपर था। पिछले साल अच्छे मानसून के बावजूद, दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) में देश के कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 3.5 प्रतिशत रही। 2024-25 के लिए औद्योगिक विकास दर केवल 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले चार वर्षों में सबसे कम है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश का औद्योगिक उत्पादन आठ महीने के निचले स्तर 2.7 प्रतिशत पर आ गया। तब फिर देश की जीडीपी वृद्धि को कौन आगे बढ़ा रहा है? जाहिर है, देश का कम भरोसेमंद विशाल सेवा क्षेत्र, जिसे भारी आयात आधार दे रहा है।

> आयात करके प्रसन्न रहने वाली सरकार की उदार निवेश नीति, विशेष रूप से विनिर्माण में, की अनुपस्थिति में तथाकथित 'मेक-इन-इंडिया' पहल को बहुत कम सफलता मिली, जो विदेशी औद्योगिक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर सकती थी, जैसा कि उन्होंने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट चीन में किया था। विदेशी निवेशकों को सरकार के राजनीतिक रंग में कोई दिलचस्पी नहीं है।

विडंबना यह है कि पिछले वित्त वर्ष में भारत के कुल आयात में 6.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, जो देश की जीडीपी वृद्धि दर से थोड़ा अधिक है। इससे कुछ हद तक गलत धारणा बन सकती है कि जीडीपी वृद्धि आयात वृद्धि से जुड़ी हुई है। अनियंत्रित आयात, मुख्य रूप से चीन से, भारत की घरेलू उत्पादन पहल और देश के नयी नौकरी सृजन एजेंडे को कमजोर कर रहे हैं। भारत से चीन को आयात तेजी से घट रहा है।

पिछले वित्त वर्ष में, चीन से भारत का आयात 113 अरब डॉलर से अधिक था, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक था। चीन से आयात किये जाने वाले शीर्ष उत्पादों में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मशीनरी, कार्बनिक रसायन और प्लास्टिक शामिल थे, जिनमें से अधिकांश का निर्माण भारत में किया जाना चाहिए था। इस वृद्धि ने भारत के व्यापार घाटे को बढ़ाने में योगदान दिया। इसके विपरीत, चीन को भारत का माल निर्यात पिछले साल के 16.66अरब डॉलर से घटकर केवल 14.25 बिलियन डॉलर रह गया।

निर्यात-प्रधान चीन भारत से कुछ भी आयात करना पसंद नहीं करता है। सरकार में कोई भी व्यक्ति देश में साल दर साल, खास तौर पर चीन से आयात में हो रही भारी वृद्धि के बारे में चिंतित नहीं दिखता। आयात ज्यादातर घरेलू उत्पादन और स्थानीय नौकरियों की कीमत पर होता है। कोई भी देश केवल माल का आयात नहीं करता। वह श्रम का भी आयात करता है, जो आयातित उत्पादों के निर्माण में जाता है। चीन भारत का शीर्ष आयात स्रोत बना हुआ है, जो किसी भी एक देश से अब तक का सबसे बड़ा आयात स्रोत है।

पिछले वित्त वर्ष में, भारत का कुल आयात बढ़कर 915.19अरब अमेरिकी डॉलर होने का अनुमान है। यह वृद्धि उच्च माल आयात द्वारा संचालित थी, जो 720.24अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गयी, जो पिछले वित्त वर्ष में 678.21अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि थी। सरकार का कोई भी विभाग वर्तमान भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय सरकार के संचालन के बाद से कम और धीमी घरेलू औद्योगिक उत्पादन और घटती हुई नौकरी वृद्धि दर की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। सरकार एक सपने के सौदागर की तरह काम कर रही है, जिसे अक्सर भारत की दीर्घकालिक आर्थिक संभावनाओं का पूर्वानुमान लगाने और उस पर ध्यान केंद्रित करने में व्यस्त देखा जाता है। आयात करके प्रसन्न रहने वाली सरकार की उदार निवेश नीति, विशेष रूप से विनिर्माण में, की अनुपस्थिति में तथाकथित 'मेक-इन-इंडिया' पहल को बहुत कम सफलता मिली, जो विदेशी औद्योगिक निवेशकों को भारत की ओर आकर्षित कर सकती थी, जैसा कि उन्होंने कई वर्षों तक कम्युनिस्ट चीन में किया था। विदेशी निवेशकों को सरकार के राजनीतिक रंग में कोई दिलचस्पी नहीं है। 2025 के पहले तीन महीनों में, चीन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 36.9अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर था। पूरे 2024-25 के दौरान भारत में मात्र 0.4अरब डॉलर के एफडीआई प्रवाह के आकलन पर विचार करें। एक साल पहले यह 10.1अरब डॉलर था। गत वर्ष का आंकड़ा शायद देश के वार्षिक एफडीआई प्रवाह रिकॉर्ड में सबसे खराब प्रदर्शन है, जबकि सरकार भारत वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने की बात करती रहती है। भारत के अपने औद्योगिक उद्यमी देश में बहुत कम निवेश कर रहे हैं। इसके बजाय, वे विदेश में निवेश करने में लिप्त हैं सिंगापुर, अमेरिका, यूएई, मॉरीशस और नीदरलैंड ने मिलकर ओवरसीजएफडीआई (ओएफडीआई) में आधे से अधिक की वृद्धि की।

देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए केवल चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह वृद्धि मार्च 2024 में दर्ज 5.5 प्रतिशत से कम है। विनिर्माण क्षेत्र में और मंदी का अनुभव हुआ, जो वर्ष के लिए 4.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2023-24 में 12.3 प्रतिशत से काफी कम है। मार्च 2025 में आईआईपी में केवल तीन प्रतिशत की वृद्धि हुई। पिछले वित्तीय वर्ष की अप्रैल-अक्तूबर अवधि के दौरान औद्योगिक उत्पादन में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से कम बनी हुई है। विजुअल कैपिटलिस्ट के अनुसार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2025 में वैश्विक विनिर्माण उत्पादन का लगभग 29 प्रतिशत होने का अनुमान है। यह वैश्विक विनिर्माण में चीन के महत्वपूर्ण प्रभुत्व को बढ़ाता है, जो संभावित रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों के संयुक्त हिस्से से मेल खाता है या उससे अधिक है। विशेष रूप से, चीन के बारे में अनुमान है कि वह4.8 ट्रिलियन डॉलर का विनिर्माण उत्पादन करता है, जो वैश्विक मूल्य का 29 प्रतिशत है।

दो महीने से भी कम समय पहले, भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि देश अगले दो दशकों में अपने विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 12 प्रतिशत से बढ़ाकर 23 प्रतिशत करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति देना है। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में हूवरइंस्टीट्यूशन में बोलते हुए, वित्त मंत्री ने कहा था कि- भारत जीडीपी में विनिर्माण की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा घटक, चिकित्सा उपकरण, बैटरी और चमड़ा और कपड़ा सहित श्रम-गहन उद्योगों जैसे 14 पहचाने गये उभरते क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

हालांकि, इन उद्योगों में से, सेमीकंडक्टर केवल भारत में एक उभरता उद्योग प्रतीत हो सकता है। संयोग से, वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का वर्तमान स्वरूप लगभग 70 वर्ष पुराना है। पहला व्यावसायिक रूप से उपलब्ध माइक्रो प्रोसेसर, इंटेल 4004, 1971 में जारी किया गया था। भारत को चालू वर्ष के अंत तक विदेशी इक्विटी और तकनीकी नियंत्रण के तहत अपना पहला स्थानीय रूप से उत्पादित सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च करने की उम्मीद है। भारत सेमीकंडक्टर का एक प्रमुख आयातक है। इसका स्थानीय अंतिम उपयोग बाजार 2025 में 54 अरब से दोगुना होकर 2030 तक .108 अरब हो जाने का अनुमान है। हाल ही में, सरकार के अत्यधिक उदार निवेश प्रोत्साहनों से घरेलू सेमीकंडक्टर उत्पादन को बढ़ावा देने में विदेशी कंपनियों को मदद मिलने की उम्मीद है। हाल ही तक, सरकार देश के औद्योगिक और विनिर्माण आधारों को मजबूत करने के बारे में बहुत लापरवाह दिखी। 2014-15 में भी, जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार केंद्र में सत्ता में आयी (26 मई, 2014), तब भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने देश के सकल घरेलू उत्पाद में 16.3 प्रतिशत का योगदान दिया था। जबकि सरकार की बहुचर्चित 'मेक-इन-इंडिया' नीति सितंबर 2014 में शुरू की गयी थी, जिससे इसके हिस्से को तेजी से आगे बढ़ाने की उम्मीद थी, लेकिन बाद में सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान मुख्य रूप से कार्यक्रम के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की कमी और पिछले कुछ वर्षों में अनियंत्रित आयात वृद्धि के कारण कम हो गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि देश की वार्षिक जीडीपी वृद्धि दर आम तौर पर विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार के विकास को प्रतिबिंबित करने में विफल रही है।



## ललित सुरजन की कलम से

### विधानसभा चुनाव: कुछ देखी, कुछ सुनी

*भारतीय जनता पार्टी के तीन मुख्यमंत्री अब भूतपूर्व हो गए हैं। 17 दिसंबर को नए मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण का दृश्य हर तरह से सुंदर था कि वसुंधरा राजे, शिवराज सिंह और रमन सिंह तीनों अपने-अपने प्रदेश के समारोह में मंच पर उपस्थित थे। ऐसा शिष्टाचार अनुकरणीय है। लेकिन लगता है कि मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह अपनी हार को नहीं भुला पा रहे हैं। वे इन दिनों लगातार जिस तरह से स्वयं को सुर्खियों में बनाए रखने के यत्न कर रहे हैं उसे देखकर कुछ अच्छा नहीं लगता। शिवराज जी को 'टाइगर अभी जिंदा है' जैसे फिल्मी डायलागों का सहारा क्यों लेना चाहिए। उनके संवाद पर दिग्विजय सिंह का कटाक्ष मारक था कि कांग्रेस सरकार विलुप्तप्राय जीवों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध है, फिर भले ही बाघ बिना दांत व नाखून का क्यों न हो। हमारा आशय इतना ही है कि हारने के बाद इतना उतावलापन नहीं दिखाना चाहिए।*

**(देशबन्धु में 27 दिसम्बर 2018 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/12/blog-post_26.html

## पावन प्रसंग

### दान वही कर सकता है, जिसमें देने की भावना होती हो

मानव को दान देने की भावना प्रकृति से प्राप्त हुई। सागर बादलों के माध्यम से पृथ्वी को जल का दान करता है, वह बूंद-बंद के रूप में देता है तो नदियां उसे पुन: अथाह जलराशि के रूप में लौटाती हैं। किसान धरती में एक मुट्ठी अनाज समर्पित करता है तो धरती उसे लहलहाती फसल लौटाती है। माली धरती की गोद में एक आम की गुठली डालता है. धरती उसे वृक्ष के रूप में जन्म देकर वर्षों तक हजारों-लाखों आम देकर उसके मन को आनन्दमय बना देती है। दान वही कर सकता है, जिसमें देने की भावना होती है। यदि भावना ही नहीं है तो आपके पास भले ही लाखों-करोड़ों की धन-सम्पत्ति हो, वह समाज हित में बाहर निकल नहीं सकती।

आज दान भी प्रदर्शन एवं यश कीर्ति को बढ़ाने का एक माध्यम हो गया है। शिलालेखों पर नाम लिखाने का शौक भी दानदाताओं को प्रेरणा देने लगा है। इन सबके बावजूद शास्त्रकारों ने गुप्तदान की महत्ता प्रदर्शित करते हुए कहा है कि दान वही सर्वोत्तम है जो दायें हाथ से दिया जाय और बायें हाथ को भी उसका पता न चले। दान, दान के लिए है तो वह अधिक फलदायी होगा। यदि सम्मान के लिए दान दिया है तो उसका फल आपको सम्मान प्राप्त होते ही मिल जाता है। दान का फल यदि इसी उम्र में पाना चाहते हो तो उसका प्रदर्शन कर दो और यदि अगले जन्म में लाभ उठाने की भावना है तो उसे गुप्त ही रखो। किसी पर अहसान जता कर दिया गया दान कभी फलप्रद नहीं होता है, अत: दानी को चाहिए कि वह दान लेने वालों का भी यथोचित सम्मान करते हुए दान दे। समाज-सेवक सामाजिक कार्यों के लिए बड़े-बड़े सेठों के पास पहुंच कर अपनी योजना बताते हैं कि आप संस्था को इतना दान देंगे तो आपका नाम प्रमुख दानदाताओं में होगा। इससे अधिक देंगे तो आपका समाज की ओर से सम्मान कराया जायेगा। आपको प्रशस्ति पत्र देकर दानवीर की उपाधि से अलंकृत किया जायेगा। यह बात सुनकर दानीजन मुस्कराते हुए जी खोलकर दान के नाम पर लाखों रुपये दे देते हैं। कुछ सोचते हैं आखिर हम समाज के भले के लिए दे रहे हैं। अपने हाथों से दे रहे हैं। हमारे पास है इसलिए दे रहे हैं। आयकर वाले, वाणिज्य-कर वाले हर वर्ष हजारों रुपये रिश्वत के रूप में ले जाते हैं। उन्हें मजबूरी में देना पड़ता है और उसे दान के खाते में लिखना पड़ता है। अपना स्थान ऊंचा बनायें-अपने थोड़े-से स्वार्थ के लिए अफसरों का रुपयों से मुख बन्द करने वालों को चाहिए कि वे प्रामाणिकता से धन का अर्जन करें। इससे न राजभय होगा और न चोरों का भय। जो अपने पास वर्ष-भर खाने एवं खर्च करने के बाद बचता है तो उसका अधिक न सही, कम-से-कम दसमांश का दान समाज और मानव-हित के लिए अवश्य करें। दानी का स्थान सदैव ऊंचा ही रहता है। समुद्र के पास चाहे कितना ही जल क्यों न हो, वह नीचा ही रहता है और बादल जो कि अपने पास जितना जल है, वह देता है, अत: देने के कारण उसका स्थान सदैव ऊंचा होता है। आप भी अपना स्थान ऊँचा बनायें। इसी में आपका और मानवता का कल्याण है।

**-कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### मिलावट : मुंह में नहीं, ज़मीर में घुला ज़हर

मिलावट शब्द सुनते ही ज़हन में नकली दूध, पत्थर मिला चावल, गेंहू, चायपत्ती में रंग, और मसालों में धूल की तस्वीरें दौड़ जाती हैं। पर ये तस्वीरें सिर्फ़ पेट तक सीमित नहीं हैं। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, ज़मीर और व्यवस्था में हो रही है। बाज़ार में बिकने वाले हर उत्पाद के साथ-साथ हमारी संवेदनाएं, ईमानदारी और नैतिकता भी धीरे-धीरे प्रदूषित हो रही हैं और मज़े की बात देखिए — इस मिलावट को हमने इतना आम मान लिया है कि अब जब असली चीज़ सामने आती है, तो हमें शक होने लगता है।

चावल में पत्थर मिलना अब कोई आश्चर्य की बात नहीं है। दाल में कंकड़, मटर में रंग, नमक में पाउडर और घी में मोम — ये सब जैसे अब जीवन के स्थायी सदस्य हो गए हैं। दुकानदारों से लेकर बड़े-बड़े ब्रांड्स तक, मुनाफे की अंधी दौड़ में सब शामिल हैं। हर कोई चाहता है कम लागत में ज़्यादा मुनाफा, और इसका सबसे आसान तरीका है — मिलावट। नीयत में मिलावट, नफे में धोखा, और ग्राहक की सेहत की बलि।

गांव की गलियों से लेकर शहर के शोर तक, हर ओर वही अफ़सोसनाक कहानी है। अचार में पड़ी लाल मिर्च चमकती है, लेकिन असल में वह रंग ऐसा होता है जो कपड़े रंगने के लिए होता है। दूध में जो झाग है, वह डेयरी की ताजगी नहीं बल्कि डिटर्जेंट का कमाल है। और सब्ज़ियों पर जो हरियाली दिखती है, वह प्रकृति की नहीं, रसायनों की देन है। हम जो खाते हैं, वह शरीर में नहीं, धीरे-धीरे हमारी आत्मा में ज़हर घोल रहा है।

एक समय था जब किसी के घर से दूध, घी या अनाज आता था तो उसे आंख मूंदकर स्वीकार कर लिया जाता था। आज तो रिश्तेदार की लाई हुई मिठाई को भी जांचने की ज़रूरत है — कहीं वह मिलावटी न हो। बाज़ार में 'शुद्धता' अब सिर्फ एक ब्रांडिंग टूल है, हकीकत से उसका कोई लेना-देना नहीं। '100प्रतिशत शुद्ध' लिख देने से चीज़ें शुद्ध नहीं हो जातीं, लेकिन उपभोक्ता की आंखों पर ऐसी पट्टी बंध चुकी है कि वह सोचता भी नहीं।

मिलावट सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं है। भावनाओं में मिलावट, रिश्तों में स्वार्थ की मिलावट, इबादतों में दिखावे की मिलावट और सबसे खतरनाक— राजनीति में विचारधाराओं की मिलावट। पहले लोग विचारों के लिए जिए और मरे, अब विचार तो 'पैकेज' में आते हैं। आजकल 'सेक्युलर' और 'राष्ट्रवादी' दोनों को एक ही विज्ञापन में बेचा जा सकता है — बस प्रचार सही हो। कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ — इसका निर्णय अब ट्रोल आर्मी करती है, न कि तर्क और विवेक।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मिलावट अब हमारी पहचान बन गई है। चुनावी घोषणाओं में वादों की मिलावट, अखबारों में खबरों की मिलावट, सोशल मीडिया पर तथ्यों की मिलावट — हर तरफ़ से हमें मिलावटी दुनिया ही घेर रही है और जब कोई सच्चाई से बोलता है, तो वो या तो 'एंटी-नेशनल' कहलाता है या 'पेड' एजेंडा वाला। यही है असली त्रासदी।

दूसरी ओर, मुनाफाखोरी की भूख भी रुकने का नाम नहीं ले रही। व्यापारी जानता है कि अगर वह मूँगफली में 5त्न पत्थर मिला देगा, तो साल के अंत में लाखों का फायदा होगा। कंपनियाँ जानती हैं कि अगर थोड़ा-बहुत पाउडर रंग मिला दें तो ग्राहकों को च्फ्रेशज्ज लगेगा। और उपभोक्ता को ये सब पता होते हुए भी, वह मजबूर है — क्योंकि विकल्प कम हैं और सच्चाई महंगी है।

**प्रियंका सौरभ**

# कागजों में बना दिये करोड़ों के शौचालय

## गुना और पश्चिम बंगाल के लोगों के भी मोबाइल नंबर शामिल







## प्रधानमंत्री मोदी के अभियान को पलीता लगाने वाले अधिकारियों से वसूली की आवाज विपक्ष ने उठाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम साधारण सभा की बैठक में चर्चा के लिए मंगलवार को जो प्रस्ताव लाए गए, उनमें से अधिकांश तो सर्वसम्मति से पारित हो गए लेकिन नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा के एक आरोप ने पूरे सदन को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने पांच-छ वर्ष पूर्व स्वच्छता अभियान के तहत बनाए गए शौचालयों में फर्जीवाड़ा होने की बात कही। नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा ने कहा कि जिन अधिकारियों के पास उस समय प्रभार था उन्होंने कागजों में शौचालय बनाकर करोड़ों रुपए का घोटाला कर दिया। जिनके घरों में शौचालय बनाकर भुगतान किया गया, उनके नाम और नंबर और दोनों फर्जी हैं। अभी तीन वार्ड फर्जीवाड़ा की बात सामने आई है उनमें सेठ गोविंददास, विनोबा भावे और द्वारका प्रसाद मिश्रा वार्ड है।

### गंदगी फैलाने पर लगेगा जुर्माना

साधारण सभा की बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित एक प्रस्ताव लाया गया, जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना लगाने का नियम बनाने की बात कही गई।

इस प्रस्ताव पर सहमति देने से पूर्व कांग्रेस की ओर की ओर से नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि किस स्थिति में जुर्माना लगाया जाएगा, यह स्पष्ट किया जाए क्योंकि वर्तमान में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था ठप पड़ी हुई है, ऐसे में लोग मजबूरन कचरा बाहर फेंकते हैं, ऐसे में यदि उन पर जुर्माना लगाया गया तो यह गलत होगा। इसके बाद जल प्रभारी ने परिपत्र पढ़कर स्थितियों से अवगत कराया।

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा

द्वारका प्रसाद मिश्रा वार्ड के पार्षद जितेंद्र सिह ठाकुर ने बताया कि उनके पास जो सूची है उसमें एक ही नाम के आवेदक का कई जगह नाम है। 1 ही मोबाइल नंबर कहीं 32 तो कहीं इससे ज्यादा स्थानों पर नाम है।

### गुना और पश्चिम बंगाल के नंबर

बताया गया कि सूची की पड़ताल करने पर पता चला है कि ऐसे मोबाईल नंबर भी हैं जो गुना या पश्चिम बंगाल के शहर में रहने वालों के हैं। शहर तो छोड़ो जबलपुर नगर निगम के तत्कालीन अधिकारियों या कर्मचारियों ने दूसरे प्रांत के शहरों के लोगों के यहां भी शौचालय बना दिये।

### उच्च स्तरीय जांच जरूरी

इस बारे में पार्षद ठाकुर ने बताया कि महापौर श्री अन्नू ने पंद्रह दिनों के अंदर इसकी जांच का भरोसा दिलाया है, इसके बाद जांच नहीं होने पर ईओडब्लू जैसी एजेंसी को प्रकरण या शिकायत भेजने का काम किया जायेगा।

### एक शौचालय के दस हजार मिले

जानकारों के अनुसार प्रत्येक शौचालय निर्माण के लिये दस हजार की राशि स्वीकृती की गई थी, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है जब तीन वार्डो की सूची है तो 79 वार्ड में भारी फर्जीबाड़ा से इंकार नहीं किया सकता है।

इसके पहले निगम अध्यक्ष रिंकूज विज की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जिसमें विपक्ष और पक्ष के पार्षदों ने अपने क्षेत्रों की समस्या को रखा। जिसमें भाजपा के पार्षद कमलेश अग्रवाल और जल प्रभारी दामोदर सोनी आदि अपनी बात रखी।

### वकील ने हंसाकर जीता सबका दिल

कांग्रेस पार्षद वकील अंसारी जब सदन में अपनी बात बोलने के लिए खड़े हुए तो तो उन्होंने अपनी बात को इस ढंग से रखा कि सबके चेहरे पर हंसी आ गई, उनकी इस अदा ने सबका दिल तो जीता ही, साथ ही सबके सामने विरोध प्रकट करने का एक उदाहरण भी पेश किया। दराअसल वे अपने क्षेत्र में एलएंडटी नाले को एनएमटी की तर्ज पर विकसित करने की मांग लंबे समय से कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई, अपनी इस बात को आज फिर उन्होंने बड़े अच्छे ढंग से मेयर के सामने रखा। मेयर ने भी उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही मांग पूरी कर दी जाएगी।

### अंदर बैठक, बाहर नारे

एक ओर पंडित भवानी प्रसाद सभाकक्ष में शहर-कर्मचारी हित और विकास के लिए साधारण सभा की बैठक चल रही थी तो वहीं दूसरी ओर सदन के बाहर एकत्रित कुछ लोग और कर्मचारियों की भीड़ हकीकत बंया कर रही थी। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कर्मचारी तीन माह से पेमेंट न होने के कारण प्रदर्शन कर रहे थे। साथ ही मुस्लिम क्षेत्र के कुछ लोगों ने जल संकट को लेकर जमकर नारेबाजी भी की।

### शोक संवेदनाएं व्यक्त की

बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष रिकुज विज, मेयर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने पहलगाम में आतंकी हमले में मृत हुए लोगों, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पत्रकार महेश महदेले, पार्षद जितेंद्र कटारे की नानी, पार्षद राहुल साहू के पिता जी सहित अन्य दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मुख्य अंश

- कांग्रेस पार्षद दल सचेतक अयोध्या तिवारी ने नगर सरकार पर सवालों की झड़ी लगा दी। उन्होंने महापौर, एमआईसी, नगर निगम अधिकारियों सभी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले सवा साल से मेंबर्स के दम पर नगर सरकार चल रही है। ये जबलपुर जनता के साथ सरासर मजाक है।
- नगर निगम में स्वास्थ्य अधिकारी एमबीबीएस या डिप्लोमा इन पब्लिक हेल्थ होना चाहिए पर हमारे शहर में स्वास्थ्य अधिकारी एक इंजीनियर को बनाकर रखा है।
- नगर निगम के समस्त भवनों में महापौर वाटर हार्वेस्टिंग लगाने के लिए कह रहे हैं और खुद नगर निगम जबलपुर मुख्यालय में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगा है।
- नगर निगम जबलपुर में 79 वार्ड हैं। और लगभग 18 लाख जनता यहां की रहवासी है। और साल भर रमनगरा और ललपुर की जब तब चाहे पाइपलाइन फूटती रहती है। पर विडंबना देखिए कि 18 लाख जनता को/आबादी को पानी पहुँचाने के लिए मात्र 32 टेंकर्स ही हैं। ये अपने आप पर एक बड़ा सवाल खड़ा करता है।
- ननिज में यातायात एवं परिवहन विभाग बिना विभागीय मुखिया के चल रहा है। विडंबना देखिए कि यहां सहायक यातायात एवं परिवहन अधिकारी ही नहीं हैं। यहां अंधेर नगरी चौपट राजा कहावत फिट बैठती है।

## कोटा में दलालों की हरकत से जबलपुर मंडल में खलबली

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे के हेड ऑफिस (एचओ) कोटा में दलाल और टिकट एजेंटों ने पूरी तरह से सेंधमारी कर जिस कारनामे को अंजाम दिया उससे पमरे के जबलपुर मंडल में भी खलबली का माहौल हैं। रेल सूत्रों के मुताबिक कोटा के बाद रेलवे के टिकट दलालों का सबसे बड़ा गिरोह जबलपुर में सक्रिय हैं। कोटा की घटना के बाद पमरे और खास तौर पर जबलपुर मंडल में अब मुखबिर तंत्र के जरिए दलालों की धरपकड़ की तैयारी की जा रही हैं। रेल सूत्रों के अनुसार विगत माह एक रेल अफसर के नाम पर फर्जी लेटर पैड के जरिये टिकट कंफर्म कराने की जांच अभी चल ही रही है कि रेल मंत्रालय से एक ही पीएनआर पर बने पांच टिकट कंफर्म कराने को कहा गया। टिकट कन्फर्म कर दिया गया लेकिन संदेह होने पर जब टीटीई ने यात्रियों से पूछताछ की तो पता चला कि उन्होंने टिकट एजेंट से कंफर्म कराए और बदले में प्रति टिकट 5500 रुपये दिए हैं। फिलहाल मामले की जानकारी रेलवे बोर्ड को दे दी गई है।

### रेल मंत्री के पीए के फर्जी लेटर से टिकट कटाकर वसूले 27 हजार

## सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भाजपा करेगी प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी आज

### केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा करेंगे संबोधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के विकसित भारत का अमृतकाल - सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर द्वारा आयोजित कार्यक्रमो की श्रृंखला में भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा प्रोफेशनल मीट का आयोजन कल बुधवार 11 जून को शाम 5 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में किया गया है। कार्यक्रम को केंद्रीय राज्यमंत्री बी एल वर्मा (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) संबोधित करेंगे। इस अवसर पर केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसका उद्घाटन अतिथियों द्वारा किया जायेगा।



भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया केंद्रीय राज्य मंत्री बी एल वर्मा का आगमन कल बुधवार को दोपहर 3:30 बजे डुमना एयरपोर्ट पर होगा।

सोनकर ने बताया भाजपा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल मीट में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद श्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज के साथ वरिष्ठ जनों के साथ जबलपुर के प्रबुद्ध वर्ग से चिकित्सक, अधिवक्ता, इंजीनियर, आई टी एक्सपर्ट, चार्टर्ड एकाउंटेंट, उद्योगपति, चेंबर के पदाधिकारी, शिक्षा विद, पत्रकार आदि शामिल होंगे।

## नगर निगम की अनदेखी से शहीद स्मारक गोलबाजार के पाथवे की फेंसिंग का काम अटका

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोलबाजार शहीद स्मारक के रहवासियों ने स्थानीय पार्षद अयोध्या तिवारी के साथ शहीद स्मारक पाथवे के फेंसिंग के काम को पुनः चालू कराने और वे कौन से कारण हैं जिसके चलते पिछले डेढ़ महीने से ये काम रोक दिया गया है उन्हें जाननें आज ननिज आयुक्त के साथ मुलाकात की।

इस दौरान पार्षद अयोध्या तिवारी ने कहा कि जबलपुर के मध्य स्थित गोल बाजार जो कि दिल्ली के कनॉट प्लेस जैसा इस शहर का हृदय स्थल है को स्मार्ट सिटी के अंतर्गत सुंदर और व्यवस्थित बनाया जाना लक्षित था। जो कि ब्क्ष्ठ प्रोजेक्ट के तहत सँवारा जाना था जिसके अंतर्गत स्मार्ट रोड्स, स्मार्ट अंडरग्राउंड ड्रेनेज, स्मार्ट हैरिटेज इलेक्ट्रिक पोल्स, स्थानीय रहवासियों के सुबह-शाम पैदल वॉकिंग करने के लिए पाथवे आदि सम्मिलित था। रोड्स, नालियाँ, अंडरग्राउंड इलेक्ट्रिफिकेशन, हेरिटेज इलेक्ट्रिक पोल्स आदि तो जैसे तैसे तैयार कर दिये गये लेकिन स्थानीय रहवासियों के सुबह-शाम पैदल वॉकिंग करने के लिए जिस पाथवे को बनाया गया था उसे अतिक्रमणकारियों को आमंत्रण देने के लिए खुला और बेसहारा छोड़ दिया गया। अर्थात् उस पाथवे पर पैदल चलने की जगह लोगों ने चाय, पान, नास्ता आदि के ठेले लगा दिये हैं।



ग़ौरतलब है कि इस समस्या से निजात दिलाने के लिए पार्षद अयोध्या तिवारी ने स्थानीय रहवासियों से विचार विमर्श कर नगर निगम आयुक्त को गोलबाजार का निरीक्षण करने के लिए कहा था और निरीक्षण कर इस पाथवे को बारविड वायर से फेंसिंग कराने का प्रस्ताव आयुक्त नगर निगम के सामने रखा था। पार्षद अयोध्या तिवारी के प्रस्ताव पर रज़ामंदी देते हुए आयुक्त ननिज ने अविलंब इस काम के लिए टेंडर निकालने को आदेशित किया था और अतिशीघ्र इसका टेंडर निकालने के लिए भी निर्देशित किया था। पार्षद अयोध्या तिवारी ने कहा कि जब ननिज से कॉन्ट्रैक्टर भी अप्वाइंट हो गया, काम भी चालू हो गया।

## संस्कारधानी के उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ी कृष्णा सुनेरिया का भारतीय बास्केटबॉल दल में चयन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय खेल प्राधिकरण, साई प्रशिक्षण केंद्र, जबलपुर के कृष्णा सुनेरिया बोर्डिंग स्कीम के खिलाड़ी तथा आयुषी यादव डे बोर्डिंग के खिलाड़ी का साबा अंडर 16 बास्केटबॉल चैम्पियनशिप, 2025 के लिए लिए आयोजित भारतीय बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ था, अंडर 16 भारतीय पुरुष वर्ग का शिविर इन्दौर में तथा महिला वर्ग का चैन्नई में 18 मई से 11 जून, 2025 तक आयोजित किया गया। कृष्णा इंदौर तथा आयुषी चेन्नई में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में अभ्यासरत थे।

जबलपुर के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सेठीनगर, रामपुर स्थित युवा भवन के इनडोर बास्केटबॉल कोर्ट में साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर से विगत 2-3 वर्षो से मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कृष्णा सुनेरिया पुरुष वर्ग केम्प में चयनित के बाद, भारतीय बास्केटबॉल दल के साथ -16 बास्केटबॉल चैंपियनशिप मेल (मालदीव्स) में दिनांक 12 जून, 2025 से दिनांक 15 जून, 2025 तक आयोजित चैंपियनशिप में भाग लेगें 7 भारतीय दल आज मालदीव्स के लिए रवाना होगी

इस सफलता के लिए कृष्णा सुनेरिया को साई बास्केटबॉल कोच विकास यादव, हरप्रीत कौर, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच कुलदीप सिंह बरार तथा राज्यीय बास्केटबॉल कोच जगजीत सिंह, अर्जुन अवार्डी मधु यादव, म.प्र.ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजयसिंह, खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी आशीष पांडेय, जॉफ सचिव बलदेवराज धूपर, शालेय खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, म.प्र.बास्केटबॉल तकनीकी समिति के चेयरमैन श्रीराम तिवारी, राकेश मिश्रा, अमित अम्ब्रोस, अतुल ग्रेबियल, प्रफुल्ल रैकवार, विप्लव कुमार एवं साई जबलपुर की केन्द्र प्रभारी दुर्गेश नंदनी, और नगर के समस्त बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने अपनी शुभकामनायें प्रेषित की ।




## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह आज विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार 11 जून को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह बुधवार को दोपहर 12 बजे होटल गुलजार में आयोजित सोशल मीडिया कार्यशाला में, दोपहर 1 बजे घंटाघर के समीप स्थित कन्वेंशन सेंटर में सफाई संरक्षकों के सम्मान समारोह में तथा शाम 4 बजे होटल नर्मदा जेक्शन में आयोजित पत्रकार वार्ता में शामिल होने के बाद शाम 6 बजे कार द्वारा जबलपुर से छिंदवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।

## वेस्टर्न इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाईव बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** 7 से 9 जून 2025 को दूसरा वेस्टर्न इंडिया स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाईव बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर शहर के एमएलए हाउस हॉस्टल में आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश की टीम ने चैंपियन हासिल की एवं नगर के खिलाड़ियों ने मेडल जीते जिसमें मास्टर वर्ग में खूबचंद मलगानी ने एक गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल प्राप्त किये। राजा बाबू बावरिया ने एक गोल्ड पदक प्राप्त किया। मनी चौधरी ने एक रजत पदक प्राप्त किया। रेशमजीत कौर खनूजा ने एक रजत पदक प्राप्त किया।

सतीश यादव एवं सावित्री यादव हर्ष गोस्वामी, गुरु चरण श्रीवास्तव लॉरेंस मार्टिन ,आनंद पटेल, आनंद जैन, मोहम्मद हनीफ, योगेश खंडेलवाल एवं हरभजन सिंह खनूजा, मनीष अग्रवाल मनोज खत्री, डिंपल लालवानी, चंद्रप्रकाश कुलचंदानी एवं गुरमीत कौर मैनी जी एवं संजय बिलोरे ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां दी।

## आउटसोर्स कर्मचारियों का दो दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण संपन्न




**जबलपुर, देशबन्धु।** . पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में आउटसोर्स कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ, प्रशिक्षण के दौरान कंपनी के प्रशिक्षण अधिकरियों द्वारा प्रशिक्षुओं को अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उपभोक्ता से उचित संवाद एवं व्यवहार का प्रशिक्षण, आकस्मिक दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा नियम, परमिट, शटडाउन एवं आपातकालीन ब्रेकडाउन, वितरण ट्रांसफार्मर का कार्य, रख रखाव, फेल होने के कारण एवं रोकथाम, सबस्टेशन का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही केंद्रिय विद्युत प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा निर्देशित सुरक्षा मानकों, उपकरण एवं उनका समय समय पर उपयोग एवं निरीक्षण, मानसून पश्चात पेट्रोलिंग एवं विद्युत लाइन का सुरक्षा रखरखाव सुधार कार्य, कनेक्शन, प्राथमिक उपचार, अर्थिंग एवं अन्य तकनीकी कार्यों की भी जानकारी दी, जिससे उनके तकनीकी ज्ञान में वृद्धि हुई । इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के दौरान उनका अनुभव के बारे में अति मुख्य महाप्रबंधक एस.के. गिरिया के द्वारा चर्चा की गयी एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को लाइन मेन सेफ्टी किट (बैग, सेफ्टी झूला, हैण्ड ग्लव्स, हैलमेट, टेस्टर, प्लायर, टेस्ट लैंप, बल्ब, स्पेनर सेट-10 नग, टार्च) एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया, इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, नयागांव जबलपुर के प्रभारी अति.मुख्य महाप्रबंधक एस.के. गिरिया, सिस्टम एनालिस्ट क्षितिज जैन, प्रबंधक प्रशिक्षण एस.के. देवलिया, के.बी. थापा एवं खुशबू गुप्ता उप प्रबंधक उपस्थित रहे ।

## त्रैमासिक योगा कैंप एवं समर कैंप का शुभारंभ 11 जून से

### मप्र पुलिस, आरपीएफ एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन का संयुक्त आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश पुलिस, रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) एवं प्रतिष्ठा स्पोर्टिंग एसोसिएशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में त्रैमासिक योगा कैंप एवं मासिक समर कैंप का शुभारंभ 11 जून को सुबह 6 बजे आईजी आरपीएफ व एसपी जबलपुर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कैंप में योगाचार्य दीपक द्वारा पुलिस ग्राउंड एवं रेलवे ग्राउंड में पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराकर प्रशिक्षित किया जाएगा। कैंप सुबह 6 बजे से 7.30 बजे प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा।

### बच्चों को दी जाएगी गेम्स की ट्रेनिंग

आरपीएफ ने बताया पुलिस कर्मियों के बच्चों के लिए एक माह का समर कैंप भी आयोजित किया गया है। 11 जून से एक माह तक चलने वाले समर कैंप में इनडोर व आउटडोर गेम्स में रूचि रखने वाले बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक्सपर्टस द्वारा ट्रेनिंग दी जाएगी। एक माह बाद इन बच्चों के लिए टूर्नामेंट आयोजित किया जाएगा। समापन पर विजेता बच्चों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान

## समरसता सेवा संगठन ने संत कबीर जयंती के अवसर पर पौधारोपण



**जबलपुर, देशबन्धु।** जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान, मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान यह कबीरदास का एक प्रसिद्ध दोहा है। इसका अर्थ है कि किसी साधु की जाति नहीं पूछनी चाहिए, बल्कि उसका ज्ञान, उसकी समझ और उसके विचारों को देखना चाहिए। दूसरे शब्दों में, किसी व्यक्ति का मूल्य उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके ज्ञान और चरित्र से निर्धारित होता है, यह बात वरिष्ठ पत्रकार विजय तिवारी ने समरसता सेवा संगठन के द्वारा संत कबीर दास जी की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित जयंती समारोह के अवसर पर अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में कही। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद शिवकुमार सिंह ठाकुर, मुख्य वक्ता साहित्यकार विजय तिवारी, विशिष्ठ अतिथि एन पी झारिया, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्ज्वल पचौरी मंचासीन थे। संत कबीर दास की जयंती पर समरसता सेवा संगठन उन्होंने कहा कबीर दास का 13 सौ सदी में जन्म हुआ 15 सौ सदी तक वह रहे और उन्होंने तीन सदियों को देखा है और इन तीन सदी में समाज की विषमताओं को भी देखा और इसके बाद उन्होंने समाज में व्याप्त कुरूतियो को सुधारने के प्रयास प्रारंभ किए और अपने दोहों के माध्यम से समाज को जागृत करने का कार्य किया। मुख्य अतिथि शिवकुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा संत कबीर दास ने समाज और राष्ट्र को प्रेम से जोड़ने का कार्य किया है। शिवकुमार ने कहा कबीर दास कहते है आज झूठ बिक रहा है और सत्य शांत बैठा है इसीलिए हमें कबीर दास से प्रेरणा लेकर सत्य को लोगो तक पहुंचाना होगा। कबीर दास को एक संत होने के साथ ही क्रांतिकारी कवि के रूप में हम जानते है। यह अभिनंदनीय कार्य है। कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि एनपी झारिया, वरिष्ठ समाजसेवी श्याम सुंदर साहू ने भी संबोधित किया। प्रसिद्ध गायक अनवर हुसैन ने अपने गीतों के माध्यम से कबीर दास के दोहों को कार्यक्रम में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना एवं स्वागत उद्बोधन समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शरद ताम्रकार एवं आभार सचिव उज्ज्वल पचौरी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर राज सागरी, सुरेश विचित्र, के एल कोष्टा, शंकर लाल गौंटिया, जगदीश नाहर, दीपचंद विनोदिया, चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, डैनी बुंदेला, अमित मेहरा, चमन लाल दोहरे, संतोष राठौर, निशा विश्वकर्मा, मधु गुप्ता, वनिता मालवीय, देवेश्वर मोदी, रामसेवक पटेल, जगदीश यादव, कन्हैया लाल गुप्ता, योगेंद्र मालवीय उपस्थित थे।

## स्कूल चले थीम पर हुआ क्लब सेलिब्रेशन

**जबलपुर,देशबन्धु।** स्कूल चले थीम पर महिलाओं ने गेम्स और एक्टिविटी सेलिब्रेट की। कार्यक्रम में महिलाओं ने स्कूल ड्रेस पहनकर तरह-तरह के गेम्स खेले। इसके साथ ही स्कूल से जुड़े संस्मरण सुनाए। गेम्स और एक्टिविटी में विजेता रहीं महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष नीलिमा सेठ, सचिव राजश्री पिठवा, निशा त्रिवेदी, अनीता शुक्ला, हर्षिता गांधी, जूली सोनी मौजूद रहीं।

### कबीर सम्मान एवं कृति लोकार्पण समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** साहित्य सहोदर संस्था के तत्वावधान में कबीर सम्मान एवं पुस्तक लोकार्पण समारोह 11 जून को शाम 6 बजे से जानकीरमण कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र जानदार होंगे। समारोह में व्यंग्यकार सुरेश मिश्र विचित्र की पुस्तक यह जबलपूर है बाबू का लोकार्पण किया जाएगा।

# सिटी बंगाली क्लब में स्नान यात्रा आज





**जबलपुर, देशबन्धु।** बंग भाषियों की प्राचीन एवम प्रमुख संस्था सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसियेशन सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक के जगन्नाथ मंदिर में बुधवार 11 जून को संध्या 6 बजे से स्नान यात्रा जिसे देव स्नान पूर्णिमा भी कहा जाता है आयोजन किया गया है।

सचिव प्रकाश साहा ने बताया कि परंपरा अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रतिष्ठा दिवस एवं स्नान यात्रा के साथ भगवान को 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया जायेगा,इस अवसर पर कोलकाता से प्रख्यात कीर्तन गायक अदिति मुंशी द्वारा हरिराम कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा इसके पश्चात् भक्तजनों को 56 भोग प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

**स्नान यात्रा की मान्यता**- जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ,बहन सुभद्रा ,बड़े भाई बलभद्र को शुद्ध जल से स्नान कराया जाता है इसके बाद तीनों देव एकांतवास में चले जाते है फिर रथ यात्रा के दिन लोगो को दर्शन देते है। ऐसा माना जाता है की देवों के अवस्वस्थ होने पर 15 दोनो तक काढ़ा का प्रसाद चढ़ाया जाता है ।स्वस्थ होने पर जनदर्शन के लिए रथ यात्रा निकाली जाती है।

**15 दिन बंद रहेंगे मंदिर के कपाट**- स्नान यात्रा पूजा के पश्चात गुरुवार 12 जून से सिटी बंगाली क्लब के जगन्नाथ मंदिर के कपाट 26 जून तक बंद हो जाएंगे परंपरा अनुसार 27 जून को रथयात्रा के दिन तीनों देव रथ पर सवार होकर शहर में जनदर्शन के लिए निकलेंगे।

भक्तजनों में उत्साह स्नान यात्रा को लेकर भक्तजनों में उत्साह है भगवान जगन्नाथ को भोग प्रसाद के लिए भक्त गण घरों से बनाकर अर्पित करेंगे वहीं अदिति मुंशी के संकीर्तन सुनने के लिए बेसब्री से इंतजार किया जा रहा कीर्तन को जनप्रिय बनाने ओर घर घर पहुंचाने का श्रेय अदिति मुंशी को दिया जाता है बंगाल में प्रसिद्ध अदिति देश विदेश में कार्यक्रम प्रस्तुत करती है वे जबलपुर पहली बार आ रही है। समिति के सदस्यों ने भक्तजनों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# भाषाई विरासत को मजबूती देने जरूरी है हिन्दी सहित अन्य भाषा का ज्ञान



**जबलपुर, देशबन्धु।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय सीओडी में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य वाय के सोलंकी ने शुभारंभ किया। सात दिवसीय शिविर में भारतीय भाषा सीखने पर जोर दिया जाएगा। टीजीटी दिनेश कुमार पटेल ने शिविर के उद्देश्य समझाए। इसके साथ ही स्टूडेंट्स को भारतीय भाषाओं की विविधता एवं सुंदरता से परिचित करवाया। शिविर में स्टूडेंट्स को एक या अधिक भारतीय भाषाओं की जानकारी देना और भाषा सीखने के लिए मजेदार गतिविधियों को करवाया गया। स्कूल में प्रथम दिन मराठी एवं बंगाली के जरिए बुनियादी अभिवादन, अभिव्यक्तियां, अक्षर एवं संख्याओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पीजीटी अर्पिता भट्टाचार्य, पीआरटी संध्या कुलकर्णी ने दिया। कार्यक्रम में टीजीटी आइलीन भुइया, पीआरटी मनीषा बेंजामिन का सहयोग रहा।

**बुनियादी संवाद कौशल को मिला बढ़ावा**- इसी क्रम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वनएसटीसी में 7 दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर की शुरुआत हुई। उपप्राचार्य सुनीता केशर ने शुभारंभ कर शिविर के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि भाषाई विरासत को मजबूती देने के लिए हिन्दी सहित अन्य भाषाओं का ज्ञान होना जरूरी है। इस दौरान बुनियादी संवाद कौशल विकसित करने की बात कही गई। प्रथम दिन भाषा शिक्षक धरणीधर तिवारी ने संस्कृत एवं सृष्टि पोगडे ने मराठी भाषा सिखाई। इस मौके पर संयोजक पीजीटी आज्ञा कौर, हर्ष राठी, संदीप सोरेन का सहयोग रहा।

# स्मार्टफोन के प्रति ही सच्ची श्रद्धा बची है



**जबलपुर, देशबन्धु।** व्यंग्यम संस्था के तत्वावधान में रचनापाठ गोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में व्यंग्यकार और कवियों ने अपनी नवीनतम रचना का पाठ किया। रचना पाठ में दिनेश अवस्थी ने श्रद्धा और स्मार्टफोन, मनोहर बिलौरे ने ये विशेषण मुझे परेशान करते हैं, रमेश सैनी ने वीर रस के कवि का दुख, नरेश जैन ने व्यंग्य कविताएं, चंद्रशेखर विश्वकर्मा ने व्यंग्य कविता, प्रदीप शशांक ने भ्रष्टाचार का पत्थर, रचना का पाठ किया। अध्यक्षता व्यंग्यकार अरुण अर्णव खरे ने की।

# पोट्रेट व चारकोल आर्ट वर्क के बनाए नमूने



**जबलपुर, देशबन्धु।** नृत्यांजली कला अकादमी एवं कला वृक्ष गुरुकुल संस्था के तत्वावधान में ब्लूम आर्ट कला उत्सव का समापन किया गया। आयोजन में पोट्रेट और चारकोल की कार्यशाला में 60 से अधिक युवाओं की सहभागिता रही। असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप किंडो ने पोट्रेट एवं चारकोल के निर्माण की बारीकियों से अवगत करवाया। इस दौरान 50 कला पेंटिग प्रस्तुत की गई। चित्रकला, पोट्रेट एवं चारकोल के प्रतिभागियों को उत्तराखंड की कलागुरु डॉ. सरिता पांडे, डॉ. समता दुबे, शलभ नायक, कामना नायक, राजेश पाठक प्रवीण, आलोक पाठक ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। आयोजन में अरुक्षा नायक, अनुभव दुबे, अथर्व नायक मौजूद थे।

# मेधावी छात्र अलंकरण समारोह सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर/उ. मा. विद्यालय महाकोशल प्रांत के 21 प्रतिभाशाली भैया बहिनों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में एवं 35 भैया बहिनों ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की बोर्ड परीक्षा 10वीं 12वीं में जिला की प्रवीण्य सूची में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त कर विद्याभारती महाकोशल प्रांत के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर मा. अखिलेश मिश्र क्षेत्रीय संगठन मंत्री, डॉ. राजकुमार आचार्य अध्यक्ष एवं कुलगुरू जीवा विश्वविद्यालय ग्वालियर, मा. डॉ. अखिलेश जी गुमस्ता वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ, रत्नेश सोनकर नगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जबलपुर मंचासीन रहे। इस अवसर पर जगतगुरू स्वामी नरसिंहदास महाराज आशीर्वचन प्रदान करते हुए कहा कि शिक्षा इसलिए प्राप्त करते है वे समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित करें इस अवसर पर वरिष्ठ प्रचारक मा. भालचंद रावले, मा. अमित दवे प्रांत संगठन मंत्री, डॉ. सुधीर अग्रवाल प्रांत सचिव, मा. विष्णुकांत ठाकुर कोषाध्यक्ष, मा. जितेन्द्र सिह परिहार क्षेत्रीय मंत्री, मा. ईडी पटेल के साथ प्रांतीय समिति के सदस्य, महाकोशल प्रांत से आए हुए विभिन्न विद्यालयों के भैया बहिन, अभिभावक, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य उपस्थिति रहे। आभार प्रदर्शन डॉ. सुधीर अग्रवाल द्वारा किया गया।

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 11 जून 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। जेष्ठ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा नक्षत्र- जेष्ठा**

मेष - आज आपका ध्यान आध्यात्मिकता की ओर ज्यादा रहेगा। रहस्यों से भरपूर गूढ़ विद्याओं की तरफ भी आपका झुकाव बढ़ेगा। गहन चिंतन आपको कुछ अनोखा अनुभव कराएंगे।

वृषभ - परिवारजनों तथा दांपत्यजीवन में सुख-शांति का अनुभव कर सकेंगे। रिश्तेदारों तथा मित्रों के साथ आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। किसी छोटे प्रवास की योजना बन सकती है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन - आज के दिन आप नाम और कार्य में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आपके घर- परिवार में आनंद और शांतिपूर्ण माहौल रहेगा। आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है। **(क. 990-568)**

कर्क - दिन का आरंभ चिंता और उद्वेग के साथ होगा। स्वास्थ्य की शिकायत भी रहेगी। नए काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। आकस्मिक धन खर्च होगा। प्रेमीजनों के बीच वाद-विवाद होने से मनमुटाव होगा।

सिंह - आपके मन पर नकारात्मक विचार छाए रहने से हताशा अनुभव करेंगे। मन अस्वस्थ रहेगा। घर में मेल-जोल कम रहेगा। मां का स्वास्थ्य खराब होगा। उनके साथ वैचारिक मतभेद होगा।

कन्या - आज जल्दबाजी किए बिना सोच-समझ कर ही कोई काम करें। आज ढंग से प्रयास करेंगे, तो काम में सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आपको जिद छोड़कर लोगों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अपनी वाणी को अंकुश में नहीं रखेंगें, तो मनमुटाव हो सकता है। मन की उलझन के कारण कोई निर्णय लेने में कठिनाई होगी।

वृश्चिक - आपको शारीरिक मानसिक आनंद की अनुभूति होगी। परिजनों और मित्रों के साथ स्वादिष्ट भोजन और यात्रा का आनंद लेंगे। मेल-जोल के अवसर भी बने रहेंगे। प्रियजनों के साथ के सम्बंध भी अधिक घनिष्ठ होंगे।

धनु - आज का दिन आपके लिए थोड़ा कष्टदायक रहेगा। स्वास्थ्य खराब होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ बहसबाजी से मन दु:खी रहेगा। परिणाम स्वरूप आप मानसिक रूप से भी परेशान रहेंगे। क्रोध पर अंकुश रखें।

मकर - नौकरी, बिजनेस और समाज के सभी क्षेत्रों में आज का दिन लाभदायक साबित होगा। सगे- सम्बंधियों और मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने की योजना बनेगी। शुभ अवसरों पर उपस्थित हो सकेंगे।

कुंभ - आज आपके सभी काम निर्विघ्न पूरे हो सकेंगे। खुशी का अनुभव होगा। नौकरी या बिजनेस के क्षेत्र में समय अच्छा है और आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - नकारात्मकता आप पर हावी न हो जाए, इसका ध्यान रखना पड़ेगा। मानसिक दुविधा के कारण आपको भय का अनुभव होगा। आपको स्वास्थ्य सम्बंधी समस्याएं बनी रहेंगी। नौकरी में उच्च अधिकारियों से संभलकर रहना पड़ेगा। **(म. 788-259)**

0,3,5,7-00,35,52,70,75,41,55,07

# केंद्रीय विद्यालय 1 एसटीसी में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारम्भ




कर्मचारी जगत

**जबलपुर,देशबन्धु।** शिविर की शुरुआत विद्यालय की उप - प्राचार्या सुनीता केशर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर हुई। तदोपारंत उप प्राचार्या ने अपने उद्बोधन द्वारा भाषा शिविर के उद्देश्य को बताया, जिसमें बच्चों में बुनियादी संवाद कौशल विकसित करना और भाषाई विरासत को मजबूत करना आदि उद्देश्यों के बारे में बताया। शिविर में भाषा शिक्षक के रूप में धरणीधर तिवारी एवं कुमारी सृष्टि पोगडे संयोजक श्रीमती आज्ञा कौर, हर्ष राठी, संदीप सोरेन उपस्थित रहे। बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ मराठी और संस्कृत भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया, जिसमें सामान्य ध्वन्यात्मक और वर्णमाला, व्याकरण शब्दावली को समझा।

# नेत्रदान कर दूसरों की खुशियों में भरें रंग



**जबलपुर,देशबन्धु।** महाकोशल जबलपुर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस महाकोशल में विश्व नेत्रदान दिवस के मौके पर जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यकम में संयोजक प्रो. अरुण शुक्ला ने बताया कि आयोजन में डॉ. अपूर्वा स्थापक ने शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को नेत्रदान का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि नेत्रदान से उन लोगों को रोशनी दी जा सकती है, जो किसी एक्सीडेंट के कारण या जन्मजात बीमारी से देख नहीं सकते। ऐसे लोगों के लिए नेत्रदान महादान हो सकता है। प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने कहा कि नेत्रदान जागरुकता और वैचारिक क्रांति है। इस मौके पर डॉ. प्रतिभा कुमार, डॉ. समता नायडू, नरेन्द्र मालवीय, डॉ. महेन्द्र कुशवाहा, डॉ. कविता शाक्य, डॉ. अवधेश बागरी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. बिजेन्द्र विश्वकर्मा, डॉ. सुशील ठाकरे, डॉ. नीलिमा

जनसुनवाई

# आदिवासी की जमीन पर बना दिया शौचालय

**जबलपुर, देशबन्धु।** मामला ग्राम झुझारी खितौला सिहोरा का है यहां के निवासी गुलाब सिंह, पिता स्व रमकेरी मरकाम की जमीन खसरा क्रमांक 376 की निजी लगानी भूमि पर दबंगों ने जबरन कब्जा कर शौचालय निर्माण हेतु खड्डे खोद लिए, तथा मकान के साथ बाउंड्री वाल भी बना ली । जिसकी शिकायत 05/05/2025 को की गई, मौके पर पटवारी ने ग्रामवासियों के समक्ष भूमि के कागजाद लिए, लेकिन जांच भू-अभिलेख के तय मानदंडों के अनुरूप नही की तथा दबंगों से सांठ-गांठ करके, सही तथ्य ना रखते हुए, जो जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, उससे तो आदीवासी ही जमीन से बेदखल हो रहा है। इस जांच की सबसे दिलचस्प बात ये है कि, बिना सीमांकन और मूल्यांकन के गड्डे को आबादी भूमि खसरे का बता दिया गया। अनावेदको का स्वामित्व योजना अधिकार अभिलेख का 34 वर्ग मीटर का पट्टा तो है, लेकिन कहां किस खसरे रकबे का है नही बताया, और इसी त्रुटि से आदिवासी अपनी जमीन के कब्जे के लिए दर दर भटक रहा है। ख. क्र. 526,, या 524 पर मकान ही नहीं बने तो पट्टा कैसे ये जांच का विषय है ।एक ओर शासन कहते नही अघा रही की सरकार आदिवासियों को जमीन दो, लेकिन यहां तो सरकार ही आदिवासी को जमीन से बेदखल कर रही है।

# दबंग बेदखल कर रहे जमीन से

**जबलपुर,देशबन्धु।** ग्राम महंगवाँ डुमना रोड का मामला जनसुनवाई में आया है। यहां पर वर्षो से रह रहे निवासियों को वहीं के कुछ स्थानीय दबंग वहां के रहवासियों को डरा धमकाकर वहां से हटाना चाहते हैं। बता दें ये रहवासी तब से रह रहे हैं, जब ये लगभग जंगल था। शहर के इक्का दुक्का लोग ही आते थे, तब यहां की जमीन की कीमत कुछ भी नहीं थी। सन दो हज़ार के बाद जब हवाई अड्डे में आवाजाही बढ़ गई, जिससे यहां की जमीन के भाव आसमान छूने लगे, और यही मुख्य मुद्दा है,। यहां गौरतलब है कि ये जो वर्षो से लोग यहां रह रहे हैं, उनके पास पट्टा भी है। इस कृत्य में राजस्व विभाग के कर्मचारी भी दबंगों का साथ दे रहे हैं , पैसे लेकर। यहां एक घटना 2017 में हुई थी, जिसमें पट्टाधारी रामसेवक को दबंगों द्वारा डराया धमकाया, जिसकी शिकायत उसने संबंधित थाने में तथा तहसीलदार से शिकायत की, पर कोई कार्यवाही नहीं हुई, अंतत: उसको मकान खाली करके जाना पड़ा ।अगर वर्षों से रह रहे रहवासियों को सरकार संरक्षण नही देगी, तो भयभीत रहवासियों को रामसेवक की तरह घर बार छोड़कर जाने मजबूर होना पड़ेगा। जमीन का पट्टा होने के बाद भी।

## इतिहास पर आधारित प्रश्नोत्तरी रही खास

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर सुप्रभातम परिवार संस्था के तत्वावधान में हिन्दू साम्राज्य दिवस के उपलक्ष्य में शहीद स्मारक परिसर में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छत्रपति शिवाजी महाराज एवं अन्य हिन्दू सम्राटों की वीरगाथा का स्मरण किया गया। आयोजन में इतिहास पर आधारित प्रस्तुतियां और प्रेरणात्मक व्याख्यान खास रहे।

प्रेरणादायक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने हिन्दू साम्राज्य की आवश्यकता, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्रासंगिकता पर बात की। इस मौके पर अभय जैन, आलोक पाठक, सुमेश सराफ, प्रवीण पटेल, गुड्डू गुप्ता, राजेश सराफ, गजेन्द्र राठौर मौजूद थे।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री सुशील पटेल**- आमनपुर प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सुशील पटेल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कांति देवी शर्मा**- अधारताल संजय नगर पावर हाउस के पास निवासी श्री राम प्रकाश शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती कांति देवी शर्मा (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया**- गोरखपुर नरसिंह वार्ड निवासी श्री नर्मदा चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई चौरसिया (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ललता बाई पटेल**- अवंती विहार रामनगर रामपुर निवासी श्री भैया लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती ललता बाई पटेल (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जेठानंद परयानी**- प्रगतिशील कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री जेठानंद परयानी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक मेनानी**- भानतलैया सिंधी कैंप रोड निवासी श्री जैशन लाल मेनानी के पुत्र श्री दीपक मेनानी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव**- शिवराज चौहान नगर गौरीघाट ललपुर रोड निवासी श्री बलराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हमराज तामिया**- प्रेमसागर पुलिस चौकी के पास निवासी श्री हमराज तामिया (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा बाई बिरहा**- लियो कम्पाउंड सदर निवासी श्री इंद्रपाल बिरहा की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई बिरहा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छिदामी लाल**- मदनमहल आमनपुर नई बस्ती निवासी श्री छिदामी लाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर में किया गया।

**श्री मयंक शर्मा**- कछियाना ओम कला मंदिर चांदमारी रोड निवासी श्री निरंजन शर्मा के पुत्र श्री मयंक शर्मा (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कल्पना**- अखिलालय अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री मोतीराम की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

## अपराधिक ग्राफ में कमी लाने एसपी ने दिये निर्देश

### कंट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में



जबलपुर,देशबन्धु। पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में लंबित प्रकरण की संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। पुलिस अधीक्षक के आदेश का पालन शक्ति से किया जाये तो अपराधों के ग्राम में भारी गिरावट दर्ज हो सकती है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने त्रिवार्षिक तुलनात्मक भा.द.वि व बी.एन.एस. तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। इसके अलावा लंबित गंभीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट, धोखाधड़ी तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों के निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक ने बैठक में षामिल अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देषित किया कि सी.एम. हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र संतुष्टिपूर्ण निकाल करें। पूर्व में ई विवेचना हेतु पुलिस मुख्यालय द्वारा टैब प्रदान किया गया है, जिसके माध्यम से सभी विवेचकों के द्वारा विवेचना, नक्श मौका दर्ज किया जाये। सी.सी.टी.एन.एस. में सभी प्रकार की प्रविष्टियों को एवं रोड एक्सिडेंट के प्रकरणों का डाटा ''आई रेड एप'' (इंटीग्रेटेड रोड एक्सिडेंट डाटाबेस) में समय का विशेष ध्यान रखते हुये अपलोड करें।

फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें तथा पतासाजी कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निकाल करायें। लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा करते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी का प्रयास करें। लंबित धोखाधड़ी के प्रकरणों में फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की जाये। अवैध मादक पदार्थ व नशीले इंजेक्शन के कारोबार में लिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करें। प्रायः पाया गया है बिना नंबर व अमानक नंबर वाहन में सवार आरोपियों के द्वारा आपराधिक घटनाएं घटित की जाती हैं। अधिकांश शराब पीकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण दुर्घटना होती है। जिसे ध्यान में रखते हुए अपराधों की रोकथाम हेतु समस्त थाना प्रभारी स्वयं उपस्थित रहकर प्रतिदिन स्थान बदल-बदल कर जिग-जैक पैटर्न में पर्याप्त स्टॉपर रखकर चेकिंग प्वाइंट लगाकर बिना नम्बर, अमानक नम्बर वाले वाहन चालकों के विरूद्ध तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करें।

## शराब, फांसी और ट्रेन से कटकर पांच की मौत

जबलपुर,देशबन्धु। गोहलपुर में जहां एक शराबी युवक की मौत हो गई तो वहीं बरगी में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी इह लीला समाप्त कर ली। इसी प्रकार पनागर में भी एक युवक की शराब के कारण मौत हो गई। इसके अलावा पनागर व अधारताल में दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। उक्त पांचों मामलों में पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामलों को विवेचना में लिया है। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि मंडला जिला के निवास देवडोंगरी निवासी सुकरत सिंह गौड़ ने सूचना दी कि विगत दिवस उनका भतीजा 35 वर्षीय राजू गौड़ 8 जून की सुबह उनके पास आया और बात करके चला गया। इसके बाद मंगलवार सुबह उन्हें निवास से फोन आया कि उनका भतीजा राजू चंडालभाटा स्मार्ट सिटी के बाजू में मृत हालत में पड़ा है, उसकी मौत कैसे हुई, इसका अब तक पता नहीं चला है। वहीं बरगी पुलिस ने बताया कि खिरहनी निवासी 45 वर्षीय सोनू बर्मन बीते दिवस नास्ता करने के बाद घर से निकले तो फिर वापस नहीं लौटे जब उनका बेटा अभिषेक घूमते हुए गांव के बाहर की ओर गया तो उसके पिता सोनू बर्मन पेड़ में साड़ी के फंदे पर लटके थे, जिनकी मौत हो चुकी थी।

इसी प्रकार पनागर पुलिस को मेडिकल अस्पताल की ओर से सूचना दी गई कि 8 जून की रात करीब आठ बजे अत्यधिक शराब पीने के कारण सकुल पिपरिया निवासी राहुल कोरी को रिषी कोरी ने उपचार के लिये भर्ती कराया था। जिसकी मंगलवार सुबह उपचार दौरान मौत हो गई। इसके अलावा पनागर के देवरी स्टेशन के डाउन ट्रेक सेक्सन अधारताल-देवरी के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। जिसकी उम्र करीब 28 वर्ष के आसपास है। वहीं अधारताल पुलिस को दयोदय एक्सप्रेस के चालक ने वॉकी टॉकी से सूचना दी कि डाउन ट्रेक रिछाई से शोभापुर फाटक के बीच ट्रेन से कटकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई है। जिसकी उम्र करीब 25 से 30 वर्ष के आसपास है। उक्त मामलों में पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर उन्हें जांच में लिया है।

## कार की डिमांड कर पति ने पत्नी को पीटा

### गढ़ा छुई खदान क्षेत्र की घटना, प्रकरण दर्ज

जबलपुर,देशबन्धु। गढ़ा के छुई खदान क्षेत्र में शादी के बाद से ही पति और सास ने कार की डिमांड कर महिला को प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। बीते दिवस आरोपी पति ने पीड़िता मुस्कान के साथ कार की डिमांड करते हुए जमकर मारपीट की। रोजाना की प्रताड़ना से मंग आकर मुस्कान मेहरा ने मामले की शिकायत गढ़ा पुलिस थाने में दर्ज करायी है।

पुलिस ने बताया कि 23 वर्षीय मुस्कान मेहरा की शादी की तीन साल पहले बेदीनगर छुई खदान निवासी महेन्द्र डेहरिया के साथ हिन्दू रीति-रिवाज से हुई थी। जिससे उनकी एक बेटी भी है। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि शादी के छह माह बाद ही पति महेन्द्र व सास विद्या डेहरिया कार की मांग कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। विगत दिवस दोपहर में उसके पति महेन्द्र ने कार की डिमांड करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। जिससे उसे चेहरे व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटे आ गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति महेन्द्र व सास विद्या डेहरिया के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## युवक पर बमों से हमला

### एक दीवार में फटा, दूसरा नहीं फूटा

जबलपुर,देशबन्धु। घमापुर थाना क्षेत्र में देर रात्रि बदमाशों ने एक युवक पर बम पटक दिए। हमले में युवक बाल बाल मच गया एक बम जहां दीवार में जाकर फट गया तो दूसरा उसके पैर के पास आकर गिरा जो फूटा नहीं।

पुलिस के मुताबिक तुषार केसरवानी निवासी शंकर मंदिर के सामने सरकारी कुँआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे फल मंडी में काम करता है। बीती रात करीब 12.30 बजे घर से मामा मनोज गुप्ता के पास दुकान की चाभी लेने जा रहा था जैसे ही वंशिका पार्लर की बाजू वाली गली में पहुँचा उसी समय पीछे से नीले कलर की एक्सिस गाड़ी में कृष तामिया व करण आये। कृष तामिया सुअरमार बम फेका जो दीवाल में लगा एक बम उसके पैर में लगा जो फूटा नहीं दोनों भागते हुये बोले कि आज तो बच गया दुबारा मिला तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने रिपोर्ट पर कृष तामिया, करण के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## रादुविवि अभियंता की एक्टिवा चोरी

जबलपुर,देशबन्धु। लार्डगंज थाना अंतर्गत शहीद स्मारक के पास खड़ी रादुविवि अभियंता की एक्टिवा चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक विनोद जारोलिया निवासी कचनार सिटी विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में अभियंता के पद पर पदस्थ है। रविवार को शाम 6 बजे शहीद स्मारक में छत्रपति शिवाजी महाराणा प्रताप जयंती कार्यक्रम में गेस्ट के रूप में वहां गया था एवं अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक एमपी 20 जेड बी 3524 को शहीद स्मारक, मेन गेट से पास खडा कर शहीद स्मारक हाल में चला गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत जब रात 10 बजे वापस आया तो जहां एक्टिवा खडी की थी वहां नही मिली। अज्ञात चोर चुराकर ले गया।

## कलयुगी पुत्र ने मां-भाई पर चाकू से किया वार

जबलपुर,देशबन्धु। गोहलपुर थाना क्षेत्र में कलयुगी पुत्र ने मां पर चाकू से हमला कर दिया। भाई बीच बचाव के करने पहुँचा तो आरोपी ने चाकू से हमला कर उसे भी घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल मॉं-बेटे को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

गोहलपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसारी गौसिया बेगम निवासी गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पुत्र जमील मोहम्मद शराब पीने का आदि है। जो शराब पीने के लिये 100 रुपये की मांग कर रहा था। मना करने पर उत्तेजित होकर अपने पास रखे चाकू से उसके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। बेटा मोहम्मद अबरार बीच बचाव करने आया तो उसने चाकू से हमला कर उसके हाथ में चोट पहुंचा दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग महिला को बेटे ने घर से निकाला, एसपी से लगाई मदद की गुहार



जबलपुर,देशबन्धु। गोहलपुर थाना क्षेत्र की निवासी बुजुर्ग महिला रेवतीबाई सोनी ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचकर अपने बेटे के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि उनके छोटे बेटे चंद्र सोनी ने धोखे से उनके मकान को अपने नाम करवा लिया है और अब उन्हें ही घर से बाहर निकाल दिया है।

रेवतीबाई ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं एक चंद्र सोनी जो उनके साथ रहता था, दूसरा इंदौर में है और तीसरा उनसे कोई संपर्क नहीं करता। उनका आरोप है कि बेटे और बहुएं, विशेष रूप से छोटी बहू प्रीति, उन्हें लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही हैं और अब तो घर से निकालकर दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, महिला की शिकायत को आलंबन शाखा में दर्ज कर लिया गया है और गोहलपुर थाने को जांच के निर्देश दिए गए हैं। यदि आरोप सही पाए गए, तो आरोपी बेटे के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## सूने मकान का ताला तोड़ जेवर और नगदी की साफा

जबलपुर,देशबन्धु। गोसलपुर थाना क्षेत्रांतर्गत बरनू तिराहा स्थित एक सूने मकान का दिनदहाड़े ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने-चांदी के जेवर और नगदी चुरा ले गये। जिस वक्त वारदात हुई उस वक्त पीड़ित महिला अपनी बेटी के साथ रिश्तेदारों के यहां गई हुई थी। जब पड़ोसी ने उनके घर पर गायों को घुसता हुआ देखा तो ताला तोड़कर चोरी होने की जानकारी लगी।

पुलिस ने बताया कि बरनू तिराहा निवासी 48 वर्षीय शीला पटेल की घर पर किराना व जनरल स्टोर की दुकान है। जिनके साथ उनकी बेटी सोनम और दामाद धर्मेन्द्र पटेल भी रहते है। बीते दिवस दोपहर साढ़े बारह बजे शीला अपनी बेटी सोनम के साथ घर में ताला लगाकर अपने रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। शाम करीब चार से पांच के बीच पड़ोसी ज्योति पटेल ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि आपके घर पर कुछ गायें घुसी है। जिस पर मॉं-बेटी दोनों वापस लौटी देखा तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर आलमारी खुली थी और पूरा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखे चांदी के 10 सिक्के, 2 जोड़ी पायल, नगदी 1 लाख गायब थे तथा अंदर वाले कमरे में रखी दोनों पेटी खुली थी। जिसमें से बडी पेटी में रखा सोने का हार, 1 मोहन माला, 1 रानी माला, 2 मंगलसूत्र, 3 जोड़ी टाप्स, 1 जोड़ी झुमकी, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 2 करधन, सोने की बेंदी, बच्चों के छोटे-छोटे जेवर तथा दुकान के ड्राज में रखे कुछ रूपये नहीं थे। कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर व नगदी चुरा ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### ई-रिक्शा चुरा ले गये चोर

बेलबाग थानातंर्गत फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी 57 वर्षीय आशीष कुमार विश्वकर्मा का अज्ञात चोर विगत दिनों ई-रिक्शा चुरा ले गये। आशीष ने अपना रिक्शा क्रमांक एमपी 20 आरए-1428 को अपनी दुकान आशुतोष फर्नीचर बढ़ई मोहल्ला के सामने 8 जून की रात्रि खड़ा कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह लौटा तो उसका ई-रिक्शा गायब था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## यूरो प्रतीक को हड़पने वालों की क्यों नहीं हो रही गिरफ्तारी ?

### कटनी एक इस्पात कंपनी से जुड़े मामले में सुकों सख्त, प्रदेश सरकार से जवाब तलब




जबलपुर,देशबन्धु। सर्वोच्च न्यायालय ने कटनी की यूरो प्रतीक इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश के मामले को सख्ती से लिया है। मंगलवार को जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने मप्र सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है। सुकों ने मामले में मप्र सरकार को चार सप्ताह में जवाब देने की मोहलत देकर न्यायालय ने यहां तक कहा कि जांच एजेंसी का रवैया ऐसा ही रहा, तो हम यह केस सीबीआई को देने पर विचार करेंगे। इस्पात कंपनी को हड़पने की साजिश को रचने के आरोप कटनी के भाजपा विधायक संजय पाठक के पूर्व कर्मचारी महेंद्र गोयनका पर लगे हैं।

उल्लेखनीय है कि कटनी के माधव नगर में रहने वाले हरनीत सिंह लाम्बा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के 9 अक्टूबर 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी के हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड के छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद मप्र हाईकोर्ट की मुख्यपीठ जबलपुर ने विगत 22 अप्रैल को आईजी को तलब करते हुए कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के इस फैसले के खिलाफ डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव की ओर से दायर अपील खारिज होने के बाद कंपनी के डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल और कंपनी की सेक्रेटरी लाची मित्तल की ओर से एक पुनर्विचार याचिका हाईकोर्ट में दाखिल की थी। जिस पर न्यायालय ने डीजीपी को कहा था कि वह तय करें कि किस एजेंसी से मामले की जांच करायी जाये। हाईकोर्ट के उक्त आदेश को चुनौती देते हुए सुरेन्द्र सिंह सलूजा ने सुकों की शरण ली थी। जिसके बाद न्यायालय ने मप्र हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए प्रदेश सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

## दुराचार पीडिता 16 वर्षीय किशोरी को मिली गर्भपात की अनुमति

### 26 सप्ताह के गर्भ होने के कारण मामला पहुँचा था हाईकोर्ट

जबलपुर,देशबन्धु। दुराचार पीडित नाबालिग तथा उसकी माँ ने गर्भपात के लिए सहमति व्यक्त की। हाईकोर्ट जस्टिस अमित सेठ की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद पाया कि गर्भ अवस्था वर्तमान में 28 सप्ताह से अधिक है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद पीडिता को गर्भपात की अनुमति आवश्यक आदेश के साथ प्रदान की है। दमोह जिला न्यायालय ने बलात्कार पीडित की गर्भवती 16 वर्षीय किशोरी की गर्भ अवधि 20 सप्ताह से अधिक होने के कारण गर्भपात की अनुमति के हाईकोर्ट में पत्र लिखा था। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई याचिका की रूप में करने के आदेश जारी किये थे। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीडित की मेडिकल रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किये थे। दो डॉक्टर की तरफ 21 मई 2025 को पीडिता का मेडिकल टेस्ट किया गया था। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार पीडिता की गर्भ अवधि 24 सप्ताह से अधिक थी। गर्भपात करना एक जोखिम भरा कार्य होगा। पीडित तथा उसकी मॉं ने हाईकोर्ट को बताया था कि सभी जोखिम के बावजूद भी वह गर्भपात के लिए तैयार है।

एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय तथा हाईकोर्ट के द्वारा पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि 30 सप्ताह तक गर्भपात की अनुमति प्रदान की गयी है। वर्तमान में गर्भावधि 28 सप्ताह से अधिक है। पी?िता को गर्भपात की अनुपति प्रदान करते हुए एकलपीठ ने अपने आदेश में माता-पिता के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर भेजा जाये। गर्भावस्था को समाप्त करने की प्रक्रिया डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम की उपस्थिति में की जाएगी। विशेषज्ञ डॉक्टर परिवार के सदस्यों के साथ-साथ याचिकाकर्ता को गर्भावस्था को समाप्त करने से जोखिम और अन्य कारकों के बारे में समझाएंगे।गर्भावस्था को समाप्त करते समय डॉक्टरों द्वारा हर संभव सावधानी बरती जाएगी। उसे सभी चिकित्सकीय देखभाल और अन्य चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ के सुविधाएं रेडियोलॉजिस्ट और अन्य आवश्यक डॉक्टर शामिल होंगे। ऑपरेशन के बाद की देखभाल याचिकाकर्ता को दी जाएगी। बच्चा जीवित पैदा होता है, तो उसकी देखभाल करना राज्य सरकार का कर्तव्य होगा। डॉक्टर यह भी सुनिश्चित करेंगे कि भ्रूण का नमूना डीएनए जांच के लिए सुरक्षित रखा जाए। डॉक्टरों की एक विशेष टीम यह निर्णय लेगी कि गर्भावस्था को कब समाप्त किया जाए।

## उपयंत्री को राहत, ठोस कार्यवाही पर रोक

### अनावेदकों को नोटिस जारी कर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

जबलपुर,देशबन्धु। मप्र हाईकोर्ट ने सागर जिले की राहतगढ़ जनपद पंचायत की उपयंत्री कंचन चौधरी को राहत मिली है। जस्टिस प्रणय वर्मा की एकलपीठ ने उनके खिलाफ फिलहाल कोई ठोस कार्यवाही न किये जाने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। उपयंत्री कंचन चौधरी की ओर से अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि जिला पंचायत सागर द्वारा 28 अप्रैल 25 को मध्य प्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 के तहत याचिकाकर्ता को साढ़े पच्चीस लाख रुपये की वसूली राशि निकालते हुए उसे 09 मई तक ग्राम पंचायत सेमराहट के खाते में जमा कर राशि पेश करने के निर्देश दिये थे। ऐसा न होने की स्थिति में गिरफ्तारी वारंट के जरिए उन्हें जेल भेजे जाने की चेतावनी दी गई थी। उक्त आदेश के क्रियान्वयन रोक लगाते हुए न्यायालय ने याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही न किये जाने के निर्देश देते हुए अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

## नाबालिग की कस्टडी के लिए पेश की गयी फूफा की सामाजिक व आर्थिक स्थिति की रिपोर्ट

### पिता ने हाईकोर्ट को पत्र भेजकर बाल कल्याण समिति पर लगाए थे बेचने के आरोप

जबलपुर,देशबन्धु। मप्र हाईकोर्ट में बाल कल्याण समिति की निगरानी में रहने वाली नाबालिग की कस्टडी सौंपने के लिए फूफा की सामाजिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच रिपोर्ट पेश की गयी। हाईकोर्ट जस्टिस ए के सिंह तथा जस्टिस अमित सेठ की युगलपीठ ने रिपोर्ट की प्रति सरकारी अधिवक्ता को उपलब्ध कराने के आदेश जारी करते हुए आपत्ति पेश करने एक सप्ताह का समय प्रदान किया है। याचिका पर अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की गयी है।

रतलाम निवासी कालूराम की तरफ से हाईकोर्ट को भेजे गये पत्र में बताया था कि कोर्ट के आदेश पर उसकी नाबालिग बच्ची को बाल कल्याण समिति भेजा दिया गया। जब वह अपनी बच्ची से मिलने गया तो वह नहीं मिली। कालूराम ने आरोप लगाया कि उसकी बच्ची को बेच दिया गया है। आरोप को गंभीरता से लेते हुए चीफ जस्टिस के निर्देश पर इस पत्र की याचिका के रूप में सुनवाई के आदेश जारी किये थे। युगलपीठ ने पत्र याचिका के रूप में मामले की सुनवाई करते हुए नाबालिग को कोर्ट में पेश करने के आदेश जारी किये थे। पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से बताया गया कि नाबालिग बाल कल्याण समिति में नहीं जाना चाहती और वह अपने फूफा के साथ जाना चाहती है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि फूफा प्राकृतिक संरक्षक नहीं है, इसलिए उसकी पृष्ठभूमि को जाने बिना नाबालिग को नहीं सौंप सकते। युगलपीठ ने नाबालिग को पुनः बाल कल्याण समिति भेजने के आदेश जारी करते हुए फूफा की आर्थिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि के संबंध में रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किये थे। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से फूफा की आर्थिक व पारिवारिक पृष्ठभूमि की रिपोर्ट पेश की गयी। युगलपीठ ने रिपोर्ट के प्रति सरकारी अधिवक्ता को प्रदान करने के आदेश जारी करते हुए अपने आदेश में कहा है कि वह अवलोकन कर अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। याचिका पर अगली सुनवाई 16 जून को निर्धारित की गयी है।

## बर्थडे पार्टी में किन्नर को चाकू से गोदा

### सिंधी केम्प में देर रात हुई वारदात



जबलपुर,देशबन्धु। हनुमानताल थाना अंतर्गत सिंधी केम्प में बर्थडे पार्टी मनाने रहे किन्नरों की टोली के बीच में पहुंचे बदमाश ने चाकूबाजी कर दी जिसमें एक किन्नर घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक किन्नर प्रेरणा चौधरी निवासी बाबा टोला सिंधी कैंप हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात्रि करीब 12.30 बजे सिंधी केम्प में अपने साथी किन्नरों अनवरी, छुटकी, जावेद और लोलो के साथ छुटकी का जन्मदिन मना रहे थे तभी वहां पर बड़ी मदार टेकरी का रहने वाला नूर मोहम्मद आया और शराब पार्टी करने के लिए एक हजार रुपए मांगने लगा मना करने पर उस पर चाकू से हमला कर तीन जगह चोट पहुंचा दी। बेस बाल के के डंडे से भी हमला किया।

## शराब की चाहत में किया हमला



जबलपुर,देशबन्धु। गढ़ा के छुई खदान क्षेत्र में विजय बर्मन व आनंद चक्रवती ने साथ में शराब पी। इसके बाद जब शराब खत्म हो गई तो आनंद चक्रवती ने और शराब पीने की चाहत में विजय से तीन सौ रुपयों की मांग करने लगा। विजय के रुपये देने से मना करने पर आनंद ने हाथ में पहने हुए कड़ से विजय पर हमला कर दिया। जिससे विजय के सिर पर चोट आ गई। मारपीट के बाद आरोपी आनंद मौके से भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# डीएपी न मिलने से किसान परेशान

## सहकारी समितियां से गायब हो गई खाद

**बरेला,देशबन्धु।** जहां एक और शासन दावा कर रही है कि किसानों को हर संभव मदद पहुंचाई जावेगी परंतु दूसरी तरफ देखा जा रहा है कि नगर सहित पड़वार और पिंडरई की सहकारी समितियों में डी ए पी खाद्य ना मिलने से क्षेत्र के किसान परेशानी से गुजर रहे है। कृषक अजय सिंह पटेल सहितक्षेत्रीय किसानों का कहना है कि किसानों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए बताया कि इस समय ऋशको को अपनी आगामी फसल पर डीएपी की की अति आवश्यकता है परंतु खाद्य न मिलने से किसान प्राइवेट दुकानों में अधिक दामों में लेने मजबूर हो रहा है।

अनेकों मर्तबा किसानों ने शासन से सहकारी समितियां में अग्रिम भंडारण कर किसानों को खाद्य देने की मांग लगातार कर रहे हैं परंतु देखा जा रहा है कि आज तक इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अपितु क्षेत्र की सभी सहकारी समितियां में डीएपी की एक बोरी भी उपलब्ध नहीं है तथा शासन द्वारा इन सरकारी समितियां में इस वर्ष डीएपी का अग्रिम संग्रहण भी नहीं किया गया है।

इस समय सीजन में किसानों को फसल में डीएपी डालने की अति आवश्यकता है । खाद्य की इस समस्या को लेकर किसानों में शासन के प्रति गुस्सा पनप रहा है किसान प्रतिदिन इन सहकारी समितियां के चक्कर लगा रहा है किंतु उन्हें अभी तक कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं क्योंकि अधिकांश किसान इन सरकारी समितियां में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से डीएपी का उठाव करते हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से अबिलंब मांग की है कि समय रहते इन सेवा सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध कराई जावे। अन्यथा किसान आंदोलन करने विवस होंगे

**इनका कहना है**- दिनेश साहू समिति प्रबंधक, बरेला ..ज.सहकारी समितियो बरेला, पड़वार ,पिंडरईमें डीएपी उपलब्ध नहीं है प्रशासन को बार-बार रिमाइंडर लिखा जा रहा है। खाद उपलब्ध होने पर किसानों को वितरित की जावेगी।

# पाइप डालने के लिए खोदी सड़क और घरों के सामने लगा दिए पत्थरों के ढेर



**बरेला, देशबन्धु।** नर्मदा जल के लिए नगर में वर्तमान में कुछ वार्डो में खुदाई चल रही है। इसके संदर्भ में नर्मदा योजना के ठेकेदार द्वारा पाइप डालने के लिए सीमेंट रोड तो खोदी गई है तथा रोड खोदने के बाद निकालीगई मिट्टी और पत्थरों को लोगों के घरों के सामने और आस पास ढेर लगा दिया है। इसके कारण लोगों को आने-जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी वार्ड नंबर 10 के दिलीप पाठक का कहना है कि नर्मदा जल के लिए उनके घर के सामने पाइपलाइन खोदी गई है।

इस पर ठेकेदार द्वारा लाइन खोदने के उपरांत निकल गई मिट्टी को उनके घरों के ही सामने और उसके आसपास ढेर लगा दिया है। इसके कारण स्थानीय लोगों को आमगवन के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा की जा रही मनमर्जी से अनेक लोग परेशान हैं ठेकेदार द्वारा मन मर्जी से रोड को खोदे जा रहा है तथा उसकी फीलिंग करने में भी कई दिन लगा देते हैं इसके कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।नगर परिषद में बैठे हुए जवाब देही जनप्रतिनिधियों द्वारा इस संदर्भ में कोई कार्रवाई ठेकेदार पर नहीं की जा रही है इसी कारण लोग दिक्कत का सामना करने मजबूर हैं।

# सिहोरा में पांचवीं-आठवीं पूरक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

**सिहोरा, देशबन्धु।** राज्य शिक्षा केंद्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए सिहोरा में 5वीं और 8वीं पूरक पुनः परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य मंगलवार से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा में शुरू हो गया है।

प्रभारी प्राचार्य विनोद पटेल, बी.आर.सी.सी. सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव, और बी.ए.सी. अश्वनी उपाध्याय के मार्गदर्शन में यह कार्य संचालित किया जा रहा है। हेड वैल्यूअर अशोक तिवारी, राजेश नेमा, संजीव शर्मा, बी.ए.सी. संजीव गुप्ता और कंट्रोल रूम प्रभारी अनिल विश्वकर्मा ने मूल्यांकन प्रक्रिया का शुभारंभ कराया।

मूल्यांकन कार्य में प्रत्येक कक्ष के प्रभारी के रूप में 8वीं कक्षा के लिए रामलखन तिवारी, बृजेश झारिया, अब्दुल रहीम खान, और 5वीं कक्षा के लिए रामशरण बागड़ी, रूपाली श्रीवास्तव, राजेश्वरी सोनी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर संतोष लखेरा, प्रमोद नामदेव, विष्णु पटेल, योगेन्द्र मिश्रा, और संजीव उरमलिया भी मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं।

बी.आर.सी. बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी पूरक पुनः परीक्षा के दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। प्राथमिक और माध्यमिक विभाग के विषयवार लगभग 40 मूल्यांकनकर्ताओं को इस कार्य में लगाया गया है। उत्तर पुस्तिकाओं के वितरण और



संकलन के लिए एक स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है।

प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के बाद एक पर्ण भरकर राज्य शिक्षा केंद्र के पोर्टल पर संबंधित हेड वैल्यूअर की सहायता से प्राप्तांकों की ऑनलाइन फीडिंग करनी होगी। इस व्यवस्थित प्रक्रिया से मूल्यांकन कार्य को सुचारू रूप से किया जा रहा है।

## सार-समाचार

# कटहल सब्जी में मिला सर्प, क्षेत्र में मच गया हड़कंप

### स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बरकरार, इतनी बड़ी घटना प्रशासन बेखबर

**मझौली,देशबन्धु।** सीधी जिले के मझौली उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बनिया टोला की बताई जा रही है जहां आज एक पारिवारिक समारोह के दौरान क्षेत्र में उसे समय हड़कंप मच गया जब कटहल की सब्जी में पका-चुरा सर्प देखा गया। बताया जा रहा है कि जब तक सब्जी में सर्प देखा गया तब तक एक सैकड़ा से ज्यादा लोग सब्जी का सेवन कर चुके थे। जिनको जैसे खबर लग रही है कोई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडवास, कोई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली पहुंच रहे हैं लेकिन ऐसे मामले में भी स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही बरकरार बनी हुई है 5 से 6 घंटे बीत चुका है लेकिन यहां सिस्टरो के अलावा अभी तक डॉक्टरों के दर्शन नहीं हुए हैं। जो कुछ सिस्टरो से हो सका है उपचार किया गया है।

खबर लिखे जाने तक सिस्टरो के अलावा कोई भी डॉक्टर हॉस्पिटल नहीं पहुंचे हैं। पीड़ति लोगों की माने तो उनका गला सुखा -सुखा लग रहा है खबर है कि कुछ लोगों को उल्टी भी होने लगी। जनप्रतिनिधियों के सूचना पर पुलिस गांव तो पहुंच चुकी है लेकिन स्वास्थ्य विभाग उतना सक्रिय नहीं दिख रहा है जिस हिसाब से सक्रियता दिखाने चाहिए। मीडिया द्वारा यदि व्यवस्था सुधार को लेकर अव्यवस्थाओं से स्वास्थ्य विभाग के जिले के अधिकारियों को अवगत कराया जाता है तो उन्हें नागबार गुजरता है इसलिए खबर प्रकाशन कर जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है।

कई गांव के लोग हैं प्रभावित

इस सब्जी का सेवन न केवल बनिया टोला के लोग किए हैं बल्कि मझौली उपखंड के कई गांव क्षेत्र के लोग घरेलू कार्यक्रम के समारोह में पहुंचे हुए थे जो सब्जी का सेवन किए हैं जिससे मझौली उपखंड क्षेत्र के अन्य कई ग्राम पंचायत में हड़कंप मचा हुआ है। जैसे-जैसे लोगों को खबर लग रही है लगातार हॉस्पिटल पहुंच रहे हैं। समाजसेवी रमाशंकर गुप्ता पनिहा द्वारा बताया गया कि बनिया टोला में मैं एवं पुलिस पहुंच चुकी है लोगों की जानकारी लेकर उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचने के लिए बोला जा रहा है। देखते हैं क्या कुछ व्यवस्थाएं की जाएगी।

# ट्रक-कार की टक्कर में दो बहनों की मौत

**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय एमपीईवी कलोनी निवासी कुशवाहा जय प्रकाश वर्मा की दोनों बेटियां जो वर्तमान में भोपाल में निवासरत थी। भोपाल में एक सड़क हादसे में दोनों सगी बहनों की मौत हो गई। घटना रविवार रात बागसेवनिया इलाके की है। हादसे में एक महिला का पति और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात ट्रक और कार में टक्कर हो गई । टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। वर्तमान में दोनों बहनें दीपाली वर्मा (33) और शिखा वर्मा (29) बहनें थीं और कटारा हिल्स क्षेत्र में रहती थीं। वहीं, घायलों में सक्षम जैन, सुयश चौहान और मनोराज शामिल हैं। दोनों बेटियां सगी बहनें कुशवाहा दीपाली वर्मा सिविल इंजीनियर बैगलोर एंव कुशवाहा शिखा वर्मा स्टेंट बैंक आफ इंडिया नर्मदापुरम दोनों सर्विस में थी। दोनों सगी बहनो के पिता जय प्रकाश वर्मा भारतीय सेना से रिटायर्ड है, जो की वर्तमान में सैनिक कल्याण बोर्ड भोपाल में कार्यरत है। दादा रिटायर्ड शिक्षक दामोदर वर्मा कुशवाहा पलोहा बड़ा के रहने वाले है एंव चाचा खूबचंद पटेल गाडरवारा में निवास करते है।

शनिवार रात दोनों बहनें और उनके तीनों दोस्त भोपाल में एमपी नगर के एक होटल गए थे। रात करीब 1:15 बजे जब सभी लोग कार से घर लौट रहे थे, तभी बागसेवनिया थाने के सामने यह हादसा हो गया। टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने दीपाली और शिखा को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाकी तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक ड्राइवर की भूमिका और हादसे के कारणों को लेकर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और तेज रफ्तार ही हादसे की वजह मानी जा रही है।

# दो गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**कुम्हारी, देशबन्धु।** थाना कुम्हारी पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2 दिन में चोरी गए पूरे माल को बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से चोरी का अनाज और एक बुलेरो पिकअप वाहन बरामद किया गया है। थाना कुम्हारी के ग्राम पडरी में दिनांक 05-06 जून की दरम्यानी रात में संतोष अग्रवाल निवासी टंडन बगीचा दमोह के वेयर हाउस से कुछ बदमाशों ने 57 बोरी चना, 01 बोरी सरसो एवं 30 बोरी मटर, कुल 88 बोरी अनाज बेयर हाउस का ताला तोड़कर चोरी कर ले गए थे।

# मानसून की देरी से गांधीग्राम के पान किसानों की बढ़ीं चिंताएं

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** गांधीग्राम के पान किसान इस साल एक दोहरी मार झेल रहे हैं। जहां एक ओर जून माह की भीषण गर्मी ने उनकी पान की फसल को पहले ही काफी नुकसान पहुँचाया है, वहीं अब मानसून की बेरुखी उनकी चिंताओं को और बढ़ा रही है। पान बरेजों में लगी हजारों पान की पत्तियों पर पानी का भीषण संकट मंडरा रहा है। पान बरेजों में सिंचाई के लिए बनाई गई कुइयां पूरी तरह सूख चुकी हैं, जिसके चलते किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए महंगे दामों पर बोरवेल से पानी खरीदना पड़ रहा है।

***सूखती कुइयां और महंगा पानी: किसानों पर बढ़ा आर्थिक बोझ**-गांधीग्राम के प्रमुख पान बरेजों, जिनमें पंडित बारे, मल्हा बरेजा, देवनगर बारे, शहरा, बंगरा, खपरहिया और बाबाजी वाले पान बरेजे शामिल हैं, की कुइयां पूरी तरह से सूख चुकी हैं। ये कुएं ही पान कृषकों के लिए सिंचाई का मुख्य स्रोत थे, लेकिन अब पानी की अनुपलब्धता ने स्थिति को गंभीर बना दिया है। भगत चौरसिया, रवि चौरसिया, हरि चौरसिया, रामधनी चौरसिया,





राम विशाल, खेमचंद, प्रतीक चौरसिया, भूपेंद्र चौरसिया, दिनेश चौरसिया, श्याम चौरसिया, सतीश और विजय चौरसिया सहित कई पान किसानों ने बताया कि पानी की कमी के कारण नई और पुरानी पान की बेलें मुरझाने लगी हैं। इतना ही नहीं, पान के पत्ते नई बेलों में आने से पहले ही झड़ रहे हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

### हजारों पान की पारियां मुरझाईं, किसान राहत की आस में

गांधीग्राम और देवनगर में लगभग दो हजार पान की पारियां मुरझा चुकी हैं, जिससे किसानों को ब?ा आर्थिक नुकसान हो रहा है। अपनी मेहनत और पूंजी को बचाने के लिए, वे खेतों के बोरवेल से महंगा पानी खरीदकर अपनी फसल को बचाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

किसान आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं, इस उम्मीद में कि जल्द ही अच्छी बारिश हो, जिससे कुइयां फिर से भर सकें और उन्हें इस संकट से राहत मिल सके। पिछले चार-पांच दिन से बादल छाए रहने के बावजूद बारिश न होने से उनकी उम्मीदें धूमिल हो रही हैं और उमस भरी गर्मी उनकी परेशानी को और बढ़ा रही है।

पान कृषकों का कहना है कि अगर अगले तीन-चार दिनों में अच्छी बरसात हो जाती है, तो पान बरेजों की कुइयों में थोड़ा बहुत पानी आ जाएगा, जिससे वे अपनी फसल को बचा पाएंगे। वर्तमान स्थिति उनके लिए एक गंभीर चुनौती बनी हुई है, जहां उन्हें अपनी आजीविका बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

# धुरकुटा पंचायत में लाखों का घपला

**डिंडोरी, देशबन्धु।** जिले की समनापुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत धुरकुटा में विकास के नाम पर सरकारी राशि की जमकर लूट मची हुई है। शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को जो राशि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं और ढांचागत विकास के लिए दी जाती है, उसका उपयोग यहां झंडा, टेंट और जलपान के नाम पर फर्जी बिलों के जरिए किया जा रहा है।सूत्रों की मानें तो पंचायत सचिव विनोद यादव और सरपंच की मिलीभगत से लाखों रुपए की राशि को कागजों में दिखाकर हड़प लिया गया है। केवल झंडा खरीदी के नाम पर 54 हजार रुपए की राशि एक फर्म को दे दी गई, लेकिन न तो झंडों की संख्या दर्ज है, न ही कोई विवरण। इसी तरह, रेवा कैंप में चाय-पानी व टेंट के नाम पर 50 हजार रुपए का भुगतान किया गया है, और मतदान केंद्र की मरम्मत के नाम पर भी गजेन्द्र ट्रेडर्स नामक फर्म को 50 हजार रुपए मिले हैं।

सबसे हैरानी की बात यह है कि यही एक फर्म गजेन्द्र ट्रेडर्स पंचायत में रेत, गिट्टी से लेकर टेंट और जलपान तक की सारी आपूर्ति कर रही है। जिससे साफ जाहिर होता है कि योजनाबद्ध तरीके से पंचायत को लूट का अड्डा बना लिया गया है। सचिव विनोद यादव के ऊपर पहले भी बम्हनी पंचायत में पदस्थापना के दौरान वित्तीय गड़बड़ियों के आरोप लग चुके हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी और निरीक्षण की कमी से ऐसे कर्मचारी और भी अधिक निडर होते जा रहे हैं। नियमानुसार, 5वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल, सड़क, बिजली, शौचालय, स्कूल भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण में किया जाना चाहिए लेकिन धुरकुटा पंचायत में इसका खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है।

# जिले की सबसे बड़ी डीसी के हाल बेहाल

**गोसलपुर, देशबन्धु।** सहोरा डिवीजन के अंतर्गत संचालित विद्युत वितरण केंद्र गोसलपुर मुट्ठी भर कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है जबकि इस केंद्र में सौ गांव के उन्नीस हजार विद्युत उपभोक्ता जु? हुए हैं गोसलपुर डीसी स्थापना के चार दशक बाद भी कर्मचारियों की संख्या और संसाधन सुविधाएं नहीं बढने से गोसलपुर विद्युत वितरण केंद्र की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं विद्युत वितरण केंद्र में डेढ दर्जन पद स्वीकृत हैं, लेकिन यहां केवल नाम मात्र के कर्मचारी तैनात किए गए हैं चंद कर्मचारियों के भरोसे ही सौ गांव की विद्युत व्यवस्था का भार है

**बीस से पच्चीस किलोमीटर तक दूर हैं कई गांव**-गोसलपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत सिहोरा ब्लॉक के साठ गांव के साथ मझौली ब्लॉक के चालीस गांव आते हैं अंतिम छोर पर बसे गांव की दूरी 20 से 25 किलोमीटर तक है यदि अंतिम छोर पर किसी गांव में बिजली की समस्या आ जाए तो बड़ी मुश्किल से सुधार कार्य हो पाता है बारिश के मौसम में लोगो को कई बार अंधेरे में रात बितानी पड़ती है आए दिन लाइन फाल्ट होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही है।

पांच सब स्टेशन आते हैं डीसी के



अंतर्गत 34 गांव मझौली, 66 गांव सिहोरा ब्लॉक के 21000 विद्युत उपभोक्ता एग्रीकल्चर उपभोक्ता 6000 घरेलु उपभोक्ता 15000 ट्रांसफार्मर 550 पदस्थ लाइनमेन 7 आउटसोर्सिंस हेल्पर 13 फील्ड के लिए सीढ़ी युक्त वाहन नहीं जब कोई विद्युत फाल्ट होता है तो उसका सुधार कार्य कराने हेतु फील्ड में जाने हेतु लाइनमैनों को जाने के लिए लेडर वाहन नहीं है जिससे कर्मचारी आज भी अपने कंधों पर नसेनी ढोकर काम पर जाते हैं लेडर वाहन के लिए अनेक बार प्रस्ताव बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रेषित किया गया, परंतु आज भी हालात जस के तस हैं इस कारण विद्युत समस्या का समाधान करने में लाइनमैन के साथ उपभोक्ता को भी परेशान होना पडता है।

इनका कहना-गोसलपुर डीसी में उपभोक्ताओं के मान से जो भी आवश्यक सुविधा और संसाधन जरूरी है वो उपलब्ध है लेडर वाहन की आवश्यकता का अवलोकन कराया जायेगा अगर लेडर वाहन की जरूरत है तो उपलब्ध कराऐंगे। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शासन स्तर से पत्राचार किया जाएगा।

**नीरज कुचिया**
**सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर**
**जबलपुर ग्रामीण**

# शहीद बिरसा मुंडा बलिदान दिवस पर स्वाभिमान सभा का आयोजन, बहुजन समाज पार्टी ने दी श्रद्धांजलि

**सिहोरा, देशबन्धु।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के तत्वावधान में सोमवार को, शहीद बिरसा मुंडा बलिदान दिवस के अवसर पर एक भव्य स्वाभिमान सभा का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिहोरा के सामुदायिक भवन (सिहोरा थाने के पीछे) में सुबह 11 बजे से हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और आम जनता ने भाग लिया।

सभा में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के मान. छंगेलाल कोल( पूर्व प्रत्याशी एवं जिला पंचायत सदस्य अमरपाटन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मानक लाल गोटिया (जिला प्रभारी बसपा), राकेश चौधरी (जिला प्रभारी बसपा जबलपुर), लखन चौधरी, सुरेश वंशकार (जिला उपाध्यक्ष बसपा जबलपुर), राजकुमार पाल (जिला महासचिव बसपा जबलपुर), लक्ष्मण समुद्रे (जिला सचिव बसपा), शामिल रहे। कार्यक्रम में अन्य आमंत्रित श्रीमती बबीता गोटिया (बसपा नेता



सिहोरा), भारत धेकार, राजेश स्कूल राजेश महोबिया, मुकेश चौधरी, ओम समद, सुश्री आशा गोटिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता में मुकेश चौधरी (विधानसभा अध्यक्ष सिहोरा) भी उपस्थित थे। शहीद बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने उनके जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने दबे-कुचले समाज के उत्थान और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, और उनकी जयंती को बड़े ही भव्य रूप से मनाया जाना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी, सिहोरा, जबलपुर ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शहीद बिरसा मुंडा के अनुयायियों से अनुरोध किया कि वे इस कार्यक्रम में तन, मन, धन का सहयोग देकर और अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

यह आयोजन एक बार फिर बहुजन समाज पार्टी की विचारधारा और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही शहीद बिरसा मुंडा के बलिदान को याद करने और सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है।

# बच्ची से छेड़खानी के विरोध में बाजार बंद, लगाया जाम

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह के पथरिया में सोमवार रात एक आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। इसके विरोध में आज पथरिया को बंद रखा गया है। साथ ही शराब की अवैध बिक्री पर रोक और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर संजय चौराहे पर जाम लगा दिया है। सोमवार रात करीब 9.30 बजे बच्ची चाट लेकर घर लौट रही थी। एसबीआई की पुरानी गली के पास दो लोगों ने उसे जबरन खींचने की कोशिश की। बच्ची ने साहस दिखाते हुए एक आरोपी के हाथ पर नाखून मारकर खुद को छुड़ाया और भागकर घर पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता के पिता मौके पर पहुंचे। परिजनों ने पथरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस स्थान पर घटना हुई, उसके पास अवैध रूप से शराब की बिक्री होती है। उन्होंने समाज के अन्य लोगों को भी सूचित किया और पथरिया थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।घटना के विरोध में जैन समाज ने मंगलवार को नगर बंद का आह्वान किया। रात में ही अनाउंसमेंट कर दिया गया और मंगलवार को पूरा नगर बंद रहा। लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर चक्का जाम किया। लोगों को समझाने पहुंचे एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने भरोसा दिलाया कि तत्काल ही करवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिस दुकान के पास बच्ची ने घटनाक्रम होने की बात कही है, उस दुकानदार को भी पूछताछ के लिए थाने बुला लिया गया है। पॉस्को एक्ट के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि जो सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं उसमें बच्ची गली के अंदर जाती नहीं दिखी है। सड़क पर दिखाई दी है। अब हम आसपास के और कई सीसीटीवी फुटेज देख रहे हैं।

## ग्रेटा थनबर्ग को इजरायल ने हिरासत में लेकर वापस भेजा, जहाज भी जब्त, क्यों बड़ा ऐक्शन

**तेल अवीव।** ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग को इजरायल से वापस भेजा जा रहा है। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके अलावा मिनिस्ट्री का कहना है कि गाजा जाने वाले जहाज को सीज भी कर लिया गया है। इसी जहाज पर ग्रेटा थनबर्ग सवार थीं। उनके साथ कुछ और ऐक्टिविस्ट थे और गाजा के लिए राहत सामग्री भी थी। इसके अलावा इजरायली विदेश मंत्रालय ने एक प्लेन की तस्वीर भी साझा की है। मंत्रालय का कहना है कि इसी प्लेन पर सवार होकर ग्रेटा थनबर्ग फ्रांस जा रही हैं। गाजा में लोगों के लिए मदद से लदे हुए जहाज में सवार होकर ग्रेटा थनबर्ग आई थीं। उस जहाज में थनबर्ग के अलावा 12 यात्री और सवार थे। इजरायल का कहना है कि हमने इस जहाज को सीज कर लिया है क्योंकि वह बिना मंजूरी के गाजा में जा रहा है। इजरायल का कहना है कि किसी भी जहाज को यह अनुमति नहीं है कि वह गाजा की सीमा में प्रवेश करे। स्वीडन की ऐक्टिविस्ट ग्रेटा थनबर्ग का अब फ्रांस के लिए रवाना हो गई हैं। उन्हें इजरायली प्रशासन ने हिरासत में ले लिया और फिर तेल अवीव स्थित एयरपोर्ट ले जाया गया।

### क्या भारत से हर बार युद्ध लड़ना पड़ेगा

# पाक सांसद के छूटे पसीने, विदेशी एंकर ने ब्रिगेड 313 पर घेरा

**इस्लामाबाद।** दुनिया के सामने पाकिस्तान का आतंकी चेहरा एक बार फिर बेनकाब हो गया। आतंकवाद से जुड़े सवाल पर पाकिस्तान की जानी मानी सांसद तक की बोलती बंद हो गई। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) की सीनेटर और पूर्व राजदूत शेरी रहमान को स्काई न्यूज की एंकर याल्दा हकीम के साथ एक इंटरव्यू में कड़े सवालों का सामना करना पड़ा। जब उनसे पहलगाम हमले और पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से संबंधों के बारे में पूछा गया तो उनके पास कोई तर्क मौजूद नहीं था। इंटरव्यू के दौरान रहमान ने बार-बार सवालों को टालने की कोशिश की, जिससे वह वैश्विक मंच पर असहज नजर आईं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें रहमान की बेचैनी साफ दिखाई दे रही है।

**इंटरव्यू में क्या हुआ?**

एंकर याल्दा हकीम ने शेरी रहमान से अल-कायदा से जुड़े ब्रिगेड 313 जैसे आतंकवादी संगठनों के बारे में सवाल किए। ये संगठन पाकिस्तान में सक्रिय हैं। हकीम ने पूछा कि पाकिस्तान इन संगठनों को अपने क्षेत्र में पनाह क्यों देता है, खासकर तब जब हाल ही में हुए पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी शिविरों



को निशाना बनाया था। इस हमले में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के शीर्ष कमांडर मसूद अजहर के परिवार के दस सदस्यों के मारे जाने की पुष्टि हुई थी।

याल्दा हकीम ने रहमान से पूछा कि (टेररिज्म रिसर्च एंड एनालिसिस कंसोर्टियम) के विश्लेषकों ने ब्रिगेड 313 को अल-कायदा से जुड़ा मुखौटा संगठन बताया है जो पाकिस्तान की धरती से ऑपरेट होता है। इस पर रहमान बेचैन दिखीं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता आपको ये किसने बताया, लेकिन मैं इसके जवाब में कई पन्नों का डिजिटल डोजियर बना सकती हूं। आप सिर्फ एक ही पक्ष की कहानी बता रही हैं। शैरी रहमान ने सवालों को टालने की कोशिश करते हुए कहा, क्या पाकिस्तान भारत के अंदर चल रही सभी 100 विद्रोहों के लिए जिम्मेदार है? क्या हर बार कोई हमला होता है तो उसकी जड़ें पाकिस्तान में ही ढूंढी जाएंगी?

**ऑपरेशन सिंदूर और बहावलपुर में जैश के ठिकानों पर हमला**× इंटरव्यू के दौरान हकीम ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई के बाद जैश-ए-मोहम्मद के चीफ ने खुद कबूला कि उसके 10 लोग मारे गए। इस पर पाकिस्तानी सांसद ने कहा, बच्चे मारे गए। बच्चे नेता नहीं होते। जिन विश्लेषकों का आप जिक्र कर रही हैं, वे भारत की कहानी को ही आगे बढ़ाते हैं। ये विश्लेषण निष्पक्ष नहीं हैं।

रहमान ने कहा, मुझे नहीं पता कि आपको यह जानकारी किसने दी। मैं इस तरह के दावों के खिलाफ ढेर सारे दस्तावेज पेश कर सकती हूं। क्या हर बार जब भारत में कोई हमला होता है, तो क्या मुझे युद्ध के लिए तैयार होना पड़ेगा? क्या हम वहां होने वाली हर चीज के लिए जिम्मेदार हैं?

**रहमान का राजनीतिक और राजनयिक इतिहास**× शैरी रहमान पाकिस्तान की राजनीति और पत्रकारिता की एक जानी-मानी हस्ती रही हैं। वे 2011 से 2013 तक अमेरिका में पाकिस्तान की राजदूत रहीं और पाकिस्तान की सीनेट में विपक्ष की पहली महिला नेता भी बनीं। इस इंटरव्यू के दौरान उनका रुख यह दर्शाता है कि पाकिस्तान इन आरोपों को लेकर कितनी असहज स्थिति में है।

### पाकिस्तान का आतंकवादी रिकॉर्ड

इंटरव्यू के दौरान रहमान ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान का आतंकवादी रिकॉर्ड रहा है, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका देश इस छवि को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। यह बयान हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस कबूलनामे के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान ने पिछले 30 वर्षों तक आतंकवादी समूहों को समर्थन, वित्त पोषण और सहायता प्रदान की थी, और यह काम उसने अमेरिका के इशारे पर किया था।

हकीम ने ब्रिगेड 313 के बारे में और सवाल उठाए, जो कि पूर्व पाकिस्तानी कमांडो से जिहादी बने इलियास कश्मीरी द्वारा स्थापित एक आतंकवादी संगठन है। यह संगठन अल-कायदा से संबद्ध हरकत-उल-जिहाद अल-इस्लामी (एचयूजेआई) के तहत काम करता है और भारत और पश्चिमी हितों के खिलाफ हमलों में शामिल रहा है। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, इस संगठन के पाकिस्तान की सैन्य-खुफिया तंत्र से गहरे संबंध हैं।

## आज का इतिहास

1770-कैप्टन जेम्स कुक ने ऑस्ट्रेलिया के ग्रेट बैरियर रीफ की खोज की।
1776-अमेरिका की स्वतंत्रता का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए समिति बनायी गयी।
1866-इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना हुई। इसे पहले आगरा उच्च न्यायालय के नाम से जाना जाता था।
1897-महान स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल का जन्म।
1921-ब्राजील में महिलाओं को चुनाव में मतदान का अधिकार मिला।
1924-मराठी भाषा के सुप्रसिद्ध इतिहासकार कवि, नाटककार और जीवनी लेखक वासुदेव वामन शास्त्री खरे का निधन।
1935-एडविन आर्मस्ट्रांग ने पहली बार एफएम का प्रसारण किया।
1940-यूरोपीय देश इटली ने मित्र देशों के खिलाफ लड़ाई की घोषणा की।
1947-भारत के पूर्व 17वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त शाहबुद्दीन याक़ूब क़ुरैशी का जन्म।
1948-भारतीय राजनीतिज्ञ एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का जन्म।

## बातचीत शुरू कर दी है, त्रिगुट फिर खड़ा होगा; भारत और चीन को साथ लाने पर क्यों अड़ा रूस?

हाल के वर्षों में वैश्विक भू-राजनीति में तेजी से बदलाव आया है। इस बदलती दुनिया में रूस, भारत और चीन त्रिपक्षीय मंच को दोबारा खड़ा करने की दिशा में सक्रिय प्रयास कर रहा है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने हाल ही में इस मंच को फिर से सक्रिय करने की इच्छा जताई है। लावरोव ने सोमवार को कहा कि भारत और चीन के बीच तनाव में काफी कमी आई है और त्रिपक्षीय समूह' आरआईसी' का रुका हुआ काम फिर से शुरू हो सकता है। रूसी राजधानी मॉस्को में '2050 भविष्य का मंच' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आरआईसी प्रारूप में संयुक्त कार्य की बहाली बहुध्रुवीय ढांचे के निर्माण समेत यूरेशियाई प्रक्रियाओं की दिशा में पहला कदम हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि रूस इस त्रिगुट को फिर से खड़ा करने के लिए इतना उत्सुक क्यों है? और क्या यह प्रयास वास्तव में भारत-चीन संबंधों को सामान्य कर सकता है? आइए विस्तार से समझते हैं।

**आरआईसी त्रिगुट का इतिहास**

रूस-भारत-चीन त्रिपक्षीय मंच की शुरुआत 1990 के दशक के अंत में हुई थी, जब रूस के तत्कालीन विदेश मंत्री येवगेनी प्रिमाकोव ने इसे अमेरिका-केंद्रित एकध्रुवीय विश्व व्यवस्था के खिलाफ एक वैकल्पिक रणनीतिक गठजोड़ के रूप में प्रस्तावित किया था। इस मंच का उद्देश्य तीनों देशों के साझा हितों को बढ़ावा देना और वैश्विक मंच पर बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करना था। 2000 के दशक में यह मंच ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे अन्य बहुपक्षीय मंचों के साथ पूरक रूप से काम करता रहा।

हालांकि, 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हिंसक झड़प के बाद आरआईसी मंच लगभग निष्क्रिय हो गया। भारत-चीन सीमा विवाद और दोनों देशों के बीच बढ़ते अविश्वास ने इस त्रिगुट को कमजोर कर दिया। इस बीच, यूक्रेन युद्ध के बाद रूस और चीन के बीच निकटता बढ़ती चली गई। हालांकि रूस बार-बार इस बात पर जोर देता रहा है कि वह भारत को अपने सबसे भरोसेमंद साझेदारों में से एक मानता है और आरआईसी को दोबारा खड़ा करने की कोशिशों में लगा हुआ है।

**रूस की उत्सुकता के पीछे की वजहें**

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने इससे पहले मई में भी एक बयान में कहा था कि भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को शांत करने की दिशा में प्रगति हुई है, और अब ऋ्रुष्ट मंच को फिर से सक्रिय करने का सही समय है। इस बयान के पीछे कई भू-राजनीतिक और रणनीतिक कारण हैं।

पश्चिमी दबाव का जवाब- लावरोव ने बार-बार पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका और नाटो, पर भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि पश्चिम 'फूट डालो और राज करो' की नीति के तहत भारत को चीन-विरोधी गठजोड़ (जैसे क्वाड और ऑकश ) में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। चीन के साथ संतुलन: रूस और चीन के बीच बढ़ती साझेदारी के बावजूद, रूस नहीं चाहता कि वह बीजिंग के प्रति अत्यधिक निर्भर हो जाए।

# चीन इस मामले में दोगलापन नहीं कर सकता, जयशंकर ने ड्रैगन को दे दिया स्पष्ट संदेश

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ नई मुहिम शुरू की है। भारत ने आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान की पोल दुनिया भर में खोली है और सभी देशों को यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगा। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को चीन को भी चेतावनी दे दी है। जयशंकर ने कहा है कि चीन पाकिस्तान के साथ अपनी दोस्ती निभाने के चक्कर में आतंकवाद से निपटने में दोहरे मापदंड नहीं अपना सकता।

जयशंकर ने फ्रांसीसी अखबार ले फिगारो को दिए गए एक इंटरव्यू में जयशंकर ने चीन को स्पष्ट चेतावनी दी। पाक को मिली चीनी समर्थन के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा, उनके बीच दशकों से घनिष्ठ संबंध रहे हैं। लेकिन आतंकवाद जैसे मुद्दे पर आप अस्पष्टता या दोहरे मापदंड नहीं अपना सकते। उन्होंने कहा है कि आतंकवाद एक ऐसी समस्या है जो सभी देशों को प्रभावित करती है और इस पर एक्शन नहीं लिया गया तो कल को कोई भी देश इससे अछूता नहीं रहेगा। जयशंकर फिलहाल बेल्जियम और फ्रांस के दौरे पर है।



यहां वे दोनों देशों और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे। पिछले महीने पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद से यह उनकी यूरोप की दूसरी यात्रा है। इस दौरे पर जयशंकर सहयोगी देशों संग आतंकवाद से निपटने की चर्चा करेंगे।

जयशंकर ने यूरोप में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा, भारत की कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ है। यह भारत-पाकिस्तान का मुद्दा इसीलिए बन गया क्योंकि पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देता है। संघर्ष भारत और आतंकवाद के बीच है, किसी देश के साथ नहीं। उन्होंने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले का जिक्र कर कहा, हम आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेंगे और अगर भारत के लोगों पर कोई भी आंच आई तो हम आतंकियों को ढूंढ ढूंढ कर मारेंगे। भारत स्पष्ट है- जब तक सीमा पार आतंकवाद जारी रहेगा, तब तक हम जवाबी कार्रवाई करेंगे और अपनी आत्मरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का एक खतरा बन सकता है, जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन दोनों तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और संतुलन बनाना एक जटिल प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, दोनों देश हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बड़ा प्रभाव रखते हैं इसलिए यह केवल द्विपक्षीय मामला नहीं है। जयशंकर ने आगे कहा, मेरा मानना है कि दोनों पक्षों को लगता है कि संबंध बेहतर बनाए जा सकते हैं।

# खतरनाक मटेरियल की तस्करी, अमेरिका को बर्बाद करने की साजिश? एक और चीनी वैज्ञानिक गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अधिकारियों ने चीन के वुहान से आई एक और वैज्ञानिक को अवैध रूप से जैविक सामग्री यानी बायोलॉजिकल मटेरियल की तस्करी करने और सरकारी एजेंटों से झूठ बोलने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह घटना हाल के दिनों में इस तरह का दूसरा मामला है।

इससे पहले मिशिगन विश्वविद्यालय से जुड़े चीनी नागरिकों पर खतरनाक बायो मटेरियल की तस्करी का आरोप लगा है। बता दें कि चीन का वुहान वही शहर है जहां कोरोना वायरस सबसे पहले दिसंबर 2019 में सामने आया था। वुहान के हुआनन सीफूड मार्केट को इस वायरस के प्रारंभिक प्रसार का केंद्र माना जाता है, जहां से यह तेजी से फैलकर वैश्विक महामारी बन गया। कुछ रिपोर्टों में ये भी दावा किया जाता है कि कोरोना वुहान की एक वैज्ञानिक लैब से निकला था।

चेंग्सुआन हान नाम की आरोपी वुहान में हुआजहॉन्ग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी छात्रा है। उसे रविवार को डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह शंघाई से फ्लाइट के जरिए अमेरिका पहुंची थीं।

एफबीआई के अनुसार, हान ने 2024 और 2025 में चार पैकेज अमेरिका भेजे, जिनमें जैविक सामग्री छिपाई गई थी। इनमें से एक पैकेज को एक किताब के अंदर छिपाया गया था, जिसे अधिकारियों ने पिछले साल और इस साल की शुरुआत में जब्त किया था।

हान पर अमेरिका में माल की तस्करी और झूठे बयान देने जैसे गंभीर अपराधों का आरोप लगाया गया है। अदालती दस्तावेजों के अनुसार, हान ने शुरू में पैकेज भेजने से इनकार किया था और दावा किया था कि उनमें प्लास्टिक के कप थे, न कि पेट्री डिश।

## सुडोकू 6940

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 5 | | 4 | |
| | | 5 | | 4 | | 6 | | |
| 4 | 3 | 8 | 2 | | | | | |
| | | | | 2 | | | 6 | |
| 7 | | 3 | | | | 1 | | 2 |
| | 4 | | | 8 | | | | |
| | | | | | 2 | 7 | 9 | 4 |
| | | 2 | | 3 | | 5 | | |
| | 6 | | 7 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6940

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. धीरे धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५., राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलने की वस्तु
१३. बिलकुल, नितां
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**
१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान मुख वाली
३. किसी के खाते में खर्च की रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०.स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उप पति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार खांचे में ढाला गया मिट्टी, मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन-संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन करना, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

### वर्ग पहेली-6939

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उ | त्र | २ स | व | ■ | ■ | ३ अ | ट | ४ प | टा |
| त्सु | ■ | म | ■ | ५ स्था | प | त्य | ■ | गा | ■ |
| ६ क | न्नी | का | ट | ना | ■ | ७ धि | क्का | र | ८ ना |
| ता | ■ | ली | ■ | ९ भा | वु | क | ■ | ■ | ट |
| ■ | १० ज | न | ११ र | व | ■ | ■ | १२ उ | द | क |
| ■ | ल | ■ | ज | ■ | १३ बु | रा | दा | ■ | का |
| १४ अ | धि | १५ कृ | त | ■ | लं | ■ | १६ स | १७ मी | र |
| प्र | ■ | त | ■ | १८ अं | द | १९ र | ■ | ना | ■ |
| २० स | र्व | ज्ञ | ■ | ज | ■ | २१ ति | जा | र | २२ त |
| न्न | ■ | २३ ता | त्का | लि | क | ■ | ■ | ■ | म्र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सवाल | कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन पर सबसे बड़ा सवाल

# क्या पहलगाम नरसंहार से पर्यटन को हुई क्षति की भरपाई कर पाएगी कश्मीर के लिए सीधी ट्रेन

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** एक इतिहास बनाते हुए देश से कश्मीर के लिए सीधी रेल की शुरूआत हो चुकी है और इसके साथ ही एक सबसे बड़ा सवाल मुहं बाए खड़ा है कि क्या यह रेल कश्मीर के पर्यटन व्यवसाय को पहलगाम नरसंहार के कारण हुई क्षति की भरपाई कर पाएगी। फिलहाल गारंटी वाला जवाब किसी के पास नहीं है ।

सिवाय इसके कि यह जम्मू-श्रीनगर हाईवे की दुश्वारियों से निजात जरूर दिलाएगी। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के कुछ ही सप्ताह बाद, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे और कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र में हलचल मच गई थी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 जून को कश्मीर के लिए पहली सीधी ट्रेन को हरी झंडी दिखाई - जिससे कई लोगों को उम्मीद है कि यह क्षेत्र की यात्रा और अर्थव्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा।

हालांकि नई शुरू की गई ट्रेन को संभावित गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है। यह प्रमुख शहरों से किफायती और भरोसेमंद यात्रा विकल्प प्रदान करती है -



खासकर मध्यम वर्ग के परिवारों और गुजरात, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल पंजाब और दिल्ली जैसे राज्यों से आने वाले समूह पर्यटकों के लिए, जिन्हें पहले हवाई यात्रा बहुत महंगी लगती थी। श्रीनगर के एक होटल व्यवसायी अफजल जाफरी का कहना था कि हमारे लिए, ट्रेन सिर्फ परिवहन से कहीं ज्यादा है - यह एक उम्मीद है। यह हमें भारत के हृदय स्थल से फिर से जोड़ती है, खासकर पहलगाम हमले से हुए नुकसान के बाद। वैसे यह सच है कि उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेलवे लाइन में लंबे समय से प्रतीक्षित मील के पत्थर ने पर्यटन हितधारकों में नई आशा जगाई है, जो इस सीजन के दौरान बड़े पैमाने पर रद्दीकरण से त्रस्त थे, जिसे रिकार्ड तोड़ने वाला सीजन माना जा रहा था। 22 अप्रैल के हमले ने संभावित टूरिस्टों में दहशत पैदा कर दी, होटल और टूर आपरेटरों ने कुछ ही दिनों में 90 परसंट तक रद्दीकरण की सूचना दी।

कई लोगों को डर था कि पिछले अशांति के दौर की याद दिलाने वाली मंदी फिर से लौट आएगी। पर्यटन विभाग के अधिकारी इस बात से सहमत हैं कि रेलवे अनिश्चितता के समय में भी पर्यटकों के प्रवाह को बनाए रखने में मदद कर सकता है। एक पर्यटन अधिकारी का कहना था कि लोग ट्रेनों को अधिक सुरक्षित और अधिक सुसंगत मानते हैं। यह लंबे समय में पर्यटन को स्थिर कर सकता है, भले ही सुरक्षा स्थिति में उतार-चढ़ाव हो। जबकि सुरक्षा विशेषज्ञों का मत था कि ट्रेन से आने वाले अधिक पर्यटकों का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी आतंकी बयानों का मुकाबला कर सकता है। एसे में एक पुलिस अधिकारी कहते थे कि आतंकवाद का उद्देश्य कश्मीर को अलग-थलग करना है। श्रीनगर के लिए भरी हुई ट्रेन इसका सबसे अच्छा जवाब है।

# खेल जगत

## इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करना चाहते हैं अर्शदीप सिंह

**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह आगामी सीरीज में अपने संभावित टेस्ट डेब्यू पर नजर गड़ाए हैं। अर्शदीप सिंह टेस्ट टीम में मौका मिलने पर घरेलू बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। 'काउंटी चैंपियनशिप' में केंट की ओर से खेलने वाले अर्शदीप को इस टेस्ट सीरीज के दौरान मौका मिलने की संभावना है। इसकी वजह यह है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट नहीं खेलेंगे। व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपना दबदबा दिखा चुके 26 वर्षीय अर्शदीप अब लाल गेंद का अनुभव लेना चाहते हैं। अर्शदीप सिंह ने बीसीसीआई टीवी से कहा, 'आज के ट्रेनिंग सेशन के लिए, मेरी एकमात्र प्रेरणा लय को महसूस करना था।




# अरिजीत जर्मनी में चार देशों के जू हॉकी टूर्नामेंट में भारत के कप्तान होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 10 जून (देशबन्धु)। करीब साढ़े छह फुट लंबे सबसे देश के लंबे नौजवान स्ट्राइकर अरिजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन (जर्मनी) में 21 से 25 जून तक होने

### भारत जू टीम जर्मनी, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी

वाले आगामी चार देशों के जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में शिरकत करेगी। चार देशों के इस जूनियर टूर्नामेंट में मेजबान जर्मनी, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया की टीमें शिरकत करेगी। टूर्नामेंट के प्रारूप के मुताबिक सभी चारों टीमें एक ही राउंड के पूल में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल खेलेंगी और तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें स्थान निर्धारण मैच खेलेगी। चार देशों का यह जूनियर हॉकी टूर्नामेंट भारत के 2025 में ननै मे 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयारी का मंच साबित होगा। भारत के पास कप्तान अरिजीत हुंडल, गुरजोत सिंह ,सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह , अर्शदीप सिंह के रूप में ऐसी अग्रिम पंक्ति है जिसके पास धार के साथ रफ्तार भी है।

भारत की जूनियर टीम के कप्तान के रूप में अरिजीत हुंडल ने बतौर स्ट्राइकर अपनी धार से बहुत प्रभावित किया है जबकि उप कप्तान आमिर अली बतौर फुलबैक टीम के रक्षण की अहम कड़ी हैं। चार देशों के जूनियर टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम है :

**गोलरक्षक** : बिक्रमजीत सिह, विवेक लाकरा।



**रक्षापंक्ति** : आमिर अली (उपकप्तान), तलेम प्रियब्रत, शारदा नंद तिवारी। सुपील पीबी, अनमोल एक्का रोहित, रवनीत सिंह, सुखविंदर।

**मध्यपंक्ति** : अंकित पाल, रोशन कुजूर, रोहित कुल्लू, थुनाओ जम इंगलेम्बा लुआंग, अद्रोइत एक्का, जीत पाल।

**अग्रिम पंक्तिः** अरिजित सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह अजीत यादव।

**चार देशों के जूनियर टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम है:-**

**गोलरक्षक** : बिक्रमजीत सिह, विवेक लाकरा। रक्षा पंक्तिः

**रक्षापंक्ति** : आमिर अली( उपकप्तान), तलेम प्रियब्रत, शारदा नंद तिवारी। सुपील पीबी, अनमोल एक्का रोहित , रवनीत सिंह, सुखविंदर।

**मध्य पंक्ति** : अंकित पाल, रोशन कुजूर, रोहित कुल्लू, थुनाओ जम इंगलेम्बा लुआंग, अद्रोइत एक्का, जीत पाल।

**अग्रिम पंक्तिः** अरिजित सिंह हुंडल (कप्तान), गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाहा, दिलराज सिंह, अर्शदीप सिंह अजीत यादव

साथ ही जी आदर्श (गोलरक्षक), प्रशांत बारला (फुलबैक), चंदन यादव (मिडफील्डर) और मोहम्मद कुनैन दाद (स्ट्राइकर) के रूप में चार खिलाड़ियों को बतौर स्टैंडबाय चुना गया है।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने के लिए पूरी तरह हैं तैयारः हरमनप्रीत

**एम्स्टर्डम।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता।'



हरमनप्रीत ने कहा, 'हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है।' उन्होंने कहा, 'टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।' उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है।

# निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 की उम्र में लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**नई दिल्ली,** 10 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। पूरन के अचानक लिए गए इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की है। कुछ दिनों पहले ही साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने की घोषणा की थी, जिसके बाद एक और मशहूर विकेटकीपर-बल्लेबाज का संन्यास क्रिकेट प्रेमियों को चौंका गया। 29 वर्षीय निकोलस पूरन ने संन्यास का ऐलान करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने काफी सोचने और विचार-विमर्श करने के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है।

यह खेल जिससे हम प्यार करते हैं, उसने बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। मैरून जर्सी पहनना, एंथम के लिए खड़े होना, और हर बार मैदान पर उतरते समय अपना सब कुछ देना... इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है कि इसका मेरे लिए क्या मतलब है। टीम का कप्तान होना एक ऐसा सौभाग्य है, जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने आगे लिखा, फैंस के लिए- आपके अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल पलों में मुझे संभाला और बेहतरीन जुनून के साथ अच्छे पलों का जश्न मनाया। अपने परिवार, दोस्तों और टीम के साथियों के लिए मैं कहना चाहूंगा कि मेरा साथ देने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इन सब के जरिए आगे बढ़ाया। निकोलस पूरन ने 2014 के अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप में



वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया था, जिसके दो साल बाद उन्हें टी20आई फॉर्मेट में सीनियर टीम की ओर से इंटरनेशनल डेब्यू करने का मौका मिला। इसके बाद 2018 में पूरन ने वनडे फॉर्मेट में डेब्यू किया। शानदार प्रदर्शन को देखते हुए बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को विश्व कप 2019 के लिए टीम में मौका मिला। साल 2021 में पूरन पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के लिए कैरेबियन टीम के उप-कप्तान बने और साल 2022 में दोनों 'व्हाइट बॉल फॉर्मेट' में कप्तानी की बागडोर संभाली।

निकोलस पूरन ने वेस्टइंडीज के लिए सिर्फ %व्हाइट बॉल क्रिकेट% ही खेला। उन्होंने 61 वनडे मुकाबलों में पूरन के नाम 39.66 की औसत के साथ 1983 रन हैं। इस दौरान पूरन ने तीन शतक और 11 अर्धशतक जड़े हैं। 106 टी20आई मुकाबलों में इस खिलाड़ी ने 13 अर्धशतक की मदद से 2275 रन बनाए। इस फॉर्मेट में उनका औसत 26.14 रहा।

# बेंगलुरु भगदड़ मामला : कर्नाटक हाई कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करने का दिया आदेश

**कर्नाटक।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मंगलवार (10 जून) को राज्य को बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीलबंद लिफाफे में अपना जवाब पेश करने की अनुमति दे दी। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जून को होगी। कोर्ट ने इस हादसे का स्वतः संज्ञान लिया था। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में चार जून को रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत का जश्न मनाने आए फैंस के बीच भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई। इस मामले पर अगले दिन हाई कोर्ट स्वत~ संज्ञान लिया था। अदालत इस हादसे के पीछे की वजह का पता लगाना चाहती है। अदालत जानना चाहती है कि क्या इस हादसे को रोका जा सकता था और भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए क्या उपाय किए जाने चाहिए। मंगलवार को सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता शशि किरण शेट्टी ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति सीएम जोशी की खंडपीठ के समक्ष बताया कि उन्होंने जवाब दाखिल नहीं किया है।

शशि किरण शेट्टी ने कहा, 'न्यायिक आयोग का गठन किया गया है और रिपोर्ट देने के लिए एक महीने का समय दिया गया है। पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। लंबित जमानत याचिकाओं में, जो कुछ भी यहां कहा जाता है, उसका इस्तेमाल वहां आरोपी कर रहे हैं।' हाई कोर्ट ने पूछा, 'क्या आप यह कह रहे हैं कि आप हमारे निर्देशों का जवाब नहीं देंगे? इस पर महाधिवक्ता ने कहा, 'कृपया इसे कल रखें, हम जवाब दाखिल करेंगे। कुछ चीजें हैं।हाई कोर्ट ने जवाब दाखिल करने में कठिनाई की वजह पूछी, जिस पर महाधिवक्ता ने कहा, 'मैं खुली अदालत में नहीं रखना चाहता, हम पूर्वाग्रह से ग्रसित हो जाएंगे। स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आने दें और ऐसा नहीं होना चाहिए कि हम पक्षपाती हैं। यह केवल एक महीने का मामला है।' हाई कोर्ट ने एडवोकेट जनरल को आदेश दिया कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में दाखिल करें। एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने कोर्ट से स्वतंत्र जांच की रिपोर्ट आने तक इंतजार करने की अपील की है।कोर्ट ने आदेश में कहा, हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल (आरजी) ने 5 जून के हमारे पिछले आदेश के अनुसार रिट याचिका (डब्ल्यूपी) दाखिल किया है। शशि किरण शेट्टी ने बताया कि एडवोकेट जनरल ने कहा है कि वह सीलबंद लिफाफे में जवाब दाखिल करना चाहते हैं, उन्हें गुरुवार तक या उससे पहले ऐसा करने

# इंग्लैंड बनाम वेस्टइंडीज मुकाबला अहमकी अनुमति है। आरजी यह सुनिश्चित करेंगे कि जवाब सुरक्षित रखा जाए

नई दिल्ली। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच 10 जून को साउथैम्प्टन में तीसरा टी20 मैच खेला जाना है। ये मुकाबला भारतीय समय के अनुसार रात 11 बजे से होगा। इंग्लैंड की टीम शुरुआती दोनों मैच जीतकर तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना चुकी है। ऐसे में अब वेस्टइंडीज के लिए यह मुकाबला 'सम्मान की लड़ाई' है। साउथैम्प्टन के द रोज बाउल स्टेडियम की पिच पर स्कोर डिफेंड करना एक मुश्किल काम है। पिच बल्लेबाजों के साथ गेंदबाजों के लिए मददगार रही है। यहां जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता है, स्पिनर्स अपना दबदबा बनाना शुरू कर देते हैं। इस पिच पर साल 2013 में ऑस्ट्रेलियाई टीम टी20 मुकाबले के दौरान 248/6 का स्कोर बना चुकी है। न्यूनतम स्कोर (79 रन) का रिकॉर्ड भी ऑस्ट्रेलिया के ही नाम है। ये मैच जून 2005 में खेला गया था।

साउथैम्प्टन में मंगलवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस बने रहने का अनुमान है। इस दिन बारिश की आशंका 40 प्रतिशत बताई जा रही है। मुकाबले के समय हल्की बारिश हो सकती है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच टी20 क्रिकेट के आंकड़ों को देखें, तो दोनों टीमें 37 बार आमने-सामने रही हैं। इस दौरान 18 मुकाबले इंग्लैंड ने अपने पक्ष में किए, जबकि वेस्टइंडीज ने इतने ही मैच अपने नाम किए। एक मैच बेनतीजा भी रहा है।

इस मुकाबले में जोस बटलर और जैकब बेथेल इंग्लैंड की बल्लेबाजी को मजबूती देते नजर आ सकते हैं । आदिल राशिद और साकिब महमूद वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। बात वेस्टइंडीज की करें, तो जॉनसन चार्ल्स, शाई होप, रॉवमैन पॉवेल बल्लेबाजी को मजबूत बना सकते हैं। इनके अलावा अल्जारी जोसेफ और जेडेन सील्स इंग्लैंड को बल्लेबाजों को परेशान करते नजर आ सकते हैं। वेस्टइंडीजः एविन लुईस, जॉनसन चार्ल्स, शाई होप (विकेट कीपर/कप्तान), शेरफेन रदरफोर्ड, रोवमैन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड, जेसन होल्डर, रोस्टन चेस, अकील होसेन, गुडाकेश मोटी, अल्जारी जोसेफ, मैथ्यू फोर्ड, ब्रैंडन किंग, शिमरोन हेटमायर, आंद्रे रसेल। इंग्लैंडः जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जोस बटलर (विकेट कीपर), हैरी ब्रूक (कप्तान), जैकब बेथेल, टॉम बैंटन, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, लियाम डॉसन, आदिल राशिद, ल्यूक वुड, साकिब महमूद, मैथ्यू पॉट्स, रेहान अहमद।


**न्यायालय- श्रीमान् व्यवहार न्यायाधीश वर्ग- 2, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर, म.प्र.**

( श्रीमान् यश शर्मा जी )

अशोक पटेल .................आवेदक

विरूद्ध

मध्यप्रदेश शासन एवं सर्वसाधारण

.... अनावेदक

RCSA- 116/2024

पेशी दिनांक- 30.06.2025

**सर्वसाधारण को सूचना इश्तहार हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अशोक पटेल आ. बालाराम पटेल जाति गूजर, निवासी देतपोन तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर ने इस न्यायालय में मौजा गूर्जर झिरिया, तह. गाडरवारा स्थित ख.न. 121 में त्रुटि व भूल वश अशोक की जगह छोटे लाल राजस्व दस्तावेज में अंकित हो गया है उक्त नाम की लिपकीय सुधार की घोषणा करापाने हेतु दावा प्रस्तुत किया हैं, अगर इस संबंध में सर्वसाधारण कोई व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार यदि कोई हित रखता है तो नियत पेशी दिनांक 30.06.2025. पर उपस्थित होकर अपने या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है । यदि उक्त दिनांक के पश्चात दावा प्रस्तुत करता हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। और व प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु न्यायालय स्वतंत्र रहेगा। यदि किसी कारणवश न्यायालय में अवकाश रहता है तो प्रकरण अगले दिन सुनवाई पर लिया जावेगा।

गाडरवारा

दिनांक -

**(श्री यश शर्मा)**
**तृतीय व्यवहार न्यायधीश कनिष्ठ खण्ड, गाडरवारा जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

नेपियर टॉउन शाखा, जबलपुरः 1131, शास्त्री ब्रिज, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482001 (म.प्र.) फोनः 91 0761-2407181
ईमेल : napier@bankofbaroda.com, www.bankofbaroda.com

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

परिशिष्ट- IV-A (नियम 8 (6) एवं 9 (1) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/ वास्तविक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** एवं **''बिना किसी विधिक दायित्व के''** निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई- नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है :-

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण उस पर ज्ञात भार यदि कोई हो एवं संपत्ति मालिक का नाम | ई- नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | कब्जे का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक) | सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नेपियर टाउन 97524 10654 | **ऋणीः 1. श्रीमति श्यामवती अडागले पत्नि स्व. श्री देवीदास अडागले (विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री देवीदास अडागले),** प्लाट नं. 4, अनमोल सिटी सोनपुर रोड, घाना खम्हरिया, जबलपुर (म.प्र.) **2. कु. रीना अडागले पुत्री स्व. श्री देवीदास अडागले (विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री देवीदास अडागले),** प्लाट नं. 4, अनमोल सिटी सोनपुर रोड, घाना खम्हरिया, जबलपुर (म.प्र.) **3. कु. जया अडागले पुत्री स्व. श्री देवीदास अडागले (विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री देवीदास अडागले),** प्लाट नं. 4, अनमोल सिटी सोनपुर रोड, घाना खम्हरिया, जबलपुर (म.प्र.) **4. कु. करीना अडागले पुत्री स्व. श्री देवीदास अडागले (विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री देवीदास अडागले),** प्लाट नं. 4, अनमोल सिटी सोनपुर रोड, घाना खम्हरिया, जबलपुर (म.प्र.) | Rs. 14,43,997/- + ब्याज एवं खर्चे जो लागू हों | साम्य बंधक अचल सम्पत्ति स्थित मौजा- घाना, बंदोबस्त नं. 634, प.ह.नं. 14/57, आर.आई. सर्किल- महाराजपुर, डायवर्टेड खसरा नं. 257/2 एवं 258/3 का भाग, टी एंड सीपी स्वीकृत लेआउट प्लाट नं. 04, तहसील- पनागर एवं जिला जबलपुर, एरिया- 660 वर्गफुट । सम्पत्ति स्वामी- श्री देवीदास अडागले पिता श्री केशव अडागले । चतुर्सीमा- पूर्व- साईड रोड, पश्चिम- विक्रेता की सम्पत्ति, उत्तर- विक्रेता की सम्पत्ति, दक्षिण- बेन मैडम। | 24-07-2025 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक | Rs. 14,00,000/- / Rs. 1,40,000/- / Rs. 25000/- | भौतिक | 23-07-2025 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) एवं 9 (1) के अधीन 30 दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।**

विक्रय के निबंध और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in / e-auction.html एवं ई- नीलामी पोर्टल- Baanknet.com देखें।

स्थानः जबलपुर, दिनांकः 11.06.2025

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**इंडियन बैंक Indian Bank**
**इलाहाबाद ALLAHABAD**

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई- नीलामी द्वारा)**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) एवं 6(2) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल एवं चल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

सर्वसाधारण को साधारणतया एवं ऋणी/जमानतदार/बन्धककर्ता को विशेषतया यह सूचना दी जाती है कि निम्न वर्णित सम्पत्तियों का इंडियन बैंक के पक्ष में प्रतिभूति हित का सृजन है जिसका कब्जा इंडियन बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (4) के अंतर्गत लिया गया है एवं बैंक की बकाया राशि मय ब्याज, चार्जेस आदि वसूलने हेतु निम्न शर्तों एवं नियमों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रतिभूति आस्तियों का **''जैसा है जहाँ है'', ''जैसा है जो है'', और ''जो कुछ भी है''** आम जनता से निविदा का आमंत्रण कर ई- नीलामी द्वारा विक्रय करने का निर्णय लिया गया है। विक्रय अधोहस्ताक्षरी द्वारा सर्विस प्रदाता की ई- नीलामी वेबसाइट प्लेटफार्मः https://www.ebkray.in पर संपन्न होगा। वर्तमान में संपत्ति पर **भौतिक कब्जा** नहीं है।

| क्रं. सं. | शाखा का नाम एवं पता | (1) खाते का नाम एवं पता (2) ऋणी का नाम एवं पता प्रोपराइटर/पार्टनर/ डायरेक्टर का नाम (3) जमानतदार एवं उसके पिता/पति का नाम | (1) बंधक संपत्ति जिसकी नीलामी हो रही है का विवरण एवं (2) टाइटल डीड होल्डर का नाम | (1) मांग सूचना दिनांक (2) कब्जा दिनांक (3) सुरक्षित ऋण का विवरण | (1) आरक्षित मूल्य (2) धरोहर राशि (3) बिड बढ़ाने की राशि (4) विक्रय की दिनांक एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एसएसआई फायनेंस सम्पर्क नं. 98114 64399 | **ऋणीः 1. मेसर्स काली ट्रेडर्स (प्रोप. श्री पवन लालवानी),** डेलौरा बाय पास रोड, सोनवर्षा मोड़, सतना- 485001 **प्रोप्राईटर- 2. श्री पवन लालवानी पिता श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 3. श्रीमति जिया लालवानी पत्नि श्री पवन लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 4. श्रीमति पिया लालवानी पत्नि श्री इन्दर लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 **जमानतदार/ बंधककर्ता- 5. श्रीमति संगीता लालवानी पत्नि श्री रमेश लालवानी,** रामपीर मंदिर के बाजू में , शिवपुरम कॉलोनी, वार्ड नं. 44, सतना- 485001 | सम्पत्ति के सभी भू-भाग आवासीय भूमि म्युनिसिपल मकान, सम्पत्ति स्वामी- श्रीमति जिया लालवानी पत्नि पवन लालवानी एवं श्रीमति प्रिया लालवानी पत्नि इन्दर लालवानी, अराजी खसरा नं. 100/1/2/1/1/1/3/7/1, एरिया- 2041 वर्गफुट, मौजा- डेलौरा, वार्ड नं. 37/45, टिकुरिया टोला, शिवपुरम कॉलोनी, रामपीर मंदिर के बाजू में , प.ह.नं. 78/97, रा.नि.मं.- सतना, विकास खण्ड- सोहावल, तहसील- रघुराजनगर, जिला- सतना (सेल डीड नं. 611 दिनांक 03.07.2023) । **चतुर्सीमा-** उत्तर- हरिजन बस्ती, दक्षिण- भगवानदास एवं अन्य, पूर्व- 30 फुट रोड, पश्चिम- सीताराम का एरिया Property ID No. IDIB50172982179 | 28-04-2023 / 14-07-2023 / Rs. 2,29,93,966/- + ब्याज 28.04.2023 से एवं अन्य खर्च | Rs. 75,00,000/- / Rs. 7,50,000/- / Rs. 50,000/- / दि. 27-06-2025 सुबह 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक | श्री दिनेश कुमार 9811464399 |

**ई- नीलामी की दिनांक एवं समय- 27/06/2025, सुबह 11.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक, ई- नीलामी प्लेटफार्म https://www.ebkray.in, https://indianbank.in पर सम्पन्न होगी**

नोट- यह सूचना उपरोक्त ऋण के कर्जदार/गारंटरों /बंधककर्ताओं को उपरिवर्णित तिथि को इस बिक्री के आयोजन और अन्य विवरण के बारे में नोटिस भी है।

दिनांकः 11/06/2025, स्थान- आंचलिक कार्यालयः द्वितीय तल, बैंक बिल्डिंग, जय स्तम्भ चौक, सतना (म.प्र.)

प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक

# अर्थ जगत

## सपाट बंद हुआ घरेलू शेयर बाजार

**मुम्बई।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को कारोबार के आखिर में कुल मिलाकर सपाट बंद हुए। संसेक्स में चार दिनों से जारी तेजी का सिलसिला मंगलवार को टूट गया। बीएसई सेंसेक्स 53.49 अंक या 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,391.72 पर और निफ्टी 1.05 अंक बढ़कर 25,104.25 पर बंद हुआ। 10 जून को 2160 शेयरों में तेजी आई, 1723 शेयरों में गिरावट आई और 136 शेयरों में कोई बदलाव नहीं देखा गया। सेक्टोरल मोर्चे पर रियल्टी इंडेक्स में 1 प्रतिशत की गिरावट आई।



# पिछले 2 सालों में निवेशकों को सोने-चांदी ने दिया जबरदस्त रिटर्न



*__नई दिल्ली।__ निवेशकों को पिछले 2 सालों में सोने और चांदी ने जबरदस्त रिटर्न दिया है। रिटर्न के मामले में इन दोनों कीमती धातुओं ने स्टॉक मार्केट को भी पीछे छोड़ दिया है। इस साल अभी तक सोने में अच्छी तेजी दर्ज की गई है, लेकिन पिछले कुछ दिनों में चांदी की चमक तेज हो गई है। दिल्ली में चांदी का भाव 1.08 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गया है। यह अपने आप में नया रिकॉर्ड है।*

हालांकि, कमोडिटी एक्सपर्ट का मनना है कि यह तो बस शुरुआत है। चांदी साल के अंत तक लंबी छलांग लगाएगी। आइए जानते हैं कि दिवाली तक सोने और चांदी का भाव कहां तक पहुंचने की उम्मीद एक्सपर्ट लगा रहे हैं।

### चांदी ने निवेशकों की चांदी कराई

**वित्त वर्ष 2024-25 में रिटर्न?**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | - | 31.37 प्रतिशत |
| चांदी | - | 35.56 प्रतिशत |
| निफ्टी | - | 5.29 प्रतिशत |
| सेंसेक्स | - | 4.96 प्रतिशत |
| बैंक निफ्टी | - | 9.16 प्रतिशत |
| क्रूड ऑयल | - | 13.69 प्रतिशत |

### शेयर बाजार को भी पीछे छोड़ा

**चांदी का भाव 1.25 लाख तक पहुंचने का अनुमान** - सराफा बाजार के विशेषज्ञों का कहना है कि दिवाली तक चांदी की कीमत 1.15 लाख से 1.25 लाख प्रति किलोग्राम पहुंचने का अनुमान है। यह इंडस्ट्रियल और घरेलू मांग में इजाफा के कारण होगा। वहीं सोने का भाव भी दिवाली तक 1.02 लाख प्रति 1. ग्राम तक पहुंचने का अनुमान है। जानकारों को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में चांदी सोने के मुकाबले ज्यादा रिटर्न देगी।

**सोमवार को चांदी हुई थी 1 लाख के पार-** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी 1,000 रुपये उछलकर 1,08,000 रुपये प्रति किलोग्राम के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोना मामूली गिरावट के साथ 97,780 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। इससे पहले, 19 मार्च को चांदी ने अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर 1,03,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंची थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि डॉलर में कमजोर रुख और शुल्क को लेकर अनिश्चितता तथा अमेरिकी ऋण चिंताओं के बीच सुरक्षित निवेश की मांग में वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई।

### मंगलवार को सोने की कीमत 2,800 रुपए घटी

मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर जून वायदा गोल्ड कॉन्ट्रैक्ट की शुरुआत 723 रुपए या 0.74 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 96,397 प्रति 10 ग्राम पर हुई। हाल ही में सोना 99,214 प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर तक पहुंचा था लेकिन अब तक इसमें करीब 2,800 की गिरावट आ चुकी है। इसी तरह चांदी के जुलाई वायदा अनुबंध की कीमतों में भी कमजोरी देखी गई। यह 563 रुपए या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,06,524 प्रति किलोग्राम पर खुला। हालांकि इससे पहले यह1,07,171 प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुका था।

# भारत चीनी निर्यात में बन रहा अग्रणी

### 5.16 लाख टन का किया निर्यात



*__नई दिल्ली।__ भारत ने चालू विपणन वर्ष 2024-25 में छह जून तक 5.16 लाख टन चीनी का निर्यात किया। इसमें से सबसे अधिक 1,18,553 टन चीनी सोमालिया को भेजी गई। व्यापार निकाय एआईएसटीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी।*

चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। भारत में 2024-25 विपणन वर्ष के लिए चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी। निर्यात के लिए कुल 10 लाख टन मात्रा निर्धारित की गई है।

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) के अनुसार, चालू विपणन वर्ष में छह जून तक मिलों ने कुल 5,16,782 टन चीनी का निर्यात किया है। इसमें से सफेद चीनी का निर्यात 4.09 लाख टन, परिष्कृत चीनी का 81,845 टन और कच्ची चीनी का 25,382 टन निर्यात हुआ। करीब 23,219 टन चीनी लदान में है। कुल निर्यात की गई 5,16,782 टन चीनी में से सबसे अधिक 1,18,553 टन सोमालिया को भेजी गई।

इसके बाद 76,401 टन श्रीलंका, 72,833 टन अफगानिस्तान तथा 69,609 टन निर्यात जिबूती को किया गया। एआईएसटीए ने हाल ही में कहा था कि केंद्र सरकार द्वारा चीनी के निर्यात के लिए निर्धारित 10,00,000 टन मात्रा में से 8,00,000 टन तक का निर्यात किया जा सकता है।

# एमएसपी पर सरकार ने जमकर खरीदा गेहूं

### 300 लाख टन के पार, 4 साल में सबसे अधिक खरीद




*__नई दिल्ली।__ सरकार ने इस साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की जमकर खरीद की है। इस साल गेहूं की सरकारी खरीद पिछले साल की तुलना में काफी अधिक हुई है। सरकारी खरीद 300 लाख टन के स्तर को पार कर चुकी है, जिससे लाखों किसानों को फायदा हुआ है।*

बीते कुछ वर्षों से गेहूं की सरकारी खरीद घट रही थी और 300 लाख टन से काफी नीचे रह रही थी। ऐसे में इस साल 4 साल बाद गेहूं की सरकारी खरीद 300 लाख टन के आंकड़े को पार की है। इससे पहले वर्ष 2021-22 में गेहूं की रिकॉर्ड 433 लाख टन खरीद हुई थी। इसके बाद वर्ष 2022-23 में गेहूं उत्पादन घटने के साथ ही इसकी सरकारी खरीद भी घटकर 187 लाख टन रह गई। अब बीते 3 साल से गेहूं का उत्पादन अच्छा होने से इसकी खरीद भी बढ़ रही है। रबी सीजन 2025-26 के लिए गेहूं का एमएसपी 2,425 रुपए प्रति क्विंटल है। केंद्र सरकार के सेंट्रल फूड ग्रेन्स प्रोक्योरमेंट पोर्टल (सीएफपीपी) के मुताबिक रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में अब तक गेहूं की सरकारी खरीद 300 लाख टन (3,00,00,840.31 टन) को पार कर चुकी है। इस साल सरकार ने 312 लाख टन गेहूं की खरीद का लक्ष्य रखा है। गेहूं की खरीद अभी भी जारी है और इसकी खरीद की अंतिम तारीख 30 जून है। पिछले रबी सीजन में सरकार ने करीब 266 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीद की थी। जाहिर है गेहूं की खरीद इस साल अब तक पिछले साल कुल खरीद से करीब 13 फीसदी ज्यादा हो चुकी है। गेहूं की सबसे ज्यादा खरीद पंजाब में की गई है।

सीएफपीपी के आंकड़ों के अनुसार पंजाब से 119.19 लाख टन गेहूं की खरीद हुई है, जो कुल खरीद का करीब 40 फीसदी हिस्सा है। इसके बाद मध्य प्रदेश से 77.53 लाख टन, हरियाणा से 72.06 लाख टन गेहूं की खरीद हुई है। इन तीनों राज्यों की कुल गेहूं खरीद में हिस्सेदारी 90 फीसदी के करीब रही। राजस्थान से 20.60 लाख टन, उत्तर प्रदेश से 10.26 लाख टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई।

# चैटजीपीटी डाउन, लाखों यूजर्स हुए परेशान




*__नई दिल्ली।__ ओपनएआई का एआई चैटबॉट चैटजीपीटी को डाउन हो गया है, जिससे कई देशों में चैटजीपीटी के लाखों यूजर्स इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे अधिक व्यवधान की सूचना दी गई है। कंपनी ने चैटजीपीटी की सर्विस प्रभावित होने को स्वीकार किया है और बताया है कि चैटजीपीटी और इमेज जेनरेशन एआई टूल सोरा पर इसका असर पड़ा है।*

रियल-टाइम मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, चैटजीपीटी के डाउन होने की खबरें यूजर्स द्वारा दोपहर 3.00 बजे के आसपास आना शुरू हो गईं। प्लेटफॉर्म पर लगभग 800 शिकायतें दर्ज की गईं। लगभग 88 प्रतिशत शिकायतों में लोगों ने कहा कि चैटबॉट उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब नहीं दे रहा है। वहीं, 8 प्रतिशत लोगों ने मोबाइल एप के साथ समस्याओं की सूचना दी, जबकि 3 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्हें एपीआई से संबंधित दिक्कतें आ रही हैं। चैटजीपीटी से सवाल पूछे जाने पर यूजर्स को बार-बार कुछ गड़बड़ हो गई है का मैसेज दिखा। कई लोगों ने बताया कि चैटजीपीटी से सवाल पूछने पर नेटवर्क में एरर का मैसेज दिख रहा था। कुछ लोगों को दोबारा ट्राई करने का निर्देश दिया गया।


### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 60 |
| एक यूरो | 98. 39 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 115. 67 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 55. 63 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 98 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-104 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97150 चांदी -103700

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 97150 चांदी -103700

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# भारत में एफडीआई में कोई गिरावट नहीं- गोयल



*__नई दिल्ली।__ वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) में कोई गिरावट की प्रवृत्ति नहीं है, हालांकि आवधिक उतार-चढ़ाव कभी-कभी वैश्विक ब्याज दर में बदलाव के कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत में नए सिरे से विदेशी पूंजी प्रवाह देखने को मिला है। साथ ही सरकार सुझावों के लिए तैयार है और देश में एफडीआई को बढ़ावा देने के लिए नए उपायों को अपनाएगी।*

गौरतलब है कि पिछले 11 वित्त वर्ष (2014-25) में भारत ने 748.78 अरब अमेरिकी डॉलर के एफडीआई को आकर्षित किया, जो पिछले 11 वर्ष (2003-14) में 143 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, एफडीआई के स्रोत देशों की संख्या 2013-14 में 89 से बढ़कर 2024-25 में 112 हो गई, जो भारत की बढ़ती वैश्विक अपील को निवेश गंतव्य के रूप में दर्शाती है।

गोयल ने पत्रकारों से कहा, ''इन आंकड़ों को देखते हुए, मुझे नहीं लगता कि कोई गिरावट की प्रवृत्ति है, समय-समय पर कुछ बदलाव हो सकते हैं और ऐसा अन्य देशों में ब्याज दर चक्रों में बदलाव के कारण होता है। इसलिए यदि कुछ देशों में बॉण्ड प्रतिफल अधिक हो जाता है, तो पैसा उन देशों में प्रवाहित होता है।

# मुंबई में हुई बड़ी डील, 226 करोड़ में बिका एक अपार्टमेंट



**मुम्बई।** पिछले 3 से 4 सालों में देशभर में प्रॉपर्टी की कीमत में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। पहले 30 से 50 लाख में 2बीएचके फ्लैट आसानी से मिल जाते हैं। अब उनकी कीमत 1 करोड़ के पार पहुंच गई है। वहीं लग्जरी प्रॉपर्टी के मार्केट में कीमत तो मायने नहीं रखता। गुरुग्राम से लेकर मुंबई तक में 10 से लेकर 100 करोड़ की प्रॉपर्टी आसानी से बिक रही है। इस बीच एक और बड़ी डील की खबर आई है। सूत्रों के मुताबिक यह प्रॉपर्टी डील मुंबई के वर्ली इलाके में हुई है, जहां एक डुप्लेक्स अपार्टमेंट 226 करोड़ रुपये में बिका है। आदि गोदरेज की बड़ी बेटी से संबंधित निजी रियल एस्टेट फर्म शौला रियल एस्टेट्स ने मुंबई के वर्ली इलाके में करीब 226 करोड़ रुपये में एक डुप्लेक्स अपार्टमेंट खरीदा है।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में लगातार पांचवें महीने गिरावट




*__नई दिल्ली।__ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश में मई 2025 के दौरान 21.66 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।*

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस महीने कुल 19,013 करोड़ का निवेश हुआ, जबकि अप्रैल में यह 24,269 करोड़ रहा था। यह इक्विटी फंड में निवेश में लगातार पांचवां महीना गिरावट का रहा, हालांकि कुल म्यूचुअल फंड उद्योग में शुद्ध प्रवाह लगातार 51वें महीने सकारात्मक बना रहा।

**डेट फंड से निकासी, कुल प्रवाह घटा-** डेट फंड्स में जहां अप्रैल में 2.2 लाख करोड़ का भारी निवेश हुआ था, वहीं मई में इससे विपरीत 15,908 करोड़ की निकासी हुई। इसके चलते म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल निवेश घटकर मई में 29,000 करोड़ रह गया, जो अप्रैल में 2.77 लाख करोड़ था। इसके बावजूद, उद्योग की प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति में बढ़ोतरी हुई। मई के अंत तक कुल 72.2 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो अप्रैल के अंत में 70 लाख करोड़ थी।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
**संपर्क: 6264760614**
**देवेन्द्र : 9993737969**

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


# भारत में 46 करोड़ लोग कर रहे डिजिटल भुगतान का उपयोग




### सरकार की ओर से जारी दस्तावेज में दावा

*नई दिल्ली। भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। सरकार की ओर से जारी एक दस्तावेज में यह बात कही गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली विश्व के विभिन्न देशों से जुड़ गई है।*

दस्तावेज के अनुसार, भारत में हुई डिजिटल भुगतान क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मार्च 2025 में, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग वर्तमान में लगभग 46 करोड़ लोगों और 6.5 करोड़ व्यापारियों की ओर से किया जाता है। सरकार के अनुसार, छोटे से छोटे लेन-देन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत को छोटे या सूक्ष्म भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के बारे में बताया गया है कि मोदी सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और शासन में खामियों को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है। सरकार ने बताया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में डीबीटी और आधार प्रमाणीकरण की शुरूआत से लाखों फर्जी लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें तंत्र से बाहर किया गया है। इससे सरकार को भारी बचत हुई है और नागरिकों को समय पर लाभ मिल रहा है। सरकार के अनुसार, 2015 से मार्च 2023 के बीच केंद्र ने डीबीटी के माध्यम से लाभ वितरण के कारण 3.48 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है।

दस्तावेज के अनुसार पिछले 11 वर्षों के दौरान करोड़ों परिवारों को बैंक खाते, बीमा सहित कुछ सबसे बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच मिली है। जानकारी के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में 55.22 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य में नहीं होने से किसान आंदोलित

## जबलपुर में पनागर, शहपुरा, पाटन और मझौली में ट्रेक्टर पर सवार होकर पहुंचे किसान, जमकर हुई नारेबाजी






**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के साथ सिवनी और नरसिंगपुर अन्य जिलों में मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं होने से किसान सड़क पर है। मंगलवार को जिले की चार अलग-अलग तहसील मुख्यालयों में बड़ी संख्या में ट्रेक्टर पर सवार होकर किसानों ने पहुंचकर प्रदर्शन किया। यहां यह बात ध्यान देने वाली है कि इसमें अस्सी फीसदी सत्ता दल समर्थित किसान संघ के किसान शमिल रहे। सिवनी, नरसिंगपुर में भी प्रदर्शन हुये।

कई दिनों से किसान संघ ने प्रदेश स्तर उक्त मुद्दे को उठाया है। इसमें प्रमुख रूप मूंग को समर्थन मूल्य में खरीदने की बात शामिल है, कुछ किसान उड़द को भी समर्थन मूल्य में नहीं खरीदने का मामला उठा रहे हैं। जिले की पाटन, मझौली, शहपुरा और पनागर में व्यापक प्रदर्शन हुये और किसानों इसके समर्थन में नारेबाजी भी की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी बड़ी संख्या में तैनात किया गया था।

### तपती धूप में किसानों ने रखी बात

भारी गर्मी व तपती दोपहरी में भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत तहसील मुख्यालयों पर आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल हुए किसानों ने प्रदेश सरकार व प्रशासन की नींद उड़ाकर रख दी। प्रदर्शन में किसानों ने मुखर होकर खेती किसानी में आ रही समस्याओं को लेकर जमकर कोसा। मूंग उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग को लेकर शुरू हुए आंदोलन में किसान अब सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की मांग सरकार से करने लगे हैं।

किसान संघ के प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा जिन फसलों के समर्थन मूल्य घोषित किये गए हैं। सरकार को उस मूल्य पर मंडी के बाहर या मंडी के अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करनी होगी। किसानों ने अपनी समस्याओं व मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुभागीय अधिकारियों को सौंपा।

### तहसील में हुए प्रदर्शन से सरकार की उड़ी नींद

भारतीय किसान संघ के प्रदेश स्तरीय आंदोलन में शामिल हुए किसानों की भारी संख्या ने सरकार व प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। प्रशासनिक स्तर पर किसानों की समस्याओं व कृषि योजनाओं को लेकर समीक्षा करने की बात कही जा रही है। किसान संघ के तहसील मुख्यालयों में हुए धरना, प्रदर्शन व ज्ञापन की पल पल की जानकारी लोकल इंटेलीजेंस से मांगी गई है।

### ये हुए शामिल

जबलपुर की सभी तहसीलों में आयोजित धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओम नारायण पचौरी, प्रांत उपाध्यक्ष मोहन तिवारी, जिलाध्यक्ष रामदास पटेल, पाटन तहसील अध्यक्ष मुकुल पचौरी, मंझोली तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र पटेल, शहपुरा तहसील अध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, पनागर तहसील अध्यक्ष जितेंद्र पटेल, कुंडम तहसील अध्यक्ष सतीश झारिया, अभय प्रताप सिंह, धनंजय पटेल, पुखराज सिंह चंदेल, धरम पटेल, सुनील पटेल, दामोदर पटेल, दिनेश पटेल, भरत पटेल, रीतेश पटेल, भानु पटेल, रीतेश पचौरी, राजेश पटेल, समनू यादव, मुन्ना सिंह मरावी, बृजलाल सहित सैकड़ों गांवों के किसान बंधु शामिल हुए।

### ट्रैक्टर रैली निकाल किसानों ने जताया रोष

जबलपुर जिले की पाटन, शहपुरा, पनागर, मंझोली तहसील में किसान धरना प्रदर्शन में ट्रैक्टर लेकर पहुंचे। रैली में ट्रैक्टर लेकर चल रहे किसान अभय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश भर में किसान सरकार की नीतियों से दुखी है। धान गेंहू खरीदी में जारी घोटाले, भुगतान की समस्या, नकली खाद, बीज, कीटनाशक आदि के कारण किसान पीड़ित है।

# पारा 43 डिग्री पर पहुंचने को तैयार, गर्मी से हर तरफ हाय तौबा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में गर्मी के तेवर अपना असर दिखा रहे हैं। धूप और तापमान से लोग बेचैन हैं। गर्मी की तीव्रता का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक पल के लिये भी कूलर, पंखा और एसी के लोग नहीं रह पा रहे हैं। गरम हवाओं का असर तक रात आठ बजे तक महसूस किया जा रहा है। गर्मी से राहत पाने अब लोग नर्मदा के तटों और दूसरे जलाशयों का सहारा ले रहे हैं।

### तपन से बचने लोग नर्मदा और दूसरे जलाशयों का ले रहे सहारा

इधर जिस तरह अभी नौ-तपा के बाद गर्मी पड़ रही है, उसके बाद लोग कह रहे हैं कि यह तो दस तपा से अधिक गर्मी है। अब लोगों को मानसून की बारिश की इंतजार है। इसी के बाद उमस भरी गर्मी और लू के थपेड़ों से निजात मिल सकती है। मौसम के कारण पूरे दिन बाजारों और दूसरे सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की आवाजाही पर विराम लग जाता है।

इससे कारोबारी परेशान हैं। अकेले फुहारा, सराफा, अंधेरदेव , गंजीपुरा ही नहीं बल्कि उपनगरीय क्षेत्र के आधारताल, सदर, गढ़ा, गोरखपुर, रांझी के बाजारों की स्थिति कमोवेश एक समान है। यहां पर भी दिन के समय दुकानदारी चौपट है। खरीददार देखने को नहीं मिल रहे हैं। इससे व्यापारियों की परेशानी को समझा जा सकता है।




जबलपुर में 10 जून को अधिकतम तापमान 42.5 जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक एवं न्यूनतम तापमान 27.0 एवं बीते साल 39.4 और 26.1 डिग्री सेल्सियस आंका गया था। हवाएं सात से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। अभी जिस तरह का मौसम का मिजाज है उसके बाद कहा जा रहा है कि जल्द लोगों को गर्मी से राहत नहं मिलेगी।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अगले कुछ दिनों इसी तरह का मौसम बना रहेगा। जब तक केरल की तरफ से आने वाले मानसून प्रदेश में सक्रिय नहीं होगा तब तक गर्मी और धूप से राहत मिलने की संभावना छोड़ देनी चाहिये।

# 15 दिन में खराब हो गए 4 हजार स्मार्ट मीटर

## अब थमाया जा रहा एवरेज बिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोगों के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटर भीषण गर्मी नहीं झेल पा रहे है। पिछले 15 दिनों में 100-200 नहीं बल्कि 4 हजार स्मार्ट मीटर खराब हो गए है। स्मार्ट मीटर खराब होने के चलते अब लोगों को विद्युत मंडल द्वारा एवरेज बिल थमाया जा रहा है। वहीं अधिकारी यह कहते नजर आ रहे है कि जल्द ही नए मीटर लगा दिए जाएगें। बताया जाता है कि पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अभियान चलाकर लोगों के घरों में जबरन स्मार्ट मीटर लगाए गए। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद उपभोक्ताओं द्वारा शुरु से यही कहा जा रहा है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अधिक बिल आ रहा है। इसके बाद भी अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की एक न सुनी और धड़ल्ले से लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए। अब यही स्मार्ट मीटर भीषण गर्मी नहीं झेल पा रहे है। शहर में करीब 4 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर खराब हो गए है। जिसकी खबर जब अधिकारियों तक पहुंची तो उन्होने कहा कि यह स्टॉक ही डिफेक्टिव आया है, जल्द ही नए मीटर लगा दिए जाएगें। जानकारों की माने तो कूलर व एसी के उपयोग से बिजली का लोड बढ़ ही है साथ ही धूप व गर्मी भी स्मार्ट मीटर नहीं झेल पा रहे है। उपभोक्ताओं ने मीटर खराब होने की शिकायत पूर्व विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी सहित सिटी सर्किल कार्यालय में भी की, जिसपर कहा गया कि तीन दिन में स्मार्ट मीटर बदल दिए जाएगे लेकिन एक सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत चुका है अभी तक मीटर नहीं बदले गए है। इसके साथ ही लोगों को अब एवरेज बिल थमाए जा रहे है।



# बांधवगढ़ में 12 हाथियों को मिला यूनिक आईडी नंबर

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगली हाथियों की पहचान के लिए एक नई पहल शुरू की गई है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन अब हाथियों की विशेष आईडी बना रहा है। इससे हाथियों की सटीक संख्या और उनके झुंड की जानकारी मिल सकेगी। रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों की 139 बीटों में हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

हाथी विशेषज्ञ मौके पर जाकर हाथियों के सिर, कान, पूंछ और पीठ की तस्वीरें लेते हैं। इन तस्वीरों के आधार पर आईडी बनाई जाती है। हाथियों को ई-1 से शुरू होने वाले नंबर दिए जा रहे हैं।

विशेषज्ञ जंगल में प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) की अनुमति से जा रहे है। इस नई व्यवस्था से हाथियों की निगरानी और पहचान आसान हो जाएगी।

साथ ही उनके मूवमेंट की जानकारी भी प्रबंधन के पास रहेगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 2018 के बाद से जंगली हाथियों की मूवमेंट बढ़ी है। लगातार टाइगर रिजर्व और टाइगर रिजर्व से जुड़े हुए क्षेत्र में जंगली हाथी पहुंचते हैं।

# स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर युवक की मौत

## ग्रामीणों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बेपटरी होती जा रही हैं। ग्रामीणों ने यह आरोप पाटन स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर एक युवक की मौत के बाद लगाया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कथित तौर पर इलाज में लापरवाही के चलते युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा हैं कि पाटन स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज न मिलने के कारण सोमवार को एक युवक की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में काफी गुहार लगाने के बावजूद युवक का इलाज नही किया गया। ग्रामीणों को आरोप हैं कि अस्पताल में मौजूद चिकित्सक और स्टाफ ने एक तो गुहार लगाने के बाद भी उपचार नहीं किया उल्टे बीमार युवक को अस्पताल से बाहर कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस ने युवक को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था। युवक की मौत की खबर लगते ही अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया हैं।



बताया गया है कि पाटन क्षेत्र में कुछ दिनों से एक युवक इधर-उधर घूम रहा था। सोमवार सुबह करीब दस बजे युवक कृषि उपज मंडी के पास बेहोशी की हालत में पड़ा देखा गया, जिसपर स्थानीय लोगों ने डॉयल-100 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पाटन स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया। कुछ देर बाद ही अस्पताल के कर्मचारियों ने युवक को बाहर कर दिया। युवक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर सड़क किनारे पड़ा रहा और इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत को लेकर स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया था। इसके बाद युवक को बिना इलाज के ही बाहर कर दिया। पुलिस अब यह पता करने में जुटी है कि युवक कौन है कहां से आया है। पुलिस का कहना है कि युवक के पास से ऐसा कुछ नहीं मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। इस मामले में स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि युवक का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। युवक को जब पलंग पर बैठने के लिए कहा गया तो वह दौड़कर बाहर आ गया था, कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 104
मुर्गा मीडियम - रु. 98
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 88
मो.-9039925000, 9425800409

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 94
छोटा ब्रॉयलर - रु. 100
मोबाइल नं. 9300692405

# ट्राला ने मारी स्कॉर्पियो को टक्कर


## दो महिला सहित तीन की मौत, पांच गंभीर



**कटनी, देशबन्धु।** एनजेके थानान्तर्गत खुरखी मोड में दरम्यानी रात ट्राला व स्कॉर्पियो गाड़ी में सीधी भिड़ंत हो गयी। इस घटना में स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार एक ही परिवार की दो महिला सहित तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी। इसके अलावा पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्कॉर्पियो सवार कोल परिवार शहडोल में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर लौट रहा था,तभी उनके साथ यह हादसा घटित हुआ। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है,जिसमें से एक की हालत गंभीर बताई जाती है।

एनजेके थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार रात लगभग 12.15 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 78 स्थित खुरखी मोड में घटना घटित हुई। स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 21 सीबी 1562 में सवार होकर कोल परिवार शहडोल में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। सुरखी मोड में सामने से आ रहे ट्राला क्रमांक एचआर 47 जी 4675 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कॉर्पियो को सामने से टक्कर मार दी।

इस घटना में स्कॉर्पियो में सवार हेमा कोल पिता विजय कोल उम्र 32 साल निवासी ग्राम बरछेका,राधा कोल पिता गोकुल कोल उम्र 17 साल निवासी रूपोंध तथा मिलन कोल पिता परनामी कोल उम्र 50 साल की मौत हो गयी। इसके अलावा प्रहलाद कोल उम्र 35 साल निवासी मझौली,श्रीराम उम्र 32 साल निवासी सीधी,गोकुल कोल उम्र 40 साल निवासी रूपोंध,अच्छे लाल कोल उम्र 18 निवासी कटनी तथा नंदनी कोल गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा भी जानकारी मिलने पर घटनास्थल में पहुँच गये थे।



इस घटना में ट्राला चालक को भी चोटें आई है और वह स्टेरिंग में फंस गया था। पुलिस टीम ने उसे बाहर निकालते हुए उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
WEDNESDAY offer Flat 90/- condition apply
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA +917999968989
WEDNESDAY OFFER IS NOT VIALD HOURSFULL-5 MOVIE
HOUSEFULL-5: 09:30am 10:30am 11:30am 12:45pm 02:00pm 03:15pm 04:15pm 05:15pm 06:15pm 07:15pm 08:15pm 09:15pm 10:15pm 11:15pm
BHOOL CHUK MAAF: 02:30pm 07:30pm
THUG LIFE: 10:00PM
FINAL DESTINATION: 01:00PM
RAID-2: 05:00pm
MISSION IMPOSSIBLE: 10:00AM

# उमरिया में कार-बाइक की टक्कर

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे पर कमला नर्सिंग होम के पास कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़ागांव निवासी 30 वर्षीय पूरन लाल बैगा के रूप में हुई।

रविवार की रात पूरन हार्डवेयर की दुकान से काम कर घर लौट रहे थे। इस दौरान कार (एमपी 18 जेड डी 1434) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सोमवार को पूरन के शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। कार चालक घटना के बाद गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी पाली मदनलाल मरावी के मुताबिक कार चालक की तलाश जारी है।



NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
● हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) ● न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) ● यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) ● शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) ● हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) ● छाती रोग ● नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) ● स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) ● नेत्र रोग ● शिशु रोग
28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान